

24:11:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 318 | epaper.rashtriyakhabar.com | कार्तिक, शुक्लपक्ष द्वादशी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।

मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

भावार्थ :हे राजन! सत्य द्वारा धर्म की रक्षा होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास द्वारा, रूप की रक्षा उबटन-मार्जन द्वारा तथा कुल की रक्षा सद्वृत्ति-सदाचरण से होती है।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 27.00 °c | 15.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .01 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06 .08 बजे

## नौसेना दिवस समारोह में शामिल होंगे मोदी

**सिंधुदुर्ग:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी चार दिसंबर को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग किले में भारतीय नौसेना दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस मौके पर श्री मोदी मालवण-राजकोट में बनी छत्रपति शिवाजी की भव्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे। उन्होंने भारतीय नौसेना के निर्माण में छत्रपति शिवाजी के योगदान को ध्यान में रखते हुए सिंधुदुर्ग किले में यह समारोह मनाये जाने के निर्देश दिये हैं। सिंधुदुर्ग के मालवन-राजकोट समुद्री तट पर छत्रपति शिवाजी की 43 फीट की प्रतिमा बनायी गयी है। साथ ही, शिवाजी के जीवन और उपलब्धियों को दर्शाती एक आर्ट गैलरी भी बनायी गयी है। कार्यक्रम में नौसेना के विभिन्न युद्धपोत भाग लेंगे। इस दिन का जश्न मनाने वाले कार्यक्रम तारकर्ली और मकवन बीच पर भी आयोजित किए जाएंगे। विदेशी नौसेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी और देश विदेश के गणमान्य व्यक्ति विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि सिंधुदुर्ग किला 17वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी ने बनवाया था।

## यूक्रेन के हमले में मारी गयी रूसी अभिनेत्री

**मास्को:** रूसी सैन्य अवकाश के मौके पर कार्यक्रम पेश कर रहीं अभिनेत्री पोलिना मेन्शिख की यूक्रेन के हमले में निधन हो गया है। अभिनेत्री रूस अधिकृत यूक्रेन के क्षेत्र के एक डांस हॉल में 19 नवंर को रूसी सैन्य अवकाश मनाने के लिए एक शो कार्यक्रम पेश कर रही थीं। इस दौरान हुए हमले में वह घायल हो गयीं और बाद में उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, 19 नवंबर को हमले के दौरान मेन्शिख रूसी सैन्यों के लिए प्रस्तुति दे रही थीं। हमले के दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड हुआ है, जिसमें अभिनेत्री मंच पर गाते और गिटार बजाती हुई दिखाई देती हैं। उसी दौरान एक विस्फोट हुआ और हॉल की रोशनी बुझ जाती है। इस हमले में घायल सुश्री मेन्शिख बाद में अस्पताल में निधन हो गया। यूक्रेनी सेना के प्रवक्ता ने हमले की मीडिया रिपोर्टिंग की पुष्टि की है। अभिनेत्री से जुड़े संट पीटर्सबर्ग स्थित एक थिएटर स्टूडियो पोर्टल ने बताया गया कि उनके द्वारा पहले निर्देशित एक नाटक का आगामी प्रदर्शन उनकी स्मृति को समर्पित किया जाएगा।

## हंगामे के कारण ओडिसा विस की कार्यवाही स्थगित

**भुवनेश्वर:** ओडिशा विधान सभा में आदिवासी भूमि बिक्री मुद्दे पर विपक्षी भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के लगातार दूसरे दिन हंगामे के कारण गुरुवार को अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही शाम चार बजे तक स्थगित कर दी। सदन में विपक्ष दलों के हंगामे के कारण पहले सत्र में आज कोई कामकाज नहीं हो सका। विधानसभा अध्यक्ष प्रमिला मलिक ने आज सदन की कार्यवाही को शाम चार बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सदन में विपक्षी सदस्य सरकार से आदिवासियों की जमीन गैर-आदिवासियों को बेचने की अनुमति देने के कदम को पूरी तरह वापस लेने की मांग कर रहे थे।

## कश्मीर में बारिश और हिमपात के आसार

**श्रीनगर:** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के ऊंचे इलाकों में गुरुवार को कमजोर पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) के कारण हल्की बारिश या हिमपात होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के ऊंचे इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान बहुत हल्की वर्षा या हिमपात होने और मैदानी इलाकों में आमतौर पर मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। कश्मीर संभाग में हालांकि कई स्थानों पर 28 नवंबर तक हल्का से मध्यम कोहरा जारी रहने के अनुमान हैं। कई स्थानों पर आंशिक रूप से बादल छाए रहने और जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश या हिमपात के आसार हैं। वहीं 24 से 26 नवंबर तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहने और 27 से 28 नवंबर तक बादल छाए रहने के आसार हैं। इसके अलावा, 29-30 नवंबर को अलग-अलग ऊंचे स्थानों पर हल्की बारिश या हिमपात का अनुमान है, जबकि एक से तीन दिसंबर से आमतौर पर बादल छाए रहने के आसार हैं।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**खरी-खरी** › पहली बार खुलकर बयान दिया पश्चिम बंगाल की सीएम ने

# ममता की छांव में अब महुआ मोइत्रा

- पार्टी की बैठक में मंच से कहा
- अडाणी से अलगाव स्पष्ट हो गया
- इंडिया गठबंधन को भी सीधा संदेश



**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहली बार खुलकर अपने सांसद महुआ मोइत्रा के पक्ष में बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि दरअसल असली साजिश संसद से महुआ को भगाने की है। इस बयान से देश के साथ साथ पूरे संगठन तक ममता बनर्जी ने अपना संदेश साफ साफ पहुंचा दिया। जब महुआ को लेकर विवाद शुरू हुआ तो एक पार्टी के तौर पर तृणमूल उनके साथ नहीं खड़ी हुई। कुणाल घोष ने डेरेक ओ ब्रायन से सीधे कहा, यह महुआ की अपनी लड़ाई है। उन्हें यह लड़ाई लड़नी होगी। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा को लेकर विवाद अक्टूबर के मध्य में शुरू हुआ था। तब से तृणमूल लगभग चुप थी। आखिरकार पार्टी नेता ममता बनर्जी कृष्णानगर से सांसद का नाम लेकर उनके साथ खड़ी हुईं। गुरुवार को नेताजी इनडोर स्टेडियम में पार्टी की संगठनात्मक बैठक के मंच से ममता ने कहा, उनकी (बीजेपी की) योजना अब महुआ को भगाने की है। संसद का कार्यकाल खत्म होने में तीन महीने बचे हैं। महुआ जो भीतर कहती थी, वही इस बार बाहर कहेगी। चुनाव से तीन महीने पहले कोई ऐसा करता है जब तक कि वह मूर्ख न हो।

महुआ पर आरोप है कि उन्होंने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से रिश्वत को लेकर संसद में अडाणी औद्योगिक समूह के खिलाफ सवाल उठाए थे। उस सवाल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अडाणी के साथ लपेटे में आये। लोकसभा की आचार समिति ने रिश्वत के बदले सवाल के आरोप के आधार पर महुआ की जांच की। इसके बाद समिति ने स्पीकर को सिफारिश भेजी कि महुआ का सांसद पद बर्खास्त कर दिया जाए। इसे संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन लोकसभा में उठाया जा सकता है। यह प्रस्ताव लोकसभा में बहुमत से पारित होगा। यानी इस बात की प्रबल संभावना है कि महुआ का सांसद पद खारिज हो जायेगा।

डेढ़ सप्ताह पहले तृणमूल में संगठनात्मक फेरबदल हुआ था। वहीं देखा जा सकता है कि कृष्णानगर से सांसद महुआ को कृष्णानगर संगठनात्मक जिले के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। उससे ठीक पहले एक सवाल के जवाब में तृणमूल के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी महुआ के पक्ष में खड़े हुए थे और कहा था कि महुआ ही उस लड़ाई को लड़ने के लिए काफी है। इसके तुरंत बाद महुआ को संगठनात्मक पद दिया गया। ताकि महुआ खुद संतुष्ट हो जाए। क्योंकि, उस नियुक्ति में उनका पार्टी के प्रति सकारात्मक संदेश था। तृणमूल के अंदरूनी सूत्रों का मानना है कि गुरुवार को पार्टी नेतृत्व के सामने ममता महुआ के साथ खड़ी रहीं।

महुआ ने नरेंद्र मोदी की अडाणी से दोस्ती पर उठाए सवाल। गौरतलब है कि मंगलवार को विश्व बंगाल व्यापार सम्मेलन से ममता ने महत्वपूर्ण अंदाज में घोषणा की कि ताजपुर समुद्री बंदरगाह के लिए कोई भी कंपनी टेंडर डाल सकती है। पिछले साल सितंबर में, राज्य सरकार ने घोषणा की थी कि ताजपुर में एक समुद्री बंदरगाह के निर्माण के लिए दो निविदाएं प्रस्तुत की गई हैं। गौतम अडाणी की संस्था ने इसका हवाला ›› शेष पेज 2 पर

सुबह तक निकाले जा सकते हैं मजदूर

## उत्तरकाशी में बचाव अभियान युद्धस्तर पर अब भी जारी



**राष्ट्रीय खबर**

**देहरादून:** उत्तरकाशी में सिल्क्यारा सुरंग में बचाव प्रयास अंतिम चरण में पहुंच गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वे आज फंसे हुए 41 श्रमिकों तक पहुंच जाएंगे। मजदूर 12 नवंबर से फंसे हुए हैं जब सिल्कयारा से बरकोट तक निमार्णाधीन सुरंग सिल्कयारा की ओर 60 मीटर की दूरी में मलबा गिरने के कारण अवरुद्ध हो गई थी। बचावकर्मी कथित तौर पर फंसे हुए समूह से केवल 12 मीटर की दूरी पर हैं। एम्बुलेंस तैयार हैं और स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में एक विशेष वार्ड तैयार रखा गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने बुधवार को कहा कि उत्तरकाशी की सिल्कयारा सुरंग में जो बचाव अभियान चल रहा है, जहां 41 कर्मचारी फंसे हुए हैं, एक युद्ध की तरह है और ऐसी कोई विशिष्ट समयसीमा नहीं माननी चाहिए। जिस तरीके से काम चल रहा है उससे उम्मीद बंधी है कि कल सुबह तक यहां से अच्छी सूचना मिलेगी। एनडीएमए सदस्य ने कहा कि यह ऑपरेशन बिल्कुल युद्ध की स्थिति की तरह है जहां दुश्मन की चाल के बारे में अंदाजा लगता रहता है। उन्होंने आगे बताया कि इस ऑपरेशन में हिमालयी भूविज्ञान दुश्मन है। दूसरी तरफ नई दिल्ली में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, श्री सैयद अता हसनैन ने कहा, कई विशेषज्ञ राय दे रहे हैं कि उन्हें आज शाम, कल सुबह बचाया जा सकता है, लेकिन याद रखें कि ये ऑपरेशन एक युद्ध की तरह हैं। इन परिचालनों को कोई समयसीमा नहीं दी जानी चाहिए। युद्धों में, हम नहीं जानते कि दुश्मन कैसे प्रतिक्रिया देगा। एक अधिकारी ने कहा कि उत्तरकाशी की सिल्कयारा सुरंग ›› शेष पेज 2 पर

भारत के पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम और मणिपुर में स्थिति तनावपूर्ण

## म्यांमार के सैनिकों को हथियार सरेंडर करने होंगे

- आर्थिक नाकेबंदी से जनजीवन प्रभावित
- आदिवासी संगठनों की आंदोलन की चेतावनी
- म्यांमार के सैनिक को 10 साल की जेल की सजा

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी :** पड़ोसी देश म्यांमार में चल रही उथल-पुथल के बीच, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने भारत-म्यांमार सीमाओं पर सुरक्षा बलों को मजबूत किया है। म्यांमार संकट पर मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह कहते हैं, ह्यहमने अपने सुरक्षा बलों को अपनी सीमाओं पर मजबूत किया है, और हम न केवल असम राइफल्स बल्कि राज्य सुरक्षा बलों, बीएसएफ और सीआरपीएफ को तैनात किया गया है।मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले कुछ दिनों से सीमा के पास म्यांमार की ओर म्यांमार सेना और प्रतिरोध समूह के बीच झड़पों की खबरों के मद्देनजर भारत-म्यांमार सीमा पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया है।

राज्य में ताजा हिंसा की घटना पर मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह का कहना है, पहले से गढ़े गए घरों को नष्ट करना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब, हमने सुरक्षा प्रदान की है और पुनर्निर्माण फिर से शुरू किया जाएगा। पिछले 1-2 महीनों में, 1-2 घटनाओं को छोड़कर राज्य के अधिकांश हिस्सों में सामान्य रूप से बहाल कर दिया गया है। हम इन कृत्यों की निंदा करते हैं। हमें मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

हालांकि, भारत के पड़ोसी म्यांमार में 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद से लोकतंत्र की बहाली की मांग को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। चिन राज्य के सीमावर्ती इलाकों में विद्रोही समूहों और जुंटा सेना के बीच हालिया लड़ाई के बाद भारत के पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम और उससे सटे मणिपुर में स्थिति ›› शेष पेज 2 पर

### आईएसआईएस जबलपुर मॉड्यूल मामले में आरोप पत्र

**नई दिल्ली :** एनआईए ने जबलपुर आईएसआईएस मॉड्यूल मामले के गिरफ्तार चार आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया। एनआईए ने इस मामले में मई महीने में तीन आरोपियों सैयद ममूर अली, मोहम्मद आदिल खान और मोहम्मद शाहिद को गिरफ्तार किया था। एक अन्य आरोपी कासिफ खान को बाद में अगस्त में गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि ये सभी सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से वर्ग विशेष के युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश से जुड़े थे। अब तक की जांच से ये खुलासा हुआ है कि सभी आरोपी प्रतिबंधित संगठन आईएसआईएस की विचारधारा से प्रभावित थे। सभी आरोपी देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रमुख नेताओं को निशाना बनाने की साजिश में शामिल थे। सभी आरोपी स्थानीय धार्मिक स्थानों पर मीटिंग कर अपनी साजिशों को अंजाम देने की दिशा में काम करने के प्रयास में थे।



## आईडीएफ ने कई डाक्टरों को किया गिरफ्तार



**एजेंसियां**

**गाजा पट्टी:** इजरायली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा पट्टी के सबसे बड़े मेडिकल कॉम्प्लेक्स अल-शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेल्मिया और कुछ अन्य डॉक्टरों को गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल के एक डॉक्टर और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है। अल जजीरा चैनल ने रिपोर्ट में बताया कि अल शिफा अस्पताल के निदेशक डॉ सेल्मिया, कई अन्य वरिष्ठ डॉक्टरों, अस्पताल के एक विभाग प्रमुख खालिद अबू समरा के साथ गिरफ्तार किया गया है। इनकी सभी गिरफ्तारी की रिपोर्ट इजरायली ब्रॉडकास्टिंग अथॉरिटी द्वारा दी है। इसके अलावा अस्पताल निदेशक सेलेम्या के चचेरे भाई अधम अबू सेलेम्या ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में इसकी पुष्टि की गई थी। अल जजीरा ने दक्षिणी गाजा से रिपोर्टिंग में बताया कि अल-शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के निदेशक डॉ सेल्मिया को इजरायली कब्जे वाली सेना ने गिरफ्तार कर लिया है और इससे पहले भी, दो फिलिस्तीनी पैरामेडिक्स को आईडीएफ ने गिरफ्तार किया था। यह स्पष्ट तौर पर दिखाई दे रहा है कि गाजा पट्टी के अंदर कोई सुरक्षित नहीं है। गाजा में न ही चिकित्साकर्मी, नागरिक सुरक्षा दल या यहां तक कि पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है। हमले आम नागरिक ठिकानों पर भी हो रहे है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह अस्पताल पर छापा मारने वाली इज़रायली सेना ने आरोप लगाया है कि हमास लड़ाकों ने हमले करने के लिए अस्पताल के नीचे बनी सुरंग का इस्तेमाल किया था। हमास और अस्पताल के अधिकारियों ने हालांकि बार-बार आईडीएफ के दावों का खंडन किया है। इस बीच गुरुवार को गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक मुनीर अल-बुर्श ने कहा कि इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा में नागरि सुविधा वाले इंडोनेशियाई समर्थित अस्पताल को खाली करने के लिए लोगों को कुछ ही घंटों का समय दिया है। उन्होंने कहा कि कल लगभग 450 मरीजों को निकाले जाने के बाद अस्पताल में लगभग 200 मरीज अभी भी है। हालांकि असप्ताल के आसपास के क्षेत्र में हर तरफ से बमबारी जारी है। इससे पहले बुधवार को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना ने अल-शिफा अस्पताल से 190 घायल और बीमार मरीजों को दक्षिण की ओर ले जा रहे एम्बुलेंस के एक काफिले को रोका जिससे गंतव्य तक पहुंचने में लगभग 20 घंटे लग गए।

**खुलासा** › दिमागी संरचना को समझना शायद अब आसान होगा

# ए आई ने जटिल जाल को खुद विकसित किया

- अपनी सोच को खुद ही विकसित किया
- निरंतर सुधार की प्रकिया नजर आयी
- यह दिमाग का हाल स्क्रीन पर बतायेगा



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** दिमाग एक ऐसा अंग है, जिसके बारे में विज्ञान अब तक बहुत कम जान पाया है। दरअसल उसकी संरचना इतनी नाजुक पर जटिल है कि उसमें जरा सी छेड़छाड़ सबकुछ गड़बड़ कर सकती है। इस दिशा में अलग अलग प्रयोग जारी होने के बीच अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इसपर नई राह दिखायी है। कैम्ब्रिज के वैज्ञानिकों ने दिखाया है कि कृत्रिम रूप से बुद्धिमान प्रणाली पर भौतिक बाधाएँ डालने से - ठीक उसी तरह जैसे मानव मस्तिष्क को भौतिक और जैविक बाधाओं के भीतर विकसित और संचालित होना पड़ता है - यह जटिल जीवों के मस्तिष्क की विशेषताओं को क्रम में विकसित करने की अनुमति देता है कार्यों को हल करने के लिए?

चूंकि मस्तिष्क जैसे तंत्रिका तंत्र खुद को व्यवस्थित करते हैं और संबंध बनाते हैं, इसलिए उन्हें प्रतिस्पर्धी मांगों को संतुलित करना होता है। उदाहरण के लिए, भौतिक स्थान में नेटवर्क को विकसित करने और बनाए रखने के लिए ऊर्जा और संसाधनों की आवश्यकता होती है, साथ ही सूचना प्रसंस्करण के लिए नेटवर्क को अनुकूलित करने की भी आवश्यकता होती है। यह आदान-प्रदान प्रजातियों के भीतर और विभिन्न प्रजातियों के सभी दिमागों को आकार देता है, जो यह समझाने में मदद कर सकता है कि कई दिमाग समान संगठनात्मक समाधानों पर क्यों जुटते हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में मेडिकल रिसर्च काउंसिल कॉग्निशन एंड ब्रेन साइंसेज यूनिट (एमआरसी सीबीएसयू) के गेट्स स्कॉलर जस्चा अचटरबर्ग ने कहा, मस्तिष्क न केवल जटिल समस्याओं को हल करने में महान है, बल्कि यह बहुत कम ऊर्जा का उपयोग करते हुए ऐसा करता है। हमारे में नया काम हम दिखाते हैं कि जितना संभव हो उतना कम संसाधन खर्च करने के लक्ष्य के साथ-साथ मस्तिष्क की समस्या सुलझाने की क्षमताओं पर विचार करने से हमें यह समझने में मदद मिल सकती है कि दिमाग वैसा क्यों दिखता है।

एमआरसी सीबीएसयू के सह-प्रमुख लेखक डॉ. डेनियल अकरका ने कहा, यह एक व्यापक सिद्धांत से उपजा है, जो यह है कि जैविक प्रणालियाँ आम तौर पर उनके पास उपलब्ध ऊर्जावान संसाधनों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए विकसित होती हैं। वे जो समाधान लाते हैं अक्सर बहुत सुंदर होते हैं और उन पर थोपी गई विभिन्न ताकतों के बीच व्यापार-विरोध को दर्शाते हैं। नेचर मशीन इंटेलिजेंस में प्रकाशित एक अध्ययन में, एचटरबर्ग, अकरका और उनके सहयोगियों ने मस्तिष्क के एक बहुत ही सरलीकृत संस्करण को मॉडल करने और शारीरिक बाधाओं को लागू करने के उद्देश्य से एक कृत्रिम प्रणाली बनाई। उन्होंने पाया कि उनका सिस्टम मानव मस्तिष्क में पाए जाने वाले समान कुछ प्रमुख विशेषताओं और युक्तियों को विकसित कर रहा है। वास्तविक न्यूरॉन्स के बजाय, सिस्टम ने कम्प्यूटेशनल नोड्स का उपयोग किया। न्यूरॉन्स और नोड्स कार्य में ›› शेष पेज 2 पर

## घूस में हवाई जहाज लिया पकड़े गये अब निलंबित



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** सरकार ने रिश्वतखोरी के आरोपों के बाद बुधवार को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी अनिल गिल को निलंबित कर दिया, जिसमें उड़ान स्कूलों से तीन प्रशिक्षण विमान स्वीकार करना और फिर उन्हें सालाना 90 लाख रुपये में पट्टे पर देना शामिल था। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने श्री गिल के निलंबन की घोषणा करने वाले सरकारी आदेश पर एक बयान में कहा कदाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस है। ऐसे किसी भी मुद्दे से हमेशा कानून के अनुसार सख्त कदम उठाए जाएंगे।

पता चला है कि यह अधिकारी डीजीसीए में उड़ान प्रशिक्षण के प्रभारी थे, और एक अज्ञात व्हिसलब्लोअर की शिकायत के बाद उन्हें एक अलग विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया था। व्हिसलब्लोअर ने अपनी शिकायत में, जिसकी प्रति अब सार्वजनिक हो चुकी है, में विस्तार से बताया कि कैसे श्री गिल ने कथित तौर पर निरीक्षण और दुर्घटनाओं के बाद सख्त दंड के साथ उड़ान प्रशिक्षण संगठनों को ब्लैकमेल किया, और दूसरी तरफ देखने के ›› शेष पेज 2 पर

आयोजन

## योजनाओं का लाभ देने के फिर हेमन्त सरकार आपके द्वार

# मुख्यमंत्री बरहेट के कार्यक्रम में होंगे शामिल

- 4,351 पंचायत में लगेगा शिविर
- तीसरी बार हो रहा आयोजन
- करेंगे जिलों का भ्रमण



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** लोगों के अधिकारों के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारभ हुआ था। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 24 नवम्बर को साहेबगंज के बरहेट स्थित गोपलाडीह से पंचायत स्तरीय आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम शुरू करेंगे। यह कार्यक्रम पूरे राज्य के पंचायतों में 26 दिसंबर 2023 तक आयोजित होगा। इन शिविरों में योजनाओं से अबतक वंचित जरूरतमंदों को लोक कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा।राज्यभर के 4,351 पंचायत और 50 वार्ड में शिविर लगाए जायेंगे। ज्ञात हो कि राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पहली बार आपके अधिकार- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया था। पंचायत स्तर शिविर लगाकर ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करने तथा जांचोंपरांत उन्हें स्वीकृत कर योजना का लाभ स्थल पर ही लाभार्थी को उपलब्ध कराने की उस पहल को अपार सफलता मिली थी। इसके बाद सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर दो चरणों में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर के क्रम में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में प्रत्येक जिले में किसी निश्चित तिथि को एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां लाभान्वितों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा। परिसंपत्तियों का वितरण तथा योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को साइकिल के लिए नकद हस्तांतरण चेक का वितरण होगा। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, अबुआ बीर दिशोम अभियान अंतर्गत पुराने अथवा नव सृजित वन पट्टों का वितरण समेत अन्य योजनाओं लाभ लाभुकों को मिलेगा। प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित किया जाएगा जिसके माध्यम से शिविर में ही लाभुकों को निम्नलिखित योजनाओं से संबंधित लाभ/परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु चलाए गए अभियान के तहत अभियान में निर्मित जाति प्रमाण पत्रों को लेमिनेट करवा कर शिविरों में बांटा जाएगा। छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल क्रय हेतु प्रतीकात्मक चेक का वितरण होगा। स्वयं सहायता समूह व क्लस्टर सदस्यों के बीच आई कार्ड और धोती,साड़ी,लूंगी एवं कंबल का वितरण होगा।

## बाबूलाल का बयान सत्ता की छटपटाहट है: बंधु तिर्की



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विरुद्ध भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान दुर्भाग्य है। बाबूलाल न सिर्फ मुख्यमंत्री के खिलाफ लगातार अनाप शनाप बोल रहे हैं बल्कि वे आदिवासियों के खिलाफ भी बोल रहे हैं। मरांडी रांची से तेलंगाना और नयी दिल्ली तक जो बयान प्रेषित कर रहे हैं यह वास्तव में सत्ता के प्रति उनकी छटपटाहट को दशार्ता है। बंधु तिर्की ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की गतिविधियों के कारण न केवल झारखंड बल्कि आदिवासियों की छवि भी खराब हो रही है। जिस प्रकार से वे एनआरसी घुसपैठियों आदि के संदर्भ में वक्तव्य दे रहे हैं उस स्थिति में उन्हें सबसे पहले अपनी अतंरात्मा में झांकना चाहिए क्योंकि केंद्र में पिछले 10 साल से भाजपा की ही सरकार है। बंधु ने कहा कि घुसपैठियों के मामले में वह अपने सवाल भाजपा, केंद्र सरकार से करें न कि किसी और से। बाबूलाल की बयानबाजी बताती है कि उन्हे झारखंड और आदिवासियों से कहीं ज्यादा अपनी राजनीति की चिंता है। यदि भाजपा को आदिवासियों का थोड़ा भी ख्याल होता तो वह आदिवासियों की जमीन लूट, सरना धर्म कोड, ट्राइबल सबप्लान, आदिवासियों में बढ़ती बेरोजगारी, पेसा कानून, पांचवीं अनुसूची के संबंध में भी अपने विचार प्रकट करें। बंधु ने कहा कि भाजपा नेताओं का रवैया ऐसा है कि उसके सदस्य टीएसी की बैठकों में भी शामिल नहीं होते।

## हेमंत सरकार केंद्र की योजनाओं को लटकाने, भटकाने और अटकाने में शामिल: साहू

- ढाई लाख पंचायतों में जाएगी यात्रा
- प्रथम चरण में यहां के नौ जिला शामिल
- दूसरा चरण 3 दिसंबर से 26जनवरी 2024 तक




**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से जन जन को जोड़ने की यात्रा है। श्री साहू ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को लटकाने भटकाने और अटकाने में शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास,नल जल योजना,अनाज वितरण योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना जैसी योजनाएं लूट, भ्रष्टाचार और लेट लतीफी का शिकार हो रही।

उन्होंने यात्रा के संबंध में बोलते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार अंत्योदय एवम सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य को साकार करने केलिए विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। कहा कि इन योजनाओं के प्रति जागरूकता एवं जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार देश व्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा चला रही है।

उन्होंने कहा कि झारखंड का सौभाग्य है कि कई लोक कल्याणकारी योजनाओं की तरह इस महत्वपूर्ण यात्रा की शुरूआत यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवम जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की धरती खूंटी से किया। यह यात्रा दो चरणों में संपन्न होगी।यात्रा का पहला चरण 15से 22नवंबर तक 21राज्यों के 68जनजातीय बाहुल्य जिलों में चलेगी। जिसमे झारखंड के 9जिले खूंटी, गुमला, सिमडेगा, दुमका, पश्चिम सिंहभूम, साहेबगंज, पाकुड़, पलामू शामिल हैं। यात्रा का दूसरा चरण 3दिसंबर से शुरू होकर 26जनवरी 2024तक चलेगी। इस प्रकार यह यात्रा देश के 2,51000 पंचायतों से गुजरेगी। इस यात्रा में सभी केंद्रीय मंत्री, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित सांसद, विधायगण ,जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी सहित वरिष्ठ नेतागण यात्रा के साथ 3दिन रहेंगे। इस यात्रा में पार्टी के सभी सांसद अपने अपने क्षेत्र में यात्रा में शामिल होंगे।जहां भाजपा के सांसद नही हैं वहां राज्यसभा सांसद आवंटित लोकसभा क्षेत्र ने तीन दिन तक यात्रा के साथ रहेंगे। केंद्र सरकार की ओर से यात्रा के समन्वय केलिए प्रदेश और जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।साथपार्टी की ओर से भी यात्रा कार्य को देखने केलिए प्रदेश स्तर पर जमशेदपुर पूर्व जिला अध्यक्ष नंद जी प्रसाद एवम जिला स्तर पर एक प्रमुख कार्यकर्ता नियुक्त किया गया है। श्री प्रसाद ने यात्रा में करणीय कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि इसमें स्थल पर सरकारी योजनाओं का पंजीकरण कराते हुए योजनाओं से वंचित लोगों के फॉर्म भरवाये जायेंगे।साथ ही स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों की स्वास्थ्य जांच भी किया जाएगा। यात्रा में माई भारत पोर्टल पर युवाओं का पंजीकरण करवाये जायेंगे और विकसित भारत का संकल्प दिलाया जायेगा।

### युवा राजद की बैठक रविवार को



रांची : लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट तेज हो गयी है। इसी कड़ी में झारखंड प्रदेश युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार के निर्देश पर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक बुलायी गयी है। पार्टी कार्यालय में 26 नवंबर को आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में पूरे प्रदेश के पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, जिला कमिटी, प्रखंड कमिटी, पंचायत कमिटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## जन कल्याण शिविर में एसडीएम ने सुनी जनता की फरियाद



**राष्ट्रीय खबर**

**बिक्रमगंज:** प्रखंड क्षेत्र के घुसिया खुर्द पंचायत भवन पर गुरुवार को जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम उपेंद्र कुमार पाल,बीडीओ अमित कुमार सिंह, सीओ आलोक चंद्र रंजन,लोक सेवक नवीन चंद्र शाह व मुखिया विनय प्रकाश चौधरी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुखिया विनय प्रकाश ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनाते हुए उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। शिविर सभा को संबोधित करते हुए एसडीएम ने बताया कि जन कल्याण शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार के मुख्य योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना है। ताकि सरकार के किसी भी योजना से लाभुक वंचित न रह सकें। साथ ही साथ एसडीएम ने मुख्य योजनाओं को चिन्हित कर उस पर विशेष चर्चा करते हुए प्रकाश डाला। जबकि आयोजित शिविर में पंचायत के कई लोगों से आवेदन प्राप्त कर उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कहा की यदि पंचायत क्षेत्र के जनता के पास कोई शिकायत हो तो वह मुझे बेहिचक सूचित कर सकते है। इस अवसर पर प्रशांत कुमार शर्मा, मो० असगरअली शाह, अखिलेश्वर कुमार,रिंकी कुमारी,कुसुम कुमारी, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, महेश सिंह, राजीव कुमार, राजेश कुमार,जितेंद्र कुमार, सुधा कुमारी, मीना कुमारी, संतोष कुमार श्रीवास्तव, चंद्रशेखर आजाद, दुर्ग विजय सिंह, डॉ० अमरेंद्र कुमार,विजय कुमार, विकास कुमार तिवारी, राजीव रंजन कुमार, उदय प्रताप सिंह, गणेश कुमार, पूजा कुमारी, वार्ड सदस्य चंदन पासवान, निमधारी पासवान, शंभू शर्मा, प्रमोद चौधरी सहित सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थें।

## उत्सव ने जनजातीय लोगों के सर्वांगीण विकास को नई गति प्रदान की है : अर्जुन मुंडा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (एनटीआरआई) ने जन जातीय गौरव दिवस के सप्ताह भर चलने वाले समारोह के हिस्से के रूप में आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान परिसर में भारत के विभिन्न राज्यों से भाग लेने वाले जनजातीय विचारकों, लेखकों और नेताओं के दृष्टिकोण से जनजातीय विकास पर एक सम्मेलन आदि-व्याख्यान का आयोजन किया।केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने राष्ट्रीय जनजातीय अनुसंधान संस्थान (एनटीआरआई) में मुख्य अतिथि के रूप में आदि-व्याख्यान कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने जनजातीय पद्म पुरस्कार विजेता श्रीमती उषा बारले (पंडवानी गायिका), पद्मश्री प्रोफेसर जनम सिंह सोय, झारखंड और प्रमुख आदिवासी उपलब्धि प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित किया। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण है कि हम जनजातीय गौरव को चिह्नित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 15 नवंबर को जन जातीय गौरव दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालाँकि 15 नवंबर हमेशा जनजातीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन रहा है, लेकिन अब, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, इसने एक नई कहानी शुरू करने में सहायता की है और जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण विकास और कल्याण के लिए पहल को नई गति प्रदान की है।

राजनीति

## प्रखंड बनने से एक लाख से अधिक की आबादी होगी लाभान्वित

# घोषणा के बाद भी नौवागढ़ी को नहीं मिला प्रखंड का दर्जा

- नौ पंचायतें एक दूसरे के करीब है
- लॉलीपॉप थमा कर क्षेत्रीय मतदाताओं को ठगते रहे हैं




**राष्ट्रीय खबर**

**मुंगेर सिटी :** वर्ष 2009 में विधानसभा को लेकर हुए नए परिसीमन के बाद मुंगेर एवं जमालपुर विधानसभा के राजनीतिक केंद्र बिंदु बने नौवागढ़ी क्षेत्र को दो-दो मुख्यमंत्री रावडी देवी एवं नीतीश कुमार की घोषणा के बाद भी स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा नहीं मिल पाया है। हर चुनाव में यहां के लोगों को नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने का दवा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रत्याशी करते हैं, लेकिन 26 वर्ष पुरानी नौवागढ़ी को प्रखंड बनाने की मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है। वर्ष 2024 में होने वाले संसदीय चुनाव में नौवागढ़ी प्रखंड का मुद्दा की गर्माहट रहेगी और सत्ताधारी दल के प्रत्याशी को इस मुद्दे पर जवाब देना होगा।

25 नवंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बाक पंचायत के मंगरा पोखर स्थित एम्स की तर्ज पर बनने वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण कार्य का आधारशिला रखने के लिए मुंगेर आ रहे हैं। सीएम डिप्टी सीएम के आने से नौवागढ़ी क्षेत्र के लोगों में एक बार फिर से नौवागढ़ी प्रखंड की घोषणा की आश जगी है। अखिल भारतीय डॉक्टर भीम राव अंबेडकर सेवा समिति नौवागढ़ी के सचिव सह वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार विद्यार्थी ने वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू यादव सहित अन्य मंत्रियों को पत्र लिखकर नौवागढ़ी को प्रखंड का दर्जा की मांग की थी। जिसके बाद सीएम ने तत्कालीन डीएम से जांच रिपोर्ट तलब किया था। डीएम के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय टीम ने अपने रिपोर्ट में लिखा था की भौगोलिक दृष्टि से सभी 09 पंचायतें एक दूसरे के करीब है। प्रस्तावित प्रखंड का केंद्र नौवागढ़ी है। पूरे प्रखंड का क्षेत्रफल 62,30432 हेक्टेयर है।

प्रस्तावित प्रखंड की आबादी एक लाख के करीब है प्रखंड बनने से लाखों लोग लाभान्वित होंगे वर्तमान में यहां के लोगों को 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर मुंगेर सदर तथा जमालपुर प्रखंड कार्यालय आना-जाना पड़ता है। बताते चले की सामाजिक कार्यकर्ता सह पत्रकार रंजीत विद्यार्थी नौवागढ़ी प्रखंड के मुद्दे को लेकर हमेशा मुखर रहे हैं। जन आंदोलन के साथ-साथ कलाम की धार से इस मुद्दे को हमेशा उठाते भी रहे हैं। प्रखंड बनाने का वादा करने वाले रहनुमाओं में पूर्व मंत्री डॉ मोनाजिर हसन, पूर्व सांसद ब्रह्मानंद मंडल, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, पूर्व विधायक अनंत कुमार सत्यार्थी, विश्वनाथ प्रसाद गुप्ता, विजय कुमार विजय, सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह सहित अन्य लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में क्षेत्र को प्रखंड का दर्जा दिलाने का लॉलीपॉप थमा कर क्षेत्रीय मतदाताओं को ठगते रहे हैं। वहीं वर्ष 2005 में बंगलवा में आयोजित तत्कालीन मुख्यमंत्री रावडी देवी ने अपनी सभा में नौवागढ़ी को प्रखंड का दर्जा देने की घोषणा की थी । फिर वर्ष 2017 के विकास यात्रा के क्रम में नौवागढ़ी मैदान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नौवागढ़ी क्षेत्र को प्रखंड बनाने का घोषणा किया था। दो - दो मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद भी आज तक नौवागढ़ी को स्वतंत्र प्रखंड का दर्जा नहीं मिल पाया है।

### चौकीदार दफादारों ने दिया मांगों को लेकर कर धरना

रांची: झारखंड राज्य वफादार चौकीदार पंचायत द्वारा चौकीदार दफादारो की 6 सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। जिसकी अध्यक्षता झारखंड अध्यक्ष कृष्णा दयाल सिंह ने की और संचालन प्रदेश सचिव संजीव कुमार ने किया। 6 सूत्री मांगों में सेवा समिति चौकीदारों को पुनः सेवा विमुक्त और चौकीदारों के रिक्त पदों का विज्ञापन को रद्द करने और 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में रिटायर चौकीदारों दफादारो के आश्रित को नियुक्त करना, नियमावली 2015 के आलोक में 100 से 120 आवासीय घर पर बीट सृजित करना, वर्दी भत्ता 10000 देना, 13 माह का वेतन, स्वैच्छिक सेवा नियुक्ति का लाभ देना ,अनुकंपा पर आश्रित को नौकरी देना समेत कई मांगे थी। राज्य सचिव संजीत कुमार ने कहा कि झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत द्वारा रांची में रैली।

## पेज एक का शेष

### ममता की छांव...

दिया है। मंगलवार को जिस तरह से ममता ने नए सिरे से बोली लगाने की बात कही, उससे ममता का अडाणी से अलगाव स्पष्ट हो गया। कई लोगों ने परोक्ष रूप से इसे महुआ की जीत बताया। इस बार पार्टी बैठक में ममता ने सीधे तौर पर महुआ के साथ खड़े होने का संदेश दिया। तृणमूल नेताओं का एक वर्ग घरेलू चर्चा में यह भी कह रहा है कि नदिया जिले में पार्टी का गुटीय झगड़ा बहुत पुराना है। इंदौर में महुआ के साथ खड़े हुए नेताजी के बारे में बात करते हुए ममता ने नदिया के नेताओं को यह भी समझाना चाहा कि सांसद और जिला अध्यक्ष को लेकर पार्टी की क्या स्थिति है। जो महुआ के पक्ष में जायेगा। कई लोगों के अनुसार, कांग्रेस नेता राहुल गांधी उन लोगों की सूची में हैं जिन्होंने संसद में पीएम मोदी के साथ अडाणी की दोस्ती, व्यवसाय को ठिकाने आदि के बारे में तीखे सवाल उठाए हैं, और महुआ भी हैं। उस संदर्भ में, अखिल भारतीय स्तर पर भाजपा विरोधी क्षेत्र में इस बात को लेकर भ्रम था कि तृणमूल सीधे तौर पर महुआ के साथ खड़ी नहीं है। बंगाल में मोहम्मद सलीम, अधीर चौधरी महुआ के पक्ष में खड़े हुए और पूछा कि तृणमूल अपने सांसदों के साथ क्यों नहीं खड़ी है। गुरुवार को ममता ने उस धुंध को साफ कर दिया। तृणमूल के एक धड़े के मुताबिक, महुआ ने विश्व बंगाल व्यापार सम्मेलन में अडाणी से नाता तोड़ने का संदेश देकर राजनीतिक दायरे में एक कदम आगे बढ़ाया है। गुरुवार को पार्टी नेता के सीधे समर्थन से वह कुछ कदम आगे बढ़ गये।

### उत्तरकाशी में बचाव...

के स्थान पर कुल 41 एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है, जहां 41 श्रमिक फंसे हुए हैं। सिल्क्यारा में फंसे 41 श्रमिकों को मुक्त कराने की आशा रखने वाली बचाव एजेंसियों ने गुरुवार को दोपहर 2 बजे मीडिया को बताया। सिल्कयारा सुरंग बचाव (उत्तराखंड) के नोडल अधिकारी नीरज खैरवाल ने बताया कि मशीन के रास्ते में आई बाधा के कारण पिछले 18 घंटों में केवल 1.8 मीटर की ड्रिलिंग हो सकी। पाइप को लगभग 47 मीटर तक धकेला गया है और श्रमिकों तक पहुंचने के लिए 10 और मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। ऑपरेशन 108 एम्बुलेंस पहल के प्रोजेक्ट मैनेजर मुकेश नौटियाल ने बताया कि 41 एम्बुलेंस में से 31 एम्बुलेंस 108 की हैं जबकि अन्य 10 एम्बुलेंस प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं। 41 एम्बुलेंस हैं जिनमें से 31 एम्बुलेंस 108 की हैं जबकि अन्य 10 प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई हैं। 31 में से 7 एएलएस हैं, जबकि अन्य बीएलएस हैं। एएलएस का मतलब एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट है और बीएलएस बेसिक लाइफ सपोर्ट है। यहां 27 एंबुलेंस हैं और टनल के पास 5 एंबुलेंस हैं। सभी एम्बुलेंस अच्छी तरह से सुसज्जित हैं, यह एक छोटी आपात स्थिति की तरह है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि एक बार जब सिल्कयारा सुरंग में बचाव पाइप मलबे से टूट जाता है, तो एनडीआरएफ कर्मी रस्सियों से बंधे पहिए वाले स्ट्रेचर की मदद से फंसे हुए श्रमिकों को एक-एक करके बाहर निकालने की योजना बनाते हैं। एनडीआरएफ के लोग पाइप के माध्यम से अंदर जाएंगे और एक बार जब वे श्रमिकों तक पहुंच जाएंगे, तो वे अपने उपकरणों का उपयोग करके उन्हें एक-एक करके सुरंग से बाहर भेजना शुरू कर देंगे। अधिकारियों ने कहा कि श्रमिक कम ऊंचाई, पहिये वाले स्ट्रेचर पर लेटेंगे और एनडीआरएफ के जवान रस्सियों का उपयोग करके उन्हें एक के बाद एक बाहर खींचेंगे।

### ए आई ने जटिल जाल....

प्रत्येक एक इनपुट लेता है, इसे बदलता है, और एक आउटपुट उत्पन्न करता है, और एक एकल नोड या न्यूरॉन कई अन्य से जुड़ सकता है, सभी इनपुट जानकारी की गणना की जानी है। हालाँकि, शोधकताओं ने अपने सिस्टम में सिस्टम पर एक भौतिक बाधा लागू की। प्रत्येक नोड को वर्चुअल स्पेस में एक विशिष्ट स्थान दिया गया था, और दो नोड जितने दूर थे, उनके लिए संचार करना उतना ही कठिन था। यह उसी तरह है जैसे मानव मस्तिष्क में न्यूरॉन्स व्यवस्थित होते हैं। शोधकताओं ने सिस्टम को पूरा करने के लिए एक सरल कार्य दिया - इस मामले में मस्तिष्क का अध्ययन करते समय आमतौर पर चूहों और मकाक जैसे जानवरों को दिए जाने वाले भूलभुलैया नेविगेशन कार्य का एक सरलीकृत संस्करण, जहां इसे निर्णय लेने के लिए जानकारी के कई टुकड़ों को जोड़ना होता है अंतिम बिंदु तक पहुँचने का सबसे छोटा मार्ग। प्रारंभ में, सिस्टम यह नहीं जानता कि कार्य कैसे पूरा किया जाए और गलतियाँ करता है। लेकिन जब इसे फीडबैक दिया जाता है तो यह धीरे-धीरे कार्य में बेहतर होना सीख जाता है। यह अपने नोड्स के बीच कनेक्शन की ताकत को बदलकर सीखता है, ठीक उसी तरह जैसे हम सीखते समय मस्तिष्क कोशिकाओं के बीच कनेक्शन की ताकत बदल जाती है। सिस्टम तब कार्य को बार-बार दोहराता है, जब तक कि अंततः वह इसे सही ढंग से करना नहीं सीख जाता। हालाँकि, अधिक आश्चर्य की बात यह थी कि अलग-अलग नोड्स की प्रतिक्रिया प्रोफाइल स्वयं बदलने लगी थी। दूसरे शब्दों में, एक ऐसी प्रणाली होने के बजाय जहां प्रत्येक नोड भूलभुलैया कार्य की एक विशेष संपत्ति के लिए कोड करता है, जैसे कि लक्ष्य स्थान या अगली पसंद, नोड्स एक लचीली कोडिंग योजना विकसित की। ठीक जैसे इंसान अपनी गलतियों में सुधार करता है।

### घूस में हवाई जहाज...

इन रिश्वतों में कथित तौर पर विभिन्न स्कूलों के तीन प्रशिक्षण विमान भी शामिल थे, जिन्हें बाद में प्रत्येक को ?90 लाख के वार्षिक किराए पर विभिन्न स्कूलों को पट्टे पर दिया गया था। जिन स्कूलों ने अधिकारी से विमान पट्टे पर लिए थे, उन्हें उड़ान प्रशिक्षण के समय में हेराफेरी सहित कदाचार में शामिल होने की अनुमति दी गई। डीजीसीए को शिकायत 25 अक्टूबर को भेजी गई थी, जो कि रेड बर्ड फ़्लाइट ट्रेनिंग अकादमी को दो हवाई दुर्घटनाओं के बाद खराब विमान रखरखाव पर चिंता व्यक्त करने के बाद इच्छुक पायलटों के लिए प्रशिक्षण आयोजित करने से रोक दिए जाने के कुछ दिनों के भीतर भेजी गई थी। रेड बर्ड फ़्लाइट ट्रेनिंग अकादमी उन स्कूलों में से एक थी, जिन्होंने श्री गिल से विमान पट्टे पर लिए थे। बुधवार को, डीजीसीए ने यह भी कहा कि रेड बर्ड फ्लाइंग ट्रेनिंग अकादमी को अब रखरखाव संगठन के साथ-साथ उड़ानयोग्यता के लिए पुनः प्रमाणन लेना होगा क्योंकि महाराष्ट्र के बारामती में मुख्य बेस सहित इसके पांच अड्डों के ऑडिट में विमान रखरखाव सुनिश्चित करने में विफलता का पता चला है।

### म्यांमार के सैनिकों .....

तनावपूर्ण है। मिजोरम पुलिस और असम राइफल्स ने सीमावर्ती इलाकों में पर्याप्त सुरक्षा तैनात की है। म्यांमार से बड़ी संख्या में शरणार्थी मिजोरम आ रहे हैं। इस बीच विद्रोही गुटों ने सेना के एक कैंप को निशाना बनाया, जिसके बाद म्यांमार के कई सैनिक मिजोरम-मणिपुर आ गए। दूसरी ओर, मिजोरम की एक जिला अदालत ने एक दंपति पर हमला करने और महिला की हत्या का प्रयास करने के लिए म्यांमार के एक पूर्व सैनिक को बुधवार को दस साल कैद की सजा सुनाई। चम्फाई जिले के अतिरिक्त और सत्र न्यायाधीश सिल्वी जोमुआनपुई राल्ते ने 2022 में चम्फाई जिले में शरण लेने वाले म्यांमार के सैनिक मिन आंग को दोषी ठहराया और सजा सुनाई। अदालत ने उसे महिला की हत्या के प्रयास के लिए सात साल की जेल और दंपति को गंभीर चोट पहुंचाने के लिए तीन साल की जेल की सजा सुनाई। इसने दोनों मामलों में आंग पर कुल 3,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना अदा नहीं करने पर दोषी को तीन माह अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। आंग 2022 में म्यांमार से बंदूक लेकर मिजोरम भाग आया था। उसे चम्फाई के जोटे गांव में एक राहत शिविर में रखा गया था। उस वर्ष सितंबर में वह राहत शिविर में म्यांमार के एक शरणार्थी दंपति के कमरे में जबरन घुस गया और उन्हें अपने लिये शराब और ड्रग्स खरीदने का आदेश दिया। जब दंपति ने यह कहते हुए मना कर दिया कि राहत शिविरों के अंदर शराब और अन्य पदार्थ सख्त वर्जित हैं, तो आंग ने महिला पर चाकू से हमला कर दिया। महिला के पति ने उसे रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे दंपति को गंभीर चोटें आईं। आरोपी अपराध स्थल से भाग गया लेकिन यंग मिजो एसोसिएशन (वाईएमए) के स्वयंसेवकों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। वाईएमए ने घटना के संबंध में एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में आदिवासी एकता समिति या सीओटीयू, सदर हिल्स द्वारा लगाया गया 48 घंटे का पूर्ण बंद आज शाम 6:00 बजे समाप्त हो गया, जबकि एनएच -2 और एनएच -37 पर इसकी आर्थिक नाकाबंदी अभी भी जारी है।शीर्ष कुकी-जो आदिवासी निकाय ने 20 नवंबर की सुबह घाटी स्थित विद्रोही समूहों द्वारा कथित तौर पर घात लगाकर किए गए हमले में आईआरबी के एक जवान सहित दो निर्दोष कुकी-जो की नृशंस हत्या के बाद 48 घंटे का आपातकालीन पूर्ण बंद लागू किया था।कोटू के पूर्ण बंद के दूसरे दिन भी मणिपुर की जीवनरेखा एनएच-2 पर दुकानें, स्कूल पूरी तरह बंद रहे और वाहनों की आवाजाही बाधित रही।पूर्ण बंद को लागू करने के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों को देखा गया। हालांकि, शाम 6:00 बजे बंद की समाप्ति तक किसी भी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं थी क्योंकि राष्ट्रीय राजमार्ग 2 पर दोपहर में 6:00 बजे के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हुई थी। चल रहे पूर्ण बंद और आर्थिक नाकाबंदी के बीच, सीओटीयू ने केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 2 के साथ लीकोप में आज एक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया और केंद्रीय गृह मंत्रालय को पांच दिनों के भीतर संबोधित करने के लिए कई बिंदुओं को रखा।विरोध प्रदर्शन ने दो निर्दोष कुकी-जो की क्रूर हत्या के खिलाफ कुकी-जो लोगों के असंतोष को भी व्यक्त किया।

# कुलपति के निरीक्षण के दौरान जीबीएम कॉलेज में अनुपस्थित पाए गए कई शिक्षक, वेतन रोकने का निर्देश

### निरीक्षण के बाद शिक्षकों में मचा हड़कंप



राष्ट्रीय खबर

**बोधगया** : मगध विश्वविधालय के कुलपति प्रो एसपी शाही बृहस्पतिवार को जीबीएम कॉलेज का अचानक निरीक्षण करने पहुंचे।औचक निरीक्षण के दौरान सभी विभागों का जायजा लिया। इसके साथ-साथ कुलपति ने मिर्जा गालिब कॉलेज, एसएम एसजी कॉलेज शेरघाटी, आरएलएसवाई कॉलेज औरंगाबाद, पीजी डिपार्टमेंट ऑफ साइकोलॉजी मगध विश्वविद्यालय बोधगया के निरीक्षण के दौरान शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति पंजी की जांच की कुलपति शाही ने विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का भी जायजा लिया। इस दौरान शिक्षक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति की जांच की, जांच के दौरान महाविद्यालय के कई विभागों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी अनुपस्थित पाए गए। इन विभागों के शिक्षक शिक्षिका थे अनुपस्थित रसायन शास्त्र विभाग की डॉ अफसाना सुरैया एवम बनीता कुमारी, राजनीति शास्त्र विभाग की शगुफ्ता अंसारी,अर्थशास्त्र विभाग के डॉ सहदेव बउरी एवं डॉ नगमा सादाब,अँग्रेजी विभाग की डॉ रश्मि प्रियदर्शिनी, दर्शन शास्त्र विभाग की डॉ पूजा राय एवम डॉ अमृता कुमारी घोष, गृह विज्ञान विभाग की प्रियंका कुमारी, इतिहास विभाग की डॉ अनामिका कुमारी, हिन्दी विभाग के डॉ प्यारे मांझी और कर्मचारियों में रेनू सिंह, विक्रम कुमार, संजू कुमार, विवेक कुमार, सुनील कुमार, बिरसा उरांव अनुपस्थित पाए गए।

वेतन रोकने का कुलपति ने दिया आदेश अनुपस्थित पाए गए शिक्षक शिक्षिकाओं पर नाराजगी जाहिर करते हुए। कुलपति प्रो शाही ने सभी अनुपस्थित लोगो के वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश दिया है। कुलपति प्रो एसपी शाही ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जावेद अशरफ को आदेश दिया है कि वो सुनिश्चित करें कि महाविद्यालय में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी एवम विद्यार्थी समय से महाविद्यालय आए। कक्षाएं नियमित रूप से चले, जिससे की महाविद्यालय में पठन- पाठन का माहौल बने।इस तरह की लापरवाही बर्दाशत नही की जाएगी। सभी महाविद्यालयों में भी औचक निरीक्षण किया जायेगा।अनुपस्थित पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी प्राचार्य यह सुनिश्चित करें कि उनके महाविद्यालय में अकादमिक माहौल बने।

बता दे की गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में दीपावली और छठ पर्व के अवकाश के बाद कॉलेज के शिक्षकों की उपस्थिति बुधवार से होनी थी लेकिन अवकाश लंबी होने के कारण कई शिक्षक उपस्थित नहीं हो सके। कुलपति के कार्रवाई के बाद कॉलेज के शिक्षको और शिक्षकेतर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया

# सारोबाग के पवन तांती के हत्या मामलें में चार को आजीवन कारावास की सजा




राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर** : एससी-एसटी के विशेष न्यायाधीश सुनील दत्त पाण्डेय ने धरहरा के सारोबाग गांव के पवन तांती के हत्या के मामले में पूर्व से सजाअप्ता राणा यादव सहित मटुकी यादव, नीरू राम एवं संतोष मांझी को दोषी करार दिया है।उनपर हत्या करने, अपराधिक षड्यंत्र रचने, साक्ष्य को छिपाने एवं एससी-एसटी के विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई। सभी आरोपियों पर चालीस - चालीस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। अभियोजन पक्ष के एससीएसटी के विशेष लोक अभियोजक हरि नारायण प्रसाद ने बताया कि सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा काटनी होगी। सारोबाग गांव के जमीन कारोबारी व विपक्षी पवन तांती की हत्या के संबंध में राणा यादव ने 24 सितंबर 2018 को अपने स्वीकृति वयान दिया था। जिस में उन्होंने बताया था कि पवन तांती का मित्र मटूकी यादव ने एक लाख रुपये के प्रलोभन पर पवन तांती को 18 सितंबर 2018 को निर्धारित जगह पर लेकर आया था। जिसके बाद राणा यादव ने अपने सहयोगी के साथ मिलकर पवन तांती की हत्या कर शव को खड़गपुर के मुशहरी में संतोष मांझी में गाड़ दिया था। पांच दिन के बाद शव बरामद हुआ था। कारण पवन तांती की हुई हत्या सारोबाग गांव में तांती परिवार में राणा यादव ने सर्वप्रथम रेल कर्मी बंमबम तांती की हत्या कर के उसके पत्नी पुजा देवी से शादी कर लिया । फिर इस मामले में राणा यादव सहित अन्य अभियुक्त साक्ष्य के अभाव में रिहा हो गये थे । दुसरी शादी के बाद पुजा देवी ने रेलवे में अपने दिवंगत पति बंमबम तांती के बदले नौकरी एवं अन्य लाभ की मांग किया । जिस का विरोध पवन तांती ने किया था ।बताते चलें कि पवन तांती के हत्या मामले में गवाह उसके चाचा शुत्रधन तांती के हत्या मामले में पूर्व से राणा यादव सहित 12 आरोपी आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

# दोन के नेत्र रोगियों के लिए लगा फ्री मेडिकल कैंप, 90 मरीजों की हुई जांच



राष्ट्रीय खबर

**बगहा** : रामनगर प्रखंड अंतर्गत दुर्गम क्षेत्र में बसे दोन के नौरंगीया गोबरहिया पंचायत के गोबरहिया गांव दुर्गा स्थान में ध्रुव नेत्रालय हरनाटांड़ के सौजन्य से नेत्र रोगियों के लिए फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। हरनाटांड के जाने माने नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. चिंतामणि काजी ने अपने मातहत सहयोगियों के साथ शिविर में पहुंचे 90 मरीजों की नेत्र जांच करते हुए उनके बीच आवश्यक दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया। डॉ. चिंतामणि काजी ने बताया कि इस शिविर के दौरान मोतियाबिंद के 55 मरीजों को निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। उन मरीजों का ऑपरेशन शनिवार को किया जाएगा। नौरंगीया गोबरहिया पंचायत के मुखिया गौरीशंकर महतो ने निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाने के लिए डा. चिंतामणि काजी को धन्यवाद देते हुए कहा कि फ्री मेडिकल कैंप के माध्यम से गरीब व जरूरतमंद लोगों की बड़ी सेवा कर रहे हैं। यह अत्यंत सराहनीय है। यह शिविर नौरंगिया पंचायत एवं बनकटवा करमाहिया पंचायत के दोनो गांव लाभान्वित हुआ है। इस अवसर बनकाटवा करमहिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मुकेश महतो व बासदेव महतो वार्ड, अजय कुमार वार्ड, किसुनदेव प्रसाद गुमस्ता, नन्दकिशोर महतो आदि ने कहा कि मोतियाबिंद रोग से इस इलाके के लोग बड़ी संख्या में पीड़ित हैं। निशुल्क ऑपरेशन किए जाने से इन्हें काफी सहूलियत मिल रही है। शिविर में अमित कुमार श्रीवास्तव, केमिस्ट भुनेश्वर प्रसाद, मेडिकल टीम के सदस्य जितेंद्र काजी, सत्येंद्र कुमार, ऋषिराज कुमार, शानू कुमार आदि ने अपनी सहभागिता निभाई।

## इंसाफ मंच का राज्यस्तरीय बैठक संपन्न

# नफरत की राजनीति के खिलाफ पैगामे मोहब्बत का तेज होगा कारवां



राष्ट्रीय खबर

**पटना** : इंसाफ मंच की राज्य कमिटी की बैठक दारोगा राय पथ के 11 नंबर विधायक निवास में हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी, नेयाज अहमद और नईमुद्दीन अंसारी ने की। बैठक में 20 से ज्यादा जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिए। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेंद्र झा ने कहा कि आरएसएस भाजपा के फासीवादी निजाम को शिकस्त देने के लिए अकलियतों,दलितों और मजलूमों की बड़ी एकता की जरूरत है। इंसाफ मंच को इस अभियान का नेता बनना चाहिए।इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि संगठन का विस्तार प्रखंडों तक किया जायेगा और राज्य के तमाम प्रमुख केंद्रों पर बड़े बड़े सम्मेलन आहूत किए जायेंगे। संगठन नफरत विभाजन की राजनीति के खिलाफ पैगामे मोहब्बत अभियान चलाएगा। बैठक को अख्तर इमाम, इसराफिल, अफसर खां, महफूज आलम, सफी अहमद, महफूज आलम, नसरीन बानो, लक्ष्मण पासवान, कैसर नेहाल, बुशरा साहीन, जमाल अशरफ, पाल बिहारी लाल आदि ने संबोधित किए। समापन वक्तव्य देते हुए भाकपा माले केंद्रीय कमिटी के सदस्य नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि हमें हर जोर जुल्म के खिलाफ इंसाफ का झंडा बुलंद करना चाहिए।

## एसडीएम ने किया महादलित परिवार के बीच राशन कार्ड का वितरण



### हेतमपुर में कैंप लगाकर 29 लाभुकों को दिया गया नए राशन कार्ड

राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर /भोजपुर** : प्रखंड के हेतमपुर पंचायत अंतर्गत सामुदायिक भवन में गुरुवार को शिविर लगा कर 29 नए लाभुकों के बीच खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन कार्ड का वितरण किया गया। शिविर में एसडीएम संजीत कुमार ने जिला परिषद सदस्य मोहम्मद मुस्लिम, बीडीओ राजेश कुमार, बीपीआरओ अरुण कुमार और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमृता कुमारी के साथ सभी लाभुकों के बीच पीएचएच कार्ड का वितरण किया गया। एसडीएम ने बताया कि महादलित परिवार के राशन कार्ड बनने के बाद हर माह अनाज उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे उन परिवारो को काफी सुविधा मिलेंगी। वही राशन कार्ड पाने वाले लाभुकों ने अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त जताया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जन-जागरूकता आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च.** : दिसम्बर माह में लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर प्रखण्ड के छोटा बंगरा, सरहरी, छागराहाँ सहित अन्य दलित बस्तियों में वीएलई सह स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता टिकाकर्मी प्रवीण कुमार ने किया। इस दौरान श्री गुप्ता ने राष्ट्रीय लोक अदालत तथा न्याय विभाग द्वारा चलाईं जा रही टेली लॉ कानूनी सलाह योजना से मिलने वाली लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार एवं न्यायालय के द्वारा लोगों की भलाई के लिये, समय समय पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता हैं। आप सभी लोग इस आगामी लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत से लाभ उठायें एवं अपने पास पड़ोस के लोगो को भी लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। मौके पर लाईची देवी, ममता देवी, मधु कुमारी, राजु कुमार, अनिता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद का लोगों ने किया भव्य स्वागत, भेंट की तलवार

**बिक्रमगंज (रोहतास)** : पूर्व सांसद रमा सिंह को करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष पिंटू सिंह ने तलवार भेंट कर किया सम्मानित। गुरुवार को नगर परिषद के आरा रोड स्थित बालाजी कम्प्लेक्स में संकल्प यात्रा के क्रम में आए पूर्व सांसद रामा सिंह को सौकड़ों लोगों ने किया भव्य स्वागत। प्रेस कांफ्रेंस में रामा सिंह ने कहा कि रामा विचार मंच द्वारा आगामी 4 दिसम्बर को मिलर हाई स्कूल पटना में आयोजित होने वाला संकल्प सभा में शामिल होने के लिए लोगों से अपील करने आए है। उक्त संकल्प सभा मे राज्य एवं देश के राजनीतिक मुद्दे पर होगी चर्चा। अध्यक्षता राजपूत करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रोहतास-कैमूर एमएलसी प्रतिनिधि पिंटू सिंह ने किया। मौके पर बिक्रमगंज केन यूनियन अध्यक्ष विजय सिंह, जिप सदस्य मंटु सिंह, धनजी राय, सत्यदेव राय, चट्टान सिंह, सन्तोष पहलवान, मुखिया सन्तोष पासवान, सुनील सिंह, शैलेश मिश्रा, गोविंद सिंह, सुरेंद्र महतो, मनोज यादव, श्याम कुमार, टुन्ना मिश्रा, पूर्व मुखिया बिनोद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्रीखिंडा पंचायत में बीपीएससी के चयनित अधिकारी हुए सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**नोखा (रोहतास)** : थाना क्षेत्र के श्रीखिंडा पंचायत में बीपीएससी में चयनित प्रतिभागियों के स्वागत में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत क्षेत्र के बीपीएससी परीक्षा में विभिन्न पदों पर चयनित सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों को लोगों ने स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया। विदित हो की श्रीखिंडा गांव के स्व० दीप नारायण सिंह के सुपुत्र विकास कुमार सिंह बीपीएससी परीक्षा में 65वीं रैंक हासिल कर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व सुपुत्री बेबी प्रिया का चयन 67वीं रैंक के साथ एसडीएम पद पर परचम लहराया दिया। जबकि बिरेंद्र साह के पुत्र धीरज कुमार ने बिहार दरोगा पद प्राप्त पंचायत का नाम रोशन किया। इस मौके पर छठ पूजा नवयुवक संघ श्रीखिंडा के सदस्यों ने बीपीएससी में अव्वल आए तीनों प्रतिभाओं को सम्मान स्मृति चिन्ह व मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित कर उजव्वल भविष्य की कामना की। साथ ही साथ पंचायत के ग्रामीण जनता ने उन्हें सम्मानित करते हुए कहा-थैंक्स पंचायत के होनहार लाल,तुम पर पंचायत का है नाज। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक मो० अख्तर हुसैन व संचालन शिक्षक महेश कर्ण ने की। कार्यक्रम अवसर पर अनिल मिश्रा, राहुल कुमार राणा, अमित पटेल, अजय साह, माना चौधरी,अखिलेश चंद्रवंशी,अशोक सिंह,अजय चंद्रवंशी, मोहन सिंह, उपेश, राजेश गुप्ता सहित ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

## नगर निगम के विभिन्न वार्डो में कूड़े कचरे का अम्बार

**बेतिया** : नगर निगम क्षेत्र में लागातार तीन दिनों से सफाई नहीं होने के कारण नगर निगम के विभिन्न वार्डों में जगह-जगह कूड़े का अंबार जमा होने लगा है। जिसके चलते सड़ांध भरा दुर्गंध का आना शुरू हो गया है। वार्ड नंबर 3 में पिछले तीन दिनों से जगह-जगह कूड़े का ढेर दिखाई दे रहा है ।जिससे वार्ड वासियों की मुश्किले बढ़ गई है। दिन -प्रतिदिन कूड़े का ढेर लगता जा रहा है। नगर निगम के कई वर्ड ऐसे हैं जहां मल मूत्र के दुर्गंध से आम लोग नाक पर रूमाल रखकर उस रास्ते से आते जाते हैं वार्ड नंबर 17 मे पड़ने वाला राज देवड़ी मेला ग्राउंड के बगल से गुजरने वाला इनी रोड में से एक है जहां मल मूत्र लोगों द्वारा सड़क किनारे त्याग कर देने से तथा समय पर सफाई नहीं होने से स्थिति बद से से बदतर हो चला है। अगर कुछ दिनों तक किया ही स्थिति बनी रही तो महामारी फैलने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## राजद प्रखंड अध्यक्ष के मातमपुर्सी में पहुंचे अल्पसंख्यक मंत्री

**करगहर (रोहतास)** : अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमां खान राजद प्रखंड अध्यक्ष शकील अहमद के पिता के निधन पर सेमरी गांव पहुंचकर मातमपुर्सी किया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बधाते हुए कहा कि मरहूम सेवानिवृत्त शिक्षक सगीर अहमद नेक दिल मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन से शिक्षा जगत व सामाजिक कार्यों में अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने अपने जीवनकाल में शिक्षा का अलग जगाते हुए समाजिक कार्यों में अपनी अलग पहचान बनायें थे। उनके निधन से लोगों में शोक का माहौल है। मरहूम सेवानिवृत्त शिक्षक हाजी सगीर अहमद के दो पुत्र है। बड़े पुत्र शकील अहमद करगहर पूर्वी क्षेत्र में पूर्व में जिला पार्षद रह चूके है। वही शकील अहमद सेमरी पंचायत चुनाव में दो बार मुखिया भी थें। जिनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मौके पर अफसार खान, पूर्व विधायक प्रत्याशी शमीम अहमद, अखलाक अहमद, मुफ्ती अफताब, अनवारूल हक,सुशील कुमार मिश्रा, पैक्स अध्यक्ष अनिल सिंह, वार्ड पार्षद फूलन पांडेय, डॉ० जय गोपाल, प्रमोद सिंह, बब्लू पांडेय, पप्पू राईन, सुनील चौहान, वार्ड सदस्य इस्लाम खान ,उपेंद्र पासवान, सलामुद्दीन राईन सहित कई अन्य लोग उपस्थित थें।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जन-जागरूकता आयोजित

**रामगढ़वा** : स्थानीय रेशमा देवी प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में रामगढ़वा अंचलाधिकारी मणिभूषण कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया।अंचलाधिकारी मणिभूषण कुमार ने बताया जिनका नाम 18 वर्ष या उस से ज्यादा है उनका नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने व विशेष कर लड़कियों का नाम जोड़ने हेतु इस विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। लगभग 30 लड़कियों का फॉर्म तुरन्त भरवाया गया।मौके पर ब्लॉक उर्दू अनुवादक इजहार अंसारी, शिक्षक संदीप सिंह, विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल सिंह, अजय कुमार, अफजल आलम सहित विधालय के सभी छात्राएं मौजूद थीं।

## गन्ना लदे ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार घायल

**नरकटियागंज:** नरकटियागंज -गौनाहा मुख्यपथ में डीएवी स्कूल के पास गन्ना लदे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक प्रौढ़ बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। घटना गुरुवार की सुबह की बताई गई है। संयोग रहा कि ट्रैक्टर उसे अपनी चपेट में पूरी तरह नहीं ले सका। वह बाल बाल बच गया। घायल प्रौढ़ की पहचान हरदी टेढा गांव निवासी जीतेंद्र कुमार सिंह उर्फ. जीतन सिंह के रूप में हुई है। थाना पहुँचे प्रौढ़ ने बताया कि वह बाइक से नरकटियागंज के लिए किसी काम से जाने के क्रम में पीछे से आ रही बिना नंबर के गन्ना लदे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार घायल कर दिया।

# मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में खाली होगी मंगलपुर आरओबी की अतिक्रमित भूमि



राष्ट्रीय खबर

**बगहा** : मंगलपुर आरओबी के जद में आने वाले भुमि को खाली कराने के लिए प्रसाशन ने कमर कस लिया है। आगामी तीन-चार दिनों में प्रसाशन के द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में उक्त अतिक्रमित भुमि को मुक्त कराया जायेगा ताकि मंगलपुर आरओबी का निर्माण कार्य ससमय हो सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकीय उच्च पथ संख्या 727 के मंगलपुर में बन रहे आरओबी के निर्माण कार्य ससमय करवाने हेतु उसके जद में पड़नेवाले भूमि को खाली करवाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल (महिला एवं पुरूष ) तथा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति हेतु अनुरोध किया गया था। जिसके आलोक में बगहा अनुमंडल के कार्यपालक दंडाधिकारी बिरेन्द्र कुमार को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। जिनके नेतृत्व में तीन-चार दिनों के भीतर अंचल अधिकारी बगहा-2 के उपस्थिति में थानाध्यक्ष पटखौली द्वारा उपलब्ध कराये गए पुलिस बल के साथ उक्त भूमि को खाली कराया जाएगा।

## राजद नेत्री का कार्यकताओं ने किया स्वागत

**जगदीशपुर** : भोजपुर-पटना से मोहनिया जाने के क्रम में प्रखंड के नयका टोला मोड राजद नेत्री मधु मंजरी व शैलेश कुशवाहा को कार्यकताओं ने स्वागत किया। राजद नेत्री ने कहा कि गरीब पिछड़े, अति पिछड़ा लोगों की आवाजों को बुलंद करना है। इसलिए मैं जनता बीच जा कर पहले उनकी समस्या को जानने के लिए क्षेत्र का भ्रमण हमेशा करती हूं। मौके पर अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम मौर्य, जिला अध्यक्ष अशोक कुमार कुशवाहा, मनु कुमार, डॉ. चंदन कुमार, मनोज सिंह, रमन कुमार पांडे।

# रेल पुलिस ने पिंडदानियों की सुरक्षा एवं सुविधा का रखा विशेष ख्याल: मणि बारिक

### बेहतर कार्य करने पर रेल थाना अध्यक्ष किये गये सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**गया** : 28 सितंबर से 14 अक्टूबर तक राजकीय पितृपक्ष मेला-2023 में गया जंक्शन पर रेल मार्ग से आने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था में अपना प्रशंसनीय योगदान देने वाले रेल थाना अध्यक्ष एसके द्विवेदी एवं रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक प्रभारी अजय प्रकाश को श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति की ओर से श्री विष्णुपद गया जी सम्मान के तौर पर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सारस्वत पूर्व सम्मानित किया गया। मंदिर के सदस्य मणिलाल बारिक ने पितृपक्ष मेले में देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर रेल पुलिस के जवानों के द्वारा अपना शत-प्रतिशत सहयोग,सेवा भाव और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा देने के लिए रेल पुलिस की प्रशंसा की। गया जंक्शन पर 24 घंटे तीर्थयात्रियों की सुरक्षा का का ख्याल रेल पुलिस के द्वारा रखा गया। तीर्थयात्री यहां से एक बेहतर संदेश लेकर वापस अपने घर गए हैं। रेल थाना के पुलिस पदाधिकारी ने कुशलतापूर्वक दिन रात मेहनत कर सर्वस्व समर्पित होकर सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग की।

## पानी में गिर बाइक सवार सिपाही की मौत

**करगहर (रोहतास):** बुधवार की देर रात करगहर समहुता पथ पर सोनी मोड़ के समीप एक अनियंत्रित बाइक सवार गहरे पानी में पलट गया। जिसमें बाइक सवार की पानी में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि ग्रामीणों के शोर मचाने पर पहुंचे लोगों ने काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाल तत्काल पीएचसी इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांचोंपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के पिपरा निवासी जलील शेख का 27 वर्षीय पुत्र हाशिम शेख सासाराम से अपाचे बाइक खरीद कर गांव लौट रहा था। इस बीच कुसहीं रोड़ में सोनी गांव के समीप स्थित तीखा मोड पर असंतुलित होकर बाइक सहित गहरे पानी में जा गिरा। जिस घटना में जलील शेख के पुत्र की मौत हो गई। वह भागलपुर मुख्यालय में बिहार पुलिस में सिपाही के पद पर कार्यरत था। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया।

# जन संवाद के बिना गांव तक जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर नहीं उतर सकती : डीएम

## डीएम ने लोगो को दी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प च :** सदर अनुमंडल अंतर्गत योगापट्टी प्रखण्ड में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। योगापट्टी प्रखण्ड में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को शतप्रतिशत समाज के हर तबका तक पहुंचाने में जन संवाद कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है। समाज के निचले स्तर तक विकास पहुंचाने में जन संवाद कार्यक्रम सहायक हो रहा है। सरकार की इस कार्यक्रम का फायदा उठाकर राज्य का कोना कोना विकसित हो रहा है। अपने अधिकार और कर्तव्यों की समझ अब सुदूर गांव के लोग जानकर लोगों का जीवन स्तर बदला है। उक्त बातें जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने गुरूवार को प्रखण्ड के पिपरा नौरंगिया पंचायत के पंचायत भवन परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कही।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से गांव में तेजी से रोजगार सृजन हो रहा है। ग्रामीणों से रूबरू होकर जिले में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी दी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन में जितना भागीदारी विभाग की है। उतना ही भागीदारी आम जन की भी है। यदि योजना में आपकी भागीदारी नहीं होगी तो उन योजना को धरातल पर नहीं उतार सकते हैं। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के वरीय से लेकर कनीय पदाधिकारियों ने उपस्थित लोगों से विभिन्न योजनाओं की क्रियान्वयन सम्बन्धी जानकारी लिया दिया। जनप्रतिनिधियों ने भी सुझाव रखें। पदाधिकारियों ने बारी-बारी से लोगों से अपील किया कि योजनाओं का भरपूर फायदा उठायें। विभिन्न विभागों के अलग-अलग काउंटर लगाए गए, जहां लोगों ने योजनाओं से सम्बंधी जानकारियां हासिल की। डीएम ने जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को जिला में जनता दरबार लगता है। बेहिचक लोग जनता दरबार में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उनकी शिकायत पर हर हाल में कारवाई भी होगी। डीएम ने कार्यक्रम के समापन पर बीडीओ सीओ समेत प्रखंड के सभी अधिकारी व कर्मियों को धन्यवाद भी दिया। जनसंवाद कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय एसपी डी अमरकेश एसडीएम विनोद कुमार डीडीसी अनिल कुमार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रविन्द्र उपाध्याय डीईओ सिविल सर्जन बीडीओ कनिष्क कुमार सिंह सीओ प्रियर्वत कुमार मुखिया, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गीतांजलि, राजस्व पदाधिकारी ममता कुमारी, मुकेन्द्र यादव मनोज यादव सुनील प्रसाद नविन चौधरी अंजनी पांडेय पप्पू पांडेय रहे।

## कार्रवाई : लाइन हाजिर हुए करगहर थानाध्यक्ष

करगहर (रोहतास) : थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास को एसपी विनीत कुमार ने लाइन क्लोज कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी विनीत कुमार ने कहा कि करगहर थानाध्यक्ष पर विभागीय कार्रवाई करते हुए उनको लाइन हाजिर किया गया है। दुर्गा पूजा के दौरान एक व्यक्ति हिरासत में लिया गया था। साथ ही स्टेशन डायरी में विलंब से मामला दर्ज दोषी पाया गया। जिसके तहत प्राथमिकी दर्ज मामलें में लापरवाही तहत कार्रवाई जारी की गई।

## प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**जगदीशपुर :** प्रखंड मुख्यालय स्थित किसान भवन में प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता सदस्य सचिव सह बीडीओ राजेश कुमार ने किया। बैठक में एसडीएम संजीत कुमार भी शामिल हुए। इस दौरान विभाग वार संचालित योजनाओं के कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही आ रही समस्याओं के ससमय निष्पादन के लिए विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश और आवश्यक सुझाव दिया गया। एसडीएम द्वारा संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को योजनाओं की गति तेज करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही पंचायत स्तर के कर्मियों को पंचायत में रहकर काम करने का निर्देश दिया गया। बीडीओ राजेश कुमार ने बताया कि प्रखंड स्तरीय विभिन्न विभागों के द्वारा चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश और सुझाव दिया गया। बीडीओ ने कहा कि महीने में दो बार बैठक हो रहा है। बैठक में लिए गए प्रस्ताव व चल रहे कार्यों का रिपोर्ट विभाग को भेजा जाता है। मौके पर बीपीआरओ अरुण कुमार, एमओ अमृता कुमारी,सीओ अजय कुमार कृषि पदाधिकारी वीरेंद्र विक्रम, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी (जीविका) सतेंदर कुमार सहित कई विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पागल कुत्ते का कहर, काटने से 6 लोग हुए जख्मी

**करगहर (रोहतास) :** बुधवार को पढ़ौती गांव में एक पागल कुत्ता ने आधा दर्जन ग्रामीणों को काट कर जख्मी कर दिया। जिन्हें स्थानीय पीएचसी में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दिया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पढौंती निवासी अजीत राम, मुरारी राम की पत्नी पुष्पा देवी,कृष्णा राम, शनी राम, अपने खेतों की ओर से आ रहे थे इस बीच सामने से आ रहा एक पागल कुत्ता ने इन्हें काटकर जख्मी कर दिया। वहीं दूसरी ओर बाइक से गुजर रहे कैमूर जिला के गंगवलिया निवासी मोनू राम और उनकी पत्नी राजवंती देवी को उक्त पागल कुत्ता ने काट कर जख़्मी कर दिया। ग्रामीणों उसे चारों ओर से घेर कर पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह भाग निकला।

## बिजली चोरी में दो मील संचालक पर लगा 5.69 लाख का जुमार्ना

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** गुप्त सूचना के आधार पर सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के नेतृत्व में अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा प्रखंड संझौली के चांदी इंग्लिश में मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर मील संचालक मदन चौधरी, पिता-राम नगिना चौधरी पर 229196 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास कर तीन अतिरिक्त अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी, जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। आगे बताते चलें कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्रखंड-दावथ के ग्राम-बोदाढी में मील संचालक विकाश राय, पिता-स्व० विजय राय पर 340176 रुपये आर्थिक दंड लगाई गई है। ऊक्त अभियुक्त के परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था तथा विद्युत कनेक्शन से संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात नहीं दिखाई गई। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया। जो बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है साथ ही साथ बकायेदार उपभोक्ता का मौके पर ही बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है।

## जरासंध जयंती समारोह में लोगों की उमड़ी भीड़

# जरासंध के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

राष्ट्रीय खबर

**गोह (औरंगाबाद) :** गुरुवार को गोह प्रखंड के उदयपुरा गांव में भव्य जरासंध उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा चेतना मंच के अध्यक्ष सह रालोजद पार्टी अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी व संचालन अमरेंद्र चंद्रवंशी ने की। उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता प्रमोद चंद्रवंशी पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा पूर्व विधायक डॉ० रणविजय सिंह सुभाष चंद्रवंशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरासंध की आदमकद प्रतिमा के साथ तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि के रूप में आए गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि जिनके जयंती में हमलोग उपस्थित हैं वह मगध के राजा तथा बृहद्रथ के पुत्र थे। जो जरासंध के एक महान शासक के साथ इंद्र समान शक्तिशाली, सूर्य समान तेजस्वी, भूमि समान सहिष्णु ,यम के समान उग्र व कुबेर के समान धनवान भी थे। जिनको भगवान कृष्ण के मामा तथा कंस के ससुर भी कहा जाता था। जिनके विचार मार्ग पर आज हमें चलने की जरूरत है। इस अवसर पर रात्रि में बूढ़ा ब्यास बनाम लोथा ब्यास के बीच सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत दुगोला का आयोजन किया गया है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख पंकज चंद्रवंशी, आम जनता पार्टी राष्ट्रीय नोखा प्रखंड महामंत्री गोरख कुमार चंद्रवंशी, युवा नेता मंगल सिंह चंद्रवंशी, कुटुंबा प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र चंद्रवंशी दीपक चंद्रवंशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कालाबाजारी और जमाखोरी से जूझ रहे मध्यमवर्गीय परिवार

**गया :** दाल के दामों मे बेतहासा वृद्धि को देखते हुए भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और वितरण मंत्रालय ने उपभोक्ताओं के लिए भारत दाल ब्रांड नाम से सब्सिडी वाला चना दाल जुलाई माह से शुरू किया। भारत दाल का पॉकेट 60 रुपए प्रति किलो और 30 किलो का पॉकेट 55 रुपए प्रति किलो बेची जायेगी। बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, बैजू प्रसाद, प्रद्युम्न दुबे, दामोदर गोस्वामी विशाल कुमार, शिव कुमार चौरसिया, बाल्मीकि प्रसाद, श्रवण पासवान, मोहम्मद समद, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, उदय शंकर पालित, बबलू कुमार, चंचल केशरी, आदि ने कहा कि दाल की कीमतों के आसमान छुने से एक ओर जहाँ गरीब की थाली से दाल गायब हो गया है। दूसरी ओर भारत सरकार द्वारा बिकने वाली सस्ती दाल नेफेड, एनसीसीएफ, केन्द्रीय भंडार तथा बिचौलियों द्वारा शत प्रतिशत काला बाजारी हो रहा है।

## चिकित्सकों के हड़ताल से ओपीडी सेवा ठप, मरीज परेशान

**भोजपुर :** आरा जिला के विभिन्न प्रखंड एवं अनुमंडल क्षेत्र में बिना इलाज कराए वापस लौटे मरीज। घंटों इंतजार करते रहे मरीज, बिना इलाज के लौटे घर।जगदीशपुर, पीरो, चरपोरी अनुमंडलीय अस्पताल में ओपीडी बंद होने से मरीजों को काफी परेशानी हुई। पूर्णिया में डॉक्टर पर हमला के विरोध में ओपीडी सेवा बाधित रहा।बिहार के पूर्णिया मेडिकल कॉलेज के गाइनेकोलॉजी विभाग के सर्जन डॉ राजेश पासवान के ऊपर हुए हमला के विरोध में प्रदेश भर के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सक मंगलवार को एक दिवसीय हड़ताल पर बने रहे। बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ ने इस घटना के विरोध में 1 घंटे की हड़ताल की बात कही थी, लेकिन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बिहार शाखा ने एक दिवसीय हड़ताल की बात कही पूरे दिन डॉक्टर ओपीडी बंद कर हड़ताल पर बैठे रहे। सदर अस्पताल एवं अनुमंडल अस्पताल के ओपीडी बंद होने से मरीजों को काफी परेशानी हुई।ओपीडी में डॉक्टरों ने मरीजों को नहीं देखा और इस वजह से दूर दराज क्षेत्र से आए मरीजों को काफी परेशानी हुई।

# पुलिस ने जांच के दौरान दो जगहों से 1499 बोतल अंग्रेजी शराब किया बरामद

### दो तस्कर व पिकअप चालक से पूछताछ जारी

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** पुलिस जिला अंतर्गत नदी व धनहा थाना की पुलिस ने अलग-अलग पुलिस चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच के क्रम में पिक अप समेत 173 कार्टून यानी 1499 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद कर लिया है। वही पुलिस ने मौके से दोनो तस्कर व पिकप चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। नदी थानाध्यक्ष संजय यादव ने बताया कि धनाह व रतावाल गांधी सेतु मुख्य पथ में नैनहा ढाला चेक पोस्ट पर गुरुवार की सुबह केला लदे पिकअप वैन से 103 कार्टून 896 लिटर अंग्रेजी



शराब को जप्त किया है। मामले में पुलिस ने मोतिहारी तुरकौलिया निवासी पिकअप वैन चालक शाकिर अंसारी को भी गिरफ्तार किया है। नदी थानाध्यक्ष ने बताया कि पिकअप वैन पर लदे शराब के कार्टून की जब उतर उतर गया तो पाया गया कि उसमें 896 लीटर अंग्रेजी शराब के विभिन्न ब्रांडों का अंग्रेजी शराब रखा हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार चालक से इस मामले में पूछताछ की गई तो पता चला कि यूपी के तमकुही से शराब की खेप मोतिहारी के तुरकौलिया ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार चालक से इस मामले में पूछताछ की गई तो पता चला कि यूपी के तमकुही से शराब की खेप मोतिहारी के तुरकौलिया ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि मामले में चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही साथ मामले में शामिल व्यवसाय पहचान को लेकर चालक से पूछताछ भी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर धनहा थाना पुलिस ने भारी मात्रा में शराब जप्त किया है। गुरुवार की रात धनहा पुल चौक से 3360 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक पिकअप को जब्त किया है। वही पिकअप चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## चलती कार में लगी आग, बाल-बाल बचे तीन सवार

**बगहा :** गुरुवार के दिन रामनगर-लौरिया रोड पर स्थित कोल्ड स्टोर के पास एक चलती हुई कार में अचानक आग लग गई। कार में चालक सहित तीन सवार थे जिनकी जान बाल-बाल बची। जब चालक को आग के बारे में पता चला तो वो नजदीक के बगीचे में गाड़ी छोड़कर बमुश्किल जान बचाकर गाड़ी से निकल कर बाहर भागा। स्थानीय लोगों ने पानी फेंककर आग पर काबू पाया। गाड़ी में दो लोग सवार थे। जिन्हें सकुशल बाहर निकाल लिया गया। गाड़ी मालिक संदीप जायसवाल ने कहा कि चालक आदित्य गाड़ी लेकर रामनगर से बड़गो आ रहा था। इसी दौरान घटना हुई।

## हालांकि आग कैसे लगी इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पा रही है

**बगहा/मधुबनी :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक नही होने से महिलाओं के इलाज में काफी परेशानी होती हैं। महिलाएं पुरुष डॉक्टर को ठीक से अपनी समस्याएं नही बता पाती हैं। ग्रामीणों द्वारा हमेशा महिला चिकित्सक की मांग किया जाता रहा है। महिलाओ द्वारा बताया जाता हैं कि अक्सर ग्रामीण महिलाएं पुरुष डॉक्टर से खुलकर अपनी बीमारी बताने में संकोच करती हैं। जिससे उचित ईलाज नही हो पाता है।

## सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष कैंप का आयोजन 25-26 नवंबर को

**जगदीशपुर/भोजपुर :** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 व 26 नवंबर को जगदीशपुर विधानसभा के सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। साथ ही आगामी दो और तीन दिसंबर को भी मतदान केन्द्रों पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। अनुमंडल अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर किब्रिया ने बताया कि अभियान के तहत 25 और 26 नवंबर, 02 और 03 दिसंबर को बूथों पर विशेष शिविर लगेगा। 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके योग्य वंचित नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोडा जाएगा। विशेष रूप से 18 से 19 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके युवाओं, नवयुवतियों के मतदाता सूचियों में नाम जोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस के साथ ही इस अभियान में दिव्यांग मतदाताओं को नाम जोड़े जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसको लेकर सभी बीएलओ पर्यवेक्षक और बीएलओ को कैंप लगाने के संबंध में निर्देश और सुझाव दे दिया गया है। साथ ही पर प्रपत्र 6,7 8 भरकर कार्यालय में जमा करने का आदेश दिया गया है। इधर, बीडीओ राजेश कुमार ने भी बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक कर अब तक किए गए कार्यों का समीक्षा करते हुए अद्यतन स्थिति का जानकारी लेते हुए कई तरह का निर्देश और सुझाव दिया। साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदाता सूची में नाम युवा और युवतियों का चढ़ाने को निर्देशित किया गया। बता दे की 9 दिसंबर तक दावा-आपत्ति प्राप्त किए जाएंगे। साथ ही 26 दिसंबर तक दावा-आपत्ति का निष्पादन के पश्चात अगले वर्ष 5 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

## जनसंवाद कार्यक्रम में डीएम ने की वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने की अपील

# नशा मुक्ति दिवस पर प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए लें संकल्प : डीएम

राष्ट्रीय खबर

**भितहा :** प्रखंड के सेमरबारी पंचायत के मनरेगा भवन सह पंचायत कार्यालय भवन के प्रांगण में जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के विभिन्न विभागों के तमाम पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। जहां जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव, अनुमंडल पदाधिकारी अनुपमा सिंह,सीओ अबू अफसर,राजस्व अधिकारी अमरेन्द्र कुमार एवं प्रभारी बीडीओ कुमुद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से हमें जनता से मिलने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि



आज 23 नवम्बर है जिसे आज प्रदेश में नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। शराब बंदी से पारिवारिक झगड़ों, छेड़खानी एवं दुर्घटनाओं में कमी आई है। शराब बंदी से राजस्व की क्षति हो रही है मगर इससे समाज का कल्याण होता है, इसलिए सरकार इसके पक्ष में है। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि संजय निषाद, ने कृषि सिंचाई हेतु खराब हो चुके ट्रांसफार्मर को बदने में हो रही देरी का मामला उठाया तो जिला पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने मुराडीह बाजार का जिर्णोद्धार करवाने एवं झौवठिया में पुल निर्माण कराने की मांग की। वहीं चंदन गुप्त द्वारा राशन कार्ड एवं मजहर आलम द्वारा हीरा सोती विद्यालय को पहले वाले स्थान पर पुनर्स्थापित करने की बात कही गई। वहीं पंचायत समिति सदस्य तबरेज आलम द्वारा बिगत दो वर्षों से उनके पंचायत में पंचायत समिति के फंड से एक भी कार्य नहीं कराये जाने को लेकर दुख प्रकट किया गया। जिसमें सभी लोगों के मांगों एवं प्रश्नों का जवाब देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय में भवन की कमी और उसके लिए भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन का विशेष ध्यान है। बिजली विभाग पर लगाये गये आरोपों पर उन्होंने कहा कि इसकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।हर खेत को बिजली सुनिश्चित कराने को लेकर विभाग के कार्यपालक अभियंता को आदेश दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी अनुपमा सिंह ने जहां लोक कल्याणकारी योजनाओं सहित किसी भी समस्या के सामाधान के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही तो पुलिस अधीक्षक ने साईबर और सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग , शिक्षा विभाग,परिवहन विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, लोक शिकायत एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा अपने अपने विभागों के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों सहीत सैकड़ों ग्रामीणो कि उपस्थिति रही।

## चार वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

संझौली (रोहतास): स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग जगहों से चार वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के चांदी इंग्लिश गांव से गुड्डू बैठा, जितेंद्र बैठा व छोटू बैठा तीनों पिता स्व० बबन बैठा व प्रमिला कुंवर पति स्वर्गीय बबन बैठा सहित कुल चार वारंटियों को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वही गिरफ्तार सभी आरोपित को कोर्ट में पेश करने बाद जेल भेज दिया गया। जो वारंटियों के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत वारंट था।

## जोर-शोर से चल रही है बांसी धाम व मेले की तैयारी

**मधुबनी :** कार्तिक पूर्णिमा के दिन बिहार-यूपी की सीमा बांसी में लगने वाला प्रसिद्ध ऐतिहासिक बांसी नहान मेले की तैयारी जोर शोर से चल रही है। छठ महापर्व का समापन होते ही बांसी मेले की तैयारी शुरू हो जाती है। इस वर्ष 27 नवामबर की सुबह कार्तिक पूर्णिमा के दिन बिहार,यूपी व नेपाल से पहुचने वाले लाखों श्रदालु बांसी नदी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद दान-पुण्य करेंगें। इस वर्ष बांसी धाम नहान मेला भव्य लगने की उम्मीद जताई जा रही है। कारण की कोरोना महामारी के कारण दो वर्षों तक इस बांसी नहान मेले का आयोजन नही हो सका था। पिछले वर्ष नहान मेला का आयोजन हुआ लेकिन मेला लगने की जानकारी के अभाव में दूर दराज से श्रदालु मेले में नही पहुच पाए थे। जिसके कारण मेले में अधिक भीड़ नही हो पाई थी। स्थानीय व्यवसायी विनय गुप्ता, विनोद गुप्ता, मुनीलाल गोड, विपिन कुमार, उदयभान कुशवाहा, योगेंद्र गुप्ता, रंगलाल पासवान भोला गुप्ता परदिप ठाकुर आदि ने बताया कि इस वर्ष इस ऐतिहासिक बासी नहान मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। मान्यता के अनुसार विवाहोपरांत अयोध्या जाने के दौरान प्रभु श्रीराम ने माता जानकी संग इस दिन बांसी नदी में स्नान किया था।

## शहर >> अपडेट

### परवेज को पार्टी ने बनाया जिला का संयुक्त सचिव

**बेरमो** :झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने एक बैठक में लिए गए निर्णय को सार्वजनिक करने के बाद खेतको गांव में खुशी की लहर दौड़ गई और गांव में बधाई देने वालों का आना जाना शुरू हो गया। पिछले दिनों झामुमो के जिला स्तरी बैठक में सर्वसम्मति से खेतको गांव निवासी मो परवेज उर्फ राजू को बोकारो जिला के संयुक्त सचिव बनाने की घोषणा की गई। जिसकी औपचारिकता भी पार्टी के जिला कमेटी ने पुरी कर दी ।

## बैठक

### सीसीएल मे पेंशन अदालत का आयोजन

# सीएमपीएफ के 17 मामलों की हुई सुनवाई

▶▶जल्द समस्याओं का निपटारा करने पर बनी सहमति

▶▶सीएमपीएफ का पैसा नहीं मिला

**राष्ट्रीय खबर**



**गिद्दी:** अरगड्डा क्षेत्र के टोंगी क्लब में सीसीएल के द्वारा सीएमपीएफ त्रिपक्षीय समिति की बैठक में पेंशन अदालत आयोजित की गई। जिसमें अरगड्डा क्षेत्र के सिरका कोलियरी, गिद्दी ए, गिद्दी सी, रेलीगढ़ा गिद्दी वाशरी के दर्जनों सेवानिवृत्त मजदूरों व उनके परिजनों ने भाग लिया। पेंशन अदालत की सुनवाई में सीएमपीएफ के 17 और पेंशन के 49 समेत कई ऐसे मामले सामने आए जो लिस्ट में शामिल नहीं थे। पेंशन अदालत में मुख्य रूप से सीएमपीएफ सहायक कमिश्नर एसके प्रसाद, बोर्ड आंफ ट्रस्टी रमेन्द्र कुमार, बोर्ड आंफ ट्रस्टी डीडी रामनंदन, जीएम(पी/एसएस) हेडक्वार्टर युपी नारायण, जीएम(पी/एसएस) हेडक्वार्टर एसके तिवारी, एसएसए सीएमपीएफ ए. हेंब्रम, एसएसए सीएमपीएफ अजय कुमार, जीएम अरगड्डा क्षेत्र सुधांशु कुमार पांडे, एसओपी एमएफ हक, मैनेजर (पी) मनीष कुमार अम्बष्टा, डीयू एम हैडक्वॉर्टर एस.टीएम आदि उपस्थित हुए। पेंशन अदालत में पूर्व कर्मी व परिजन महेश्वरी सिंह, रमेश राम, अर्जुन पांडे, लालमन यादव, मंजू देवी, सोनम देवी, कौशल्या देवी, दीपक घांसी आदि ने अपनी समस्याएं रखी। इसे जानने के बाद बीओआई रमेंद्र कुमार, बीओआई डीडी रामनंदन ने कहा कि एनसीडब्ल्यू 10, एनसीडब्ल्यू 8 के मामले सामने आ रहे हैं। इसमें कई लोगों का पेंशन ही शुरू नहीं हुआ। सीएमपीएफ का पैसा नहीं मिला। नाम में डिफीरेंस सामने आ रहा है। जो प्रबंधन की घोर लापरवाही को दशार्ता है। चिट्ठी जारी करने के बाद चार से भी अधिक दफा क्लेम करने के बाद लिस्ट में नाम तक अंकित नहीं हो पाया है। जो बड़ी भूल को दिखाता है।

क्षेत्र के सिरका समेत कई पर्सनल विभाग के अधिकारियों को लापरवाही और निष्क्रियता पर कार्रवाई क्यों ना की जाए इसके बारे में भी चेताया गया। वहीं जीएम सुधांशु कुमार पांडे ने भी पर्सनल विभाग के रवैया को लेकर प्रबंधन की ओर से गड़बड़ियां को ठीक करने का सख्त फटकार लगाते हुए निर्देश दिया गया। अदालत में पहुंचे कई मजदूर व परिवार के लोगों ने बताया कि हम लोगों को कोलियरी कार्यालयो के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल कागजात जुटाने और निकालने में लगे हुए रहना पड़ता है। सेवानिवृत्ति मजदूरों ने पेंशन अदालत के बाद सकारात्मक पहल होने की आशा भी व्यक्त की है।

मौके पर अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन अधिकारियों में स्मिता पन्ना, रोहित कुमार जायसवाल, गिद्दी ए पीओ आरके सिन्हा, सिरका पर्सनल के सुप्रिया लक्ष्मी, शिवकुमार साहू, संतोष कुमार चंद्रवंशी, एसके श्रीवास्तव, यूनियन नेता बैजनाथ मिस्त्री, सुशील कुमार सिन्हा, धनेश्वर तूरी, गौतम बनर्जी, पुरुषोत्तम पांडे, दीपक कुमार, जन्मजय सिंह, कमरुद्दीन खान, मुस्तफा खान, बिजेन्द्र प्रसाद, देवनाथ महली, कर्मचारी दुर्वेज सिंह, शंकर, प्रहरी जितेन्द्र, भैयालाल समेत कई पूर्व कामगार और परिजन उपस्थित थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### श्री सत्य साई संस्था के कार्यकर्ता ने किया भूतपूर्व सैनिक को रक्तदान

**पाकुड़ :** सत्य सनातन संस्था के आह्वान पर श्री सत्य साई संस्था के कार्यकर्ता व राजापाड़ा निवासी सुशांत कुमार दुबे ने भूतपूर्व सैनिक कमलेश त्रिवेदी जो किड़नी के बीमारी से ग्रसित है एवम् जिनको डायलिसिस के लिए सोनाजोड़ी स्थित सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, डायलिसिस के लिए रक्त की आवश्यकता थी जिसके लिए उनके पुत्र ओम त्रिवेदी ने संस्था से संपर्क किया। रक्त की आवश्यकता को देखते हुए संस्था ने श्री सत्य साई संस्था पाकुड़ के कार्यकर्ता सुशांत कुमार दुबे से संपर्क किया। सुशांत कुमार दुबे ने संस्था के आह्वान पर पुराना अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष में उपस्थित होकर अपना रक्तदान किया।

### बूथ कमेटी का पूनर्गठन का सिलसिला जारी

**पाकुड़ :** प्रखंड अध्यक्ष मांसारुल हक के नेतृत्व मे पंचायत पृथ्वीनगर में बूथ कमेटी का पूनर्गठन किया गया मौके पर ही प्रखंड अध्यक्ष ने बूथ कमेटी को कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया साथ ही और नए लोगों को कांग्रेस पार्टी में जोड़ने का काम किया एवं मन लगाकर कार्य करने को कहा कजिसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि गुलाब महबूबआलम आदि उपस्थित थे ।

## समवेल सोरेन बने आमडापड़ा प्रखंड अध्यक्ष

**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ,लिट्टीपाड़ा विधानसभा प्रभारी सेमिनुल इस्लाम उर्फ सेलिम बाबू ने नव घोषित अमड़ा पाड़ा प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष समवेल सोरेन को माला पहनाकर उनका सम्मान किया तथा नियुक्ति पत्र प्रदान किया। जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने कहा की लिट्टीपाड़ा विधानसभा के आमडापड़ा प्रखंड सांगठनिक द्दष्टिकोण से कमजोर है।जिसे मजबूत कर बूथ लेबल तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाना है। प्रखंड अध्यक्ष बनने के बाद समवेल सोरेन ने कहा की मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को एक राष्ट्रीय पार्टी की जिम्मेदारी मिली है। मैं इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी अभिभावक आलमगीर आलम साहब, पाकुड़ जिला प्रभारी प्रदेश महासचिव तनवीर आलम जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार लिट्टीपाड़ा विधानसभा के प्रभारी सेमीनुल इस्लाम का आभार प्रकट करता हूं। जिस उम्मीद के साथ पार्टी ने मुझे जिम्मेदारी दी उसपर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री सोरेन पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश महासचिव उदय लखमानी से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया, प्रदेश महासचिव ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया एवं संगठन के मजबूती पर बल दिया।

## सा.शा. ब्राह्मण महासभा का 26 वां वार्षिक समारोह 3 दिसंबर को




**राष्ट्रीय खबर**

**गोला :** बिजुलिया तालाब रोड रामगढ़ स्थित गायत्री शक्तिपीठ में सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा का 3 दिसंबर को 26 वां वार्षिक समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर महासभा के प्रतिनिधि और सदस्य जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर रहे हैं। इस कार्यक्रम को लेकर महासभा के जिला सचिव नागेंद्र पाठक, महेश मिश्र, महासभा के युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्र ने गोला, बारियातु, कमती में भ्रमण कर समाज के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर समारोह को सफल बनाने की अपील की। बारियातु में अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेश चंद्र मिश्र, कमती में भुतपूर्व मुखिया पंचानन पाठक, गोला में अनील कुमार पाठक, अजय कुमार पाठक से सम्पर्क कर समारोह को सफल बनाने की अपील की गयी। बताया गया कि सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ का जमशेदपुर में जनवरी माह में प्रांतीय सम्मेलन होने वाला है। इस सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक. में विचार विमर्श किया जाना है। पुजानोत्सव के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाज के बुजुर्गों, प्रतिष्ठित, ज्योतिषी, अवकाश प्राप्त शिक्षक, लेखक, कवि, प्रतिभावान को सम्मानित किया जाएगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शहीद जीतराम बेदिया की जयंती की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**गोला :**चाड़ी पंचायत भवन में गोला(पश्चिम) जिला परिषद सदस्य सरस्वती कुमारी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में स्वतंत्रता सेनानी शहीद जीतराम बेदिया की जयंती 30 दिसंबर को भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में गोला प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गाँव से आए समाजसेवी मुख्य रूप से ब्रजकिशोर बेदिया साडम माचाटांड़, ललन बेदिया भुभुई हेसापोडा, देवेंद्र बेदिया मुरपा बंदा, शिव बेदिया तोपासारा कोराम्बे, महेश बेदिया, विशेश्वर बेदिया बंदरचुवा बेटुल, आनंद बेदिया कमलेश बेदिया, सुतरी, उमेश बेदिया बाँसगढा, रंजीत बेदिया चाडी, सुनील बेदिया, कालेश्वर बेदिया, बिसंबर बेदिया शामिल हुए। आगामी तैयारी बैठक गोला प्रखंड में रखने का भी निर्णय लिया गया।

### कृषि विज्ञान केंद्र का बीडीओ ने किया भ्रमण

**महेशपुर (पाकुड़) :** मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र का गुरुवार को बीडीओ सिद्धार्थ शंकर ने भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. संजय कुमार, कनीय अभियंता रंजीत मंडल तथा कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य वैज्ञानिक व कर्मी उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान बीडीओ ने वर्मी कंपोस्ट, सुकर पालन, मृदा जांच लैब, अजोला की खेती तथा एकीकृत खेती के तहत मत्स्य पालन, बत्तख पालन सहित अन्य कार्यों के बारे में स्थलीय भ्रमण कराते हुए अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान डॉ. संजय कुमार ने बीडीओ से कृषि विज्ञान केंद्र में चाहरदीवारी नहीं रहने के कारण हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए पहल करने की बात रखी। इस पर बीडीओ ने बताया कि इस संबंध में उपायुक्त को अवगत कराया जाएगा। उनके आदेशानुसार अग्रेतर कार्य किया जाएगा।

## कोयला उद्योग को बचाने के लिए मजदूरों को होना होगा संगठित : डीडी रामानंदन



**राष्ट्रीय खबर**

**गिद्दी :**एनसीओइए अरगड्डा क्षेत्र द्वारा जेबीसीसीआइ सदस्य सह बोर्ड आफ ट्रस्टी सदस्य सह कोल फैडरेशन महासचिव डीडी रामानंदन का गिद्दी चौक पर बुधवार को जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान एनसीओइए सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य अरूण कुमार सिंह ने डीडी रामानंदन को पुष्पगुछ व फुल माला पहनाकर स्वागत किया। डीडी रामनंदन ने कहा कि कोल इडिया प्रबंधन कोयला उद्योग को निजी मालिकों के हाथों बेचने पर उतारू है। कोयला उद्योग को बचाने के लिए तमाम कोयला कर्मियों को संगठित होकर आवाज उठाने की आवश्यकता है। तभी कोयला उद्योग को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पेंशन बोर्ड आफ ट्रस्टी सदस्य होने के नाते पेंशन अंतिम व्यक्ति तक लंबे समय तक मिलने की बात बोर्ड आफ ट्रस्टी में उठाया गया है। प्रबंधक भी 20 रूपया टन पर तैयार हो गई है। कहा कि जरूरत पड़ी तो और बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इतना ही नहीं आगामी दिनों में पेंशन व पीपीएफ शतप्रतिशत कम्प्यूटराइज होने जा रही है। आने वाले 3-4 माह में पेंशन का दावा और आपति का कार्य पेपर लेश होने जा रहा है।साथ ही पेंशन धारी की मृत्यु के बाद उनकी विधवा को पेंशन के लिउ दर-दर न भटकना पड़े। इसके लिए मृतक की विधवा को आधार का रिभाइज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। श्री रामानंदन ने कहा कि जल्द ही रिभाइज पेंशन लोगों को मिलने लगेगी। वहीं इस मौके पर अरूण कुमार सिंह ने कहा कि डीडी रामानंदन अरगडा एरिया में आयोजित होने वाले पेंशन आदालत में शामिल होने के लिए अरगडा एरिया पहुंचे थे।

### रजरप्पा वॉलीबॉल टीम ने किया गिरिडीह सांसद को सम्मानित

## खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का कार्य हमेशा करते रहेंगे : चंद्रप्रकाश




**राष्ट्रीय खबर**

**चितरपुर :**रजरप्पा क्षेत्र के वॉलीबॉल क्लब द्वारा गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को सम्मानित किया गया। इस दौरान सीसीएल रजरप्पा के महाप्रबंधक पीएन यादव ने मिठाई खिला कर व मोमेंटो देकर सांसद को सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कई प्रतिभावान खिलाड़ी निकले है। इसका श्रेय गिरिडीह सांसद को जाता है। जिन्होंने उन्हें आगे बढ़ाने का काम करते हैं। वहीं गिरिडीह सांसद ने कहा कि वे खिलाड़ियों को आगे बढाने का काम हमेशा करते रहेंगे। ताकि ग्रामीण क्षेत्र से भी खिलाड़ी निकल सके। मौके पर सुबोध कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## कलश यात्रा

### सात दिवसीय श्री राम कथा का कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

# सैकड़ों महिला,किशोरियों ने लिया कलश यात्रा में भाग

▶▶जय श्री राम के नारे से पूरे मुख्यालय भक्तिमय हो गया

▶▶कथा का आयोजन श्रीराम कथा समिति महेशपुर के तरफ से किया गया

▶▶कलश यात्रा में 501 महिला एवं कन्याएं शामिल हुई

**राष्ट्रीय खबर**



**महेशपुर (पाकुड़):** मुख्यालय के बूढ़ा बाबा महेश्वर नाथ शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को सात दिवसीय श्रीराम कथा शुभारंभ भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ किया गया। कथा का आयोजन श्रीराम कथा समिति महेशपुर के तरफ से किया गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर पूरे प्रखंड मुख्यालय का भ्रमण करते हुए रजवाड़ी स्थित ठाकुरबाड़ी नदी घाट में पहुंची। कलश यात्रा में 501 महिला एवं कन्याएं शामिल हुई। नदी घाट पर पहुंचने के पश्चात बौसी बिहार के पुरोहित बाबा राजहंस एवं महेशपुर के पुरोहित ललित तिवारी के द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चार के साथ कलश में जल भर कर संकल्प करवाया गया। कलश में जल भरने के बाद कलश यात्रा तिवारीपाड़ा होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंचा। जहां पर कलश स्थापित की गई। कलश यात्रा के के साथ डीजे पर गूंज रहा धार्मिक संगीत यात्रा में शामिल लोगों को जोश भरने का कार्य किया। साथ ही जय श्री राम के नारे से पूरे मुख्यालय भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा कार्यक्रम सम्पन्न होने के उपरांत शाम को कथा वाचक अमड़ापाड़ा के रवि शंकर ठाकुर के द्वारा राम कथा का प्रवचन हुआ। राम कथा के सफल आयोजन में अशोक वर्मा, बीरबल मंडल, गोपाल भगत, सुभम भगत समेत अन्य ने अहम भूमिका निभाई।

### 27 नवंबर को होगा चक्का जाम व उत्पादन ठप आंदोलन

**बेरमो** :डी भी सी एवं सी सी एल के विस्थापितों के साथ प्रबंधन के मनमानी रवैया के विरोध में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी जी द्वारा दिनांक 27/11/2023 को डीवीसी के बी टी पी एस एवं सी टी पी एस तथा सी सी एल के कथारा क्षेत्र, बी एंड के क्षेत्र एवं ढोरी क्षेत्र को चक्का जाम व उत्पादन ठप आंदोलन आहुत की गई जिसके आलोक में सांसद द्वारा उपरोक्त विस्थापित गांवो का सघन दौरा कर ग्रामीणों का उत्साह बढ़ाया जा रहा है और आंदोलन की तैयारी भी की जा रही है। इसी क्रम में गैरमजरुआ ग्राम में एक महत्वपूर्ण बैठक रखा गया जिसमें ग्रामीणों ने सांसद को डी भी सी द्वारा दी जा रही बिजली बिल की समस्या से अवगत कराया। बताया गया कि कैसे प्रबंधन विस्थापितों का शोषण कर रहा है, सड़क मार्ग बुरी तरह प्रभावित है, विद्यालयों में भी विस्थापितों के बच्चों के लिए कोई स्थान नहीं दिया जा रहा है।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बेरमो :** बेरमो थाना की पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया। इस बाबत बेरमो थाना में कांड संख्या 152/23 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि बीती रात्री सिंह नगर स्थित सावित्री पेट्रोल पंप के पास छापेमारी कर चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के बंदियों निवासी कामेश्वर पांडेय के पुत्र प्रमोद पांडेय को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थाना में पुछताछ के दौरान इसकी निशानदेही पर एक और बाइक बरामद किया गया है। कहा कि बाइक का नंबर प्लेट उखाड़ दिया गया था। इंजन नंबर के आधार पर बाइक की पहचान हुई। उक्त बाइक नावाडीह थाना क्षेत्र से चोरी किया गया था। छापेमारी में बेरमो थाना के सुभाष पासवान, मिथुन मंडल सहित शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### फुसरो में श्याम बाबा की जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन

**बेरमो :** फुसरो के राजेंद्र स्मृति के भवन में स्थित श्री श्याम रसोई सेवा परिसर में खाटू श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन किया। यहा खाटू श्याम बाबा के जन्मदिन पर केक काटकर भण्डारे का आयोजन किया गया। खाटूश्याम बाबा के जन्मदिन पर सभी भक्तगण ने झूमते नजर आए। कार्यक्रम में बेरमो बीडीओ मघू कुमारी, द्वारिका प्रसाद बंसल, राम गोपाल अग्रवाल, ढोरी जीएम की पत्नी अर्चना अग्रवाल, प्रेम राज गोयल, छितरमल अग्रवाल,आनंद गोयल, कांग्रेसी नेता छेदी नोनिया व परवेज अख्तर, भाजपा नेता दिनेश सिंह, सुमित सिंह ,व शंकर सिंहा सहित हिमांशी अग्रवाल, पूनम अग्रवाल,अनीता गोयल,सुरेश बंसल,मीनू अग्रवाल, तरूण गुप्ता, दीपक अग्रवाल,रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह, प्रवीण अग्रवाल, दिलीप मित्तल,पंकज मित्तल, सुरेंद्र गोयल, कल्याण अग्रवाल, छितरमल अग्रवाल, सुशांत राईका, पवन अग्रवाल, श्याम लाल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, राजू अग्रवाल आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

### श्री सत्य साई बाबा का जन्मदिन पर जरूरतमंद लोगो के बीच प्रसाद का वितरण

**बेरमो :**श्री सत्य साई सेवा समिति बेरमो-करगली की ओर से घुटियाटांड कॉलोनी स्थित साईं मंदिर में श्री सत्य साई बाबा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। संकीर्तन में साईं भजनों पर भक्त जमकर झूमे। आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। शाम को पांच बजे से साईं भक्तों ने सुंदर-सुंदर भजन सुनाए। इनमें साईं हमारा हम साईं के, चमका है जीवन सितारा हमारा, मानस भजरे गुरु चरणम, ऐसा प्रेम तुम्हारा, साईं राम हमारा, साईं ओम, साईं ओम, साईं ओम, तन-मन प्राण में साईं ओम, आना ही पड़ेगा बाबा आना ही पड़ेगा, मुझे चरण कमल में ले लो आदि भजन सुनाए। इस अवसर पर समिति के विजय कुमार सिंह के नेतृत्व मे बेरमो स्टेशन समीप स्थित प्रेम नगर कॉलोनी मे सैकड़ो निर्बल वर्ग, कुष्ठ रोगियों, अनाथ, दिव्यांग एवं वृद्ध व्यक्तियों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कहा हमें अपने जीवन को पवित्र बनाने के लिए परमार्थ कार्य और दूसरों की सेवा करनी चाहिए। फुसरो व्यवसाई संघ के आर उनेश ने कहा कि श्री सत्य साई बाबा का जीवन धैर्य, त्याग और सेवा कार्य पर आधारित रहा। बाबा ने हमेशा सबसे प्रेम, सबकी सेवा करने की सीख दी। भाजपा फुसरो मंडल निवर्तमान महामंत्री दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि हमें दूसरों की सेवा व जन कल्याण के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। निस्वार्थ भाव से सेवा की जानी चाहिए। तभी हमारे द्वारा श्री सत्य साई बाबा का जन्मदिन मनाना सार्थक होगा। मनोज जैना ने कहा कि हमें बाबा के सिद्धांतों पर चलकर अपने जीवन को जीना चाहिए और हमेशा मानव सेवा कार्यों में लगा रहना चाहिए। इस मौके पर इस अवसर पर इनमोसा के राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष सह समिति के विजय कुमार सिंह, भाजपा फुसरो मंडल के निवर्तमान महामंत्री दिनेश कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी शंकर सिंहा सहित मनोज जैना,उजैनी जैना, संतोष कुमार पांडेय, दिलीप रवानी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### करगली वाशरी पीओ पांडे ने कहा रजिस्टर में दर्ज है 10 हजार रिजेक्ट कोल और स्लरी स्टॉक

**बेरमो :**सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत करगली जवाहर नगर मोड़ हीरक रोड के समीप करगली कोलियरी के बंद एक नंबर खदान के नजदीक करगली वाशरी से उत्सर्जित रिजेक्ट कोल और स्लरी का लगभग 10 हजार टन स्टॉक था। ई-ऑक्शन द्वारा पूर्व में हुए बिक्री के बाद 10 हजार टन स्टाक बच गया था। लेकिन बाद मे उसका ई-ऑक्शन नही हुआ। नतीजतन रिजेक्ट कोल और स्लरी का लगभग 10 हजार टन का स्टॉक आज तक बचा है।वकोल करगली वाशरी पीओ भी एन पांडेय ने कहा कि रजिस्टर के हिसाब से अब भी 10 हजार टन स्टॉक है। जिसका ग्रेडिंग कर ई ऑक्शन द्वारा बेचा जाएगा। इस संबंध में पूछताछ करने पर बीएंडके क्षेत्र के महाप्रबंधक एमके राव ने कहा कि उन्हें इस रिजेक्ट कोल और स्लरी स्टॉक के बारे में जानकारी नहीं है। इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि लगभग 4 साल में महाप्रबंधक एम के राव को करगली वाशरी के 10 हजार टन रिजेक्ट और स्लरी स्टॉक का पता नहीं चल सका। लेकिन कोयला तस्करों को इसकी पूरी जानकारी है। यूनियन प्रतिनिधियो ने कहा कि सीसीएल के कुछ अधिकारी के साथ मिलकर इस स्टॉक से पिछले कई वर्षों में काफी मात्रा में रिजेक्ट कोल और स्लरी उठा लिया गया है। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में इसी तरह के मामले को लेकर जेएमएस के रिजनल सचिव स्वर्गीय सूरज नाथ सिंह ने पत्राचार की थी जिसमें महाप्रबंधक सहित सीसीएल के कई कर्मी नपे थे। कुछ अभी तक बर्खास्त है। यह मामला भी काफी संवेदनशील है। शिकायत पत्र भेजने की बात हो रही है। यदि माननीय प्रधानमंत्री के संज्ञान में मामला गया तो कार्रवाई होनी तय लगती है।

### फुसरो स्थित भाजपा कार्यालय में संविधान दिवस मनाने को लेकर बैठक सम्पन्न

**बेरमो /फुसरो** :भाजपा ओबीसी की ओर से पुराना बीडिओ ऑफिस स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को संविधान दिवस मनाने को लेकर बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष चंदन राम व संचालन जिला मंत्री रामू ताँती ने किया। यहां 26 नवंबर को फुसरो में जिला स्तरीय संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया. वक्ताओ ने कहा कि सरकार ने 26 नवंबर को ह्यसंविधान दिवसह्ण के रूप में मनाने का फैसला किया है. इस दिन 1949 में संविधान को अपनाया गया था जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ और भारत के इतिहास में एक नए युग की शुरूआत हुई। इस साल भी देश डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती मना रहा है. बताया गया कि उक्त कार्यक्रम में चंदनकियारी विधायक अमर वाउरी, भाजपा के बोकारो जिलाध्यक्ष भरत यादव सहित कई वरिष्ठ नेताओ को आंमत्रित कर शामिल होने का आग्रह किया जायगा. बताया कि संविधान दिवस के उपलक्षय में पूराना बीडीओ ऑफिस से गाजे- बाजे के साथ भारी संख्या में शोभा यात्रा निकाली जायगी जो बेरमो ब्लॉक तक होगी. इसके प?ात डॉ राजेंद्र प्रसाद स्मृति भवन में कार्यक्रम किया जायगा. मौके पर अनुसुचित मोर्चा के जिला मंत्री सुभाष राज, सांसद प्रतिनिधि शिवलाल रविदास, भाजपा के पूर्व फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष रामकिंकर पांडेय, फुसरो नगर महामंत्री रमेश स्वर्णकार, भरत वर्मा, सुमित सिंह, दिनेश सिंह, प्रशांत सिंह उर्फ सन्नी, मुलचंद खुराना, अशोक रवि, सुखदेव रवि, लालमोहन महतो आदि लोग मौजूद थे।

### जरासंघ के भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पुजन कार्यक्रम सम्पन्न

**बेरमो** :बृहस्पतिवार को साड़म स्थित जरासंध नगर में जरासंध मंदिर परिसर में भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं जरासंध जयंती समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष दिनेश जी के द्वारा झंडो तोलन किया गया। भूमि पूजन भूमि दान कर्ता भंडारी परिवार के वर्तमान वंशज संजय भंडारी और उनकी धर्मपत्नी ने किया। जबकि इस कार्यक्रम में आयोजित सभा का संचालन मिथुन कुमार चंद्रवंशी ने किया। इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवानंद रवानी, डोमन राम, घनश्याम राम, नेपाल राम, जगदीश राम, हीरालाल रवानी,सरोज कुमार, ओमप्रकाश भंडारी,अवध किशोर सिंह, भुवनेश्वर रवानी, द्वारका रवानी, अंकुश रवानी, सुधीर राम, नवीन वर्मा, कुलदीप राम, भगवान दास राम आदि लोग के अलावे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

संपादकीय

# बंधकों की रिहाई शुभ संकेत पर संदेह कायम

गाजा में अब इजरायल और हमास आतंकवादियों के बीच बंधक बनाये गये लोगों की रिहाई पर युद्धविराम हुआ है। अब तक बंधक रिहा तो नहीं हुए हैं पर कहा गया है कि पहली खेप में पचास लोगों को रिहा किया जाएगा। यह रिहाई शुक्रवार से होगी। इस उम्मीद में बंधक बनाये गये लोगों के परिजन उस स्थान के आस पास पहुंचे हुए हैं, जहां से इनलोगों को वापसी होनी है। इतने भीषण संघर्ष और रक्तपात के रूकने की दिशा में यह एक अच्छा कदम है पर इसके रास्ते उतने सुगम नहीं है, जितना आम लोग समझते हैं। लड़ाई में विराम के बदले में बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने के लिए इजरायल-हमास का समझौता गाजा पट्टी के 2।3 मिलियन लोगों को बहुत जरूरी मानवीय राहत प्रदान करता है, जो 7 अक्टूबर से अकथनीय दुख में जी रहे हैं। समझौते के अनुसार, कतर की मध्यस्थता में बातचीत के बाद हमास 50 नागरिक बंधकों को रिहा करेगा जबकि इजराइल 150 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। दोनों पक्ष चार दिनों तक लड़ाई भी बंद रखेंगे। इजरायली सरकार ने कहा है कि यदि हमास अधिक बंधकों को रिहा करता है, तो लड़ाई में विराम को बढ़ाया जा सकता है, जिससे अधिक निरंतर युद्धविराम हासिल करने की आशा की किरण दिखाई देती है। हमास ने 7 अक्टूबर को इजराइल में सीमा पार हमले के दौरान लगभग 240 बंधकों को पकड़ लिया था, जिसमें कम से कम 1,200 लोग मारे गए थे। जब इजराइल ने उसी दिन अपना जवाबी हमला शुरू किया, तो उसने हमास को कुचलने, गाजा से सुरक्षा खतरों को हमेशा के लिए खत्म करने और बंधकों को मुक्त करने का वादा किया। पिछले छह हफ्तों में, इजरायली हमलों ने गाजा को कब्रिस्तान में बदल दिया है, जिसमें कम से कम 13,000 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। लेकिन इजराइल ने बंधकों को मुक्त कराने के लिए हमास के साथ अप्रत्यक्ष बातचीत शुरू कर दी, जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान समझौता हुआ। लेकिन इतना पर्याप्त नहीं है। गाजा के लोग, जो बमबारी, गोलाबारी, विस्थापित और भोजन, ईंधन और दवाओं जैसी आवश्यक आपूर्ति से वंचित हो गए हैं, तुरंत एक स्थायी युद्धविराम चाहते हैं। इजराइल ने शुरू में हमास आतंकवादियों के साथ कोई भी बातचीत करने से इनकार कर दिया और इस्लामी आतंकवादी समूह को खत्म करने का वादा किया। हमास द्वारा फैलाई गई भयावहता को देखते हुए इजराइल का गुस्सा समझ में आता है। लेकिन इसके जवाब में बदला लेने वाला इजराइल सामूहिक रूप से गाजा के लोगों को सजा दे रहा है। कई इजरायली मंत्रियों ने परमाणु खतरों से लेकर दक्षिणी गाजा में महामारी का स्वागत करने तक खतरनाक और प्रतिकूल बयान जारी किए हैं। लेकिन छह सप्ताह की लड़ाई के बाद, इजराइल अपने स्वयं के घोषित उद्देश्यों को प्राप्त करने से बहुत दूर है, जो उसकी सैन्य रणनीति की प्रभावशीलता पर सवाल उठाता है। इसने गाजा की सबसे बड़ी चिकित्सा सुविधा अल-शिफा अस्पताल पर हमला कर दिया, यह आरोप लगाते हुए कि इसके नीचे हमास कमांड सेंटर स्थित था। एक सप्ताह से अधिक समय हो गया है, इजराइल ने अभी तक इस दावे के समर्थन में कोई विश्वसनीय सबूत पेश नहीं किया है। लेकिन यह तथ्य कि इजराइल और हमास एक समझौते पर पहुँच गए हैं, यह बताता है कि दोनों पक्ष प्रचार और खूनी लड़ाई के बीच भी एक-दूसरे के साथ जुड़ने के लिए तैयार हैं। उन्हें समझौते से उत्पन्न गति को आगे बढ़ाना चाहिए और विराम को पूर्ण युद्धविराम में बदलना चाहिए। सभी बंधकों को रिहा करने, फिलिस्तीनियों को स्थायी राहत प्रदान करने और पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को शांत करने का यही एकमात्र तरीका है। इस उम्मीद के बीच इजराइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने बुधवार रात कहा कि इजराइल और हमास आतंकवादियों के बीच अस्थायी संघर्ष विराम के तहत बंधकों की रिहाई शुक्रवार से पहले नहीं होगी। इजराइल और हमास ने बुधवार तड़के गाजा में कम से कम चार दिनों के लिए युद्धविराम पर सहमति व्यक्त की, ताकि इजराइल की जेलों में बंद कम से कम 150 फिलिस्तीनियों के बदले में फिलीस्तीनी क्षेत्र में आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए कम से कम 50 बंधकों को सहायता दी जा सके। 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमले के दौरान हमास द्वारा पकड़े गए बंधकों की रिहाई और संघर्ष विराम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई थी। मध्यस्थों ने गुरुवार को सुबह 10 बजे का समय शुरू करने की मांग की। इजराइल के सार्वजनिक प्रसारक कान ने एक इजराइली अधिकारी का हवाला देते हुए बताया कि समझौते में 24 घंटे की देरी हुई क्योंकि समझौते पर हमास और मध्यस्थ कतर द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गए थे। अधिकारी ने कहा कि वे आशावादी हैं कि समझौते पर हस्ताक्षर होने पर इसे लागू किया जाएगा। फिर भी भूमिगत सुरंगों में छिपे खतरों को इजरायल यूं ही छोड़ देगा, इसका उम्मीद कम है।



# गहलोत के वादों पर लोगों को नहीं है एतबार

राजस्थान विधानसभा का चुनावी संग्राम अंतिम दौर में पहुंच चुका है। सभी राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी पार्टी के पक्ष में धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले दो वर्षों से कह रहे हैं कि हम राजस्थान में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज तोडेंगे और लगातार दूसरी बार सरकार बनाकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। इसके लिए अशोक गहलोत साम, दाम, दंड, भेद की नीति अपना रहे हैं। यहां तक की उन्होंने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट की तारीफ करने में भी गुरेज नहीं कर रहे हैं।

सरकार की वापसी के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मतदाताओं को लुभाने के लिए पिछले काफी समय से तरह-तरह की योजनाएं चला रहे थे। अब उन्होंने चुनावी ब्रह्मास्त्र के रूप में अपनी सरकार की तरफ से लोगों को सात गारंटी देने की घोषणा की है। साथ ही यह भी कहा है की सरकार रिपीट होने पर इन सातों गारंटी को लागू कर आम जनता को इनका फायदा पहुंचाया जाएगा।

मगर गहलोत के साथ वही बात हो रही है कि बहुत देर कर दी हुजूर आते-आते। राजस्थान के मतदाताओं को गहलोत की गारंटी के ऊपर एतबार नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जब पूरे पांच साल लगातार सरकार चलाई तब इन सब बातों पर अमल क्यों नहीं किया। अब गारंटी देकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। गहलोत सरकार ने प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को घरेलू कनेक्शन पर 100 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त उपलब्ध करवा रही है। मगर दूसरी तरफ विद्युत कंपनियां पिछले 3 साल की ऑडिट के नाम पर बहुत से घरेलू उपभोक्ताओं से बकाया वसूली के रूप में पांच हजार से बीस हजार रुपए तक का बकाया निकाल कर वसूल रही है। इससे लोगों का गहलोत सरकार के प्रति विश्वास डगमगा गया है।



रमेश सर्राफ धमोरा
साहित्यकार

लोगों का कहना है कि जहां हरियाणा में वृद्धावस्था पेंशन 2500 प्रतिमाह है। वही राजस्थान में चुनाव के नजदीक आने पर सरकार ने उसे बढ़ाकर 1000 किया है। प्रदेश में आज ऐसे बहुत से वरिष्ठ नागरिक है जिनके जीवन बसर का कोई साधन नहीं हैं। ऐसे में यदि वरिष्ठ जनों की पेंशन में बढ़ोतरी होती तो उनको जीवन बसर करने में बहुत सुविधा होती। मगर सरकार ऐसा करने में फेल रही है।

गहलोत मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना की बहुत तारीफ करते घूमते हैं तथा चुनावी घोषणा पत्र में भी उसे बढ़ाकर 50 लख रुपए प्रति परिवार तक करने का वादा किया है। मगर प्रदेश के 95 फीसदी निजी अस्पतालों में यह योजना चल ही नहीं रही है। सिर्फ सरकारी अस्पतालों में चल रही है जहां की व्यवस्था का तो भगवान ही मालिक है। यदि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चिरंजीवी योजना की राशि को पहले के तरह ही रखकर उसे सभी निजी अस्पतालों में हर बीमारी के उपचार के लिए लागू करवा देते तो प्रदेश की जनता को अधिक फायदा मिलता। मगर ऐसा हो नहीं पाया है।

चुनाव की घोषणा के कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री ने उज्ज्वला योजना में महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की और जब भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में सरकार बनने पर साढ़े चार सो रुपए में सभी महिलाओं को हर माह एक गैस सिलेंडर देने की बात कही तो मुख्यमंत्री भी अब 400 में सिलेंडर देने की बात कहते घूम रहे हैं। मगर कांग्रेस सरकार ने उक्त योजना को सिर्फ उज्वला के लाभार्थियों तक ही सीमित रखा। जबकि ऐसे बहुत से परिवार है जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। मगर उनके पास उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन नहीं होने से वह लोग इस तरह के लाभ से वंचित रह गए हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पांच वर्ष का कार्यकाल पार्टी में व्याप्त आंतरिक गुटबाजी व कांग्रेस नेताओं की आपसी लड़ाई में ही बीत गया। एक साल का समय तो कोरोना की भेंट चढ़ गया और बाकी समय सरकार बचाने को लेकर की गई बाड़ेबंदी में ही गुजर गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आम जनों के लिए बहुत बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की थी मगर वह धरातल पर नहीं उतर पाई। बजट के अभाव में बहुत सी सड़कों, जलदाय योजनाओं का काम अभी तक शुरू भी नहीं हो पाया है। जबकि उन्हें दो साल पूर्व के बजट में शामिल किया गया था। गांव में प्रारंभ किए गए महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालयों में भी शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से वहां पढ़ने वाले छात्रों की पढ़ाई खराब हो रही है।

पिछले 5 साल में जन विरोधी कार्यो के लिए जितनी गहलोत सरकार बदनाम हुई है। उतनी आज तक कोई भी सरकार नहीं हुई। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होना तो जैसे सरकार का मुख्य काम ही हो गया है। भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक होकर बाजार में बिकने के कारण राजस्थान के हजारों नौजवानों के नौकरी लगने से वंचित रह जाने के कारण उनका भविष्य खराब हो गया। राजस्थान लोक सेवा आयोग का सदस्य बाबूलाल कटारा रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बावजूद सरकार ने उसको आज तक पद से नहीं हटाया है।

प्रदेश में जिस तरह से खनन माफिया हावी है और खान मंत्री प्रमोद जैन भाया पर कांग्रेस के ही वरिष्ठ विधायक भारत सिंह ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं उसके बावजूद भाया का मंत्री पद पर बना रहना गहलोत सरकार के प्रति लोगों के मन में शक पैदा करता है। महिलाओं के प्रति विधानसभा में गलत बयान करने वाले शांति धारीवाल आज भी सरकार में मंत्री हैं तथा फिर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा शिक्षा राज्य मंत्री रहते जिस तरह से अपने रिश्तेदारों को सरकारी सेवा में अनधिकृत तरीके से भर्ती करवाने को लेकर बदनाम हुए हैं। उनकी बदनामी के दाग शायद ही कभी धूल पाए। राजस्थान में हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, गुजरात की तुलना में 12 रुपए प्रति लीटर डीजल, पेट्रोल के महंगा बिकने के मुद्दे को जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी चुनावी सभा में उठाया है और वायदा किया है कि भाजपा की सरकार बनने पर तुरंत डीजल, पेट्रोल की कीमतों की समीक्षा कर उन्हें काम किया जाएगा। इसका प्रदेश के मतदाताओं पर गहरा असर हुआ है। गहलोत सरकार ने कई बार वायदा कर डीजल-पेट्रोल के दामों में कमी नहीं की। राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अधिक होने से प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में करीबन 400 पेट्रोल पंप बंद हो चुके हैं। पेट्रोल डीजल की कीमतों से आम आदमी का सीधा संबंध रहता है। इसलिए यह मुद्दा गहलोत सरकार के गले की घंटी बन गया है।

पिछले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने समर्थक सभी विधायकों को अपने-अपने क्षेत्र का मिनी मुख्यमंत्री बना दिया था। जिसके चलते क्षेत्र में विधायकों ने मनमानी की और जमकर भ्रष्टाचार किया। जिससे आम मतदाता जिन्होंने बड़ी आशा के साथ कांग्रेस को वोट देकर सरकार बनवाई थी। उनके मन में कांग्रेस के प्रति नकारात्मक धारणा व्याप्त हो गई है। जिसे शायद ही कभी दूर किया जा सके। मुख्यमंत्री गहलोत सहित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी राजस्थान में लगातार चुनावी दौरे कर कांग्रेस को जिताने की अपील कर रहे हैं। मगर प्रदेश की जनता के रुझान से लगता है कि उन्होंने इस बार कांग्रेस को सबक सिखाने का दृढ़ संकल्प कर लिया है।

# सुख सभी प्राणियों को प्रिय है,दुःख किसी को प्रिय नहीं

अपनी आत्मा के शत्रुओं से युद्ध करो ! बाह्य शत्रुओं के साथ युद्ध करने से बया मिलेगा ? जो अपने द्वारा अपनी आत्मा के शत्रुओं को जीत लेता है, वहीं सच्चा सुख प्राप्त करता है। सुख कौन नहीं चाहता ? संसार का प्रत्येक प्राणी सुख की कामना करता है। सुख सभी को प्रिय है। दु:ख किसी को भी प्रिय नहीं है। हम चाहते नहीं हैं, फिर भी जीवन के द्वार पर आकर अपनी दस्तक दे ।नही चाहने पर भी सुखों का वसंत दु:खों के पतझड़ में परिवर्तित हो जाता है सच पूछा जाये तो अब भी लाखों नहीं, बल्कि करोड़ों मानव ऐसे मिल जायेंगे, जोकि भौतिक अथवा इन्द्रियों से प्राप्त विषय सुखों को ही सच्या सुख समझते हैं। इसका कारण है, आत्मा के प्रति ज्ञान का अभाव।आत्म शक्ति से अनभिज्ञ प्राणी ही नश्वर सुखों की ओर दौड़ते-दौड़ते अपने जीवन को नष्ट कर देते हैं। हृदयहीनता, प्रमाद और जड़ता ये चार दोष प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं। इसके विपरीत आत्म-सुख अखण्ड अशु और स्वतंत्र अथवा निरपेक्ष है। इन्द्रिय सुखों में मन की भटकन बढ़ जाती है। मन नये-नये साधनों की खोज में भटकता है। लेकिन जिसे आत्म-सुख हमारी आदत बाहर की ओर देखने की हो गई है। हम स्वयं को नहीं देखते, न उसे जानने की कोशिश ही करते हैं। जो स्वयं को नहीं जानता, वह दूसरों को क्या जानेगा ? इस विश्व में आत्माएँ कालक्रम के अनुसार शुद्ध होते-होते मनुष्यत्व को प्राप्त होती हैं। इस आत्मा को जानना सरल नहीं, इसके लिए पुरुषार्थ की जरूरत होती है। विज्ञान ने जिस बात का स्पष्ट उल्लेख इस युग में किया कि पदार्थ नष्ट नहीं होता, वही बात हमारे धर्मशास्त्र युगों से कहते आ रहे हैं कि वस्तु का मूल स्वभाव कभी नष्ट नहीं होता। जल का स्वभाव है, सका मूल गुण है, किसी भी परिस्थिति में जल अपने मूल स्वभाव से दूर नहीं जा सकता। अग्नि के साहचर्य से जल के गरम होने पर भी उसका स्वभाव नष्ट नहीं होता। धधकते हुए अंगारों पर आप चाहे शीतल जल डालें या गरम उसका स्वभाव आग को बुझाना है और वह उसे बुझा देगा। इसी तरह आत्मा का भी अपना स्वभाव है। इसके अपने गुण हैं। यह नित्य अविनाशी तथा शाश्वत है।हम यदि शरीर एवं आत्मा को एक-दूसरे से जोड़ते हैं तो यह हमारी भूल है। आपने नारियल को देखा होगा। नारियल का जल जब सूख जाता है तो उसके अन्दर का गोला बजने लगता है। वह बजता हुआ कहता है कि मैं हूँ। यह ऊपर का आवरण पृथक है। ठीक इसी प्रकार जब सूख जाता है, तब शरीर एवं आत्मा की पृथक अनुभूति होने लगती है।

साहित्य

# 'सनातन धर्म' के बदलते अर्थ



डॉ सत्यवान सौरभ
साहित्यकार

'सनातन धर्म' एक शब्द है जिसका प्रयोग अक्सर हिंदू धर्म का वर्णन करने के लिए किया जाता है। यह जीवन और विश्वास प्रणाली के एक प्राचीन और स्थायी तरीके का प्रतीक है। यह किसी एक संस्थापक, पंथ या पवित्र पुस्तक से बंधा नहीं है, बल्कि उभरते अनुभवों के आधार पर सत्य की निरंतर खोज की विशेषता है। 'सनातन धर्म' हिंदू परंपरा के भीतर मान्यताओं, प्रथाओं और दर्शन की एक विशाल श्रृंखला को समाहित करता है। 'सनातन धर्म' शब्द अब हिंदू धर्म का पर्याय बन गया है, जिसमें इसके अनुष्ठान, दर्शन और प्राचीन आध्यात्मिक परंपराएं शामिल हैं। हालाँकि, यह व्यापक उपयोग अपेक्षाकृत हाल ही में हुआ है और इसे मुख्य रूप से समाज के वर्गों द्वारा बढ़ावा दिया गया है। शब्दों के अर्थ स्थान, संदर्भ और कारण से प्रभावित होकर समय के साथ विकसित होते हैं। सनातन धर्म शाश्वत, कालातीत और अपरिवर्तनीय परंपराओं का प्रतिनिधित्व करता है जो भारत-खंड (भारतीय उपमहाद्वीप) के भूभाग में विकसित हुए हैं। ये परंपराएँ इस संस्कृति में इतनी समाहित हो गईं कि, इस भौगोलिक इकाई पर पुष्पित, पल्लवित और विकसित हुई संस्कृति को सनातन धर्म के नाम से जाना जाने लगा। यह अब्राहमिक धर्म की तरह कोई धर्म नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। इस धर्म का आधार हिंदू धर्म है, हालाँकि बौद्ध धर्म और जैन धर्म जैसी अन्य धाराओं ने भी इसमें अपना बहुमूल्य योगदान दिया। भले ही कुछ आध्यात्मिक नेता जातिगत विशेषाधिकार को संबोधित करते हैं, लेकिन वे शायद ही कभी व्यक्तियों को अपनी कट्टरता का सामना करने के लिए मजबूर करते हैं। जातिगत भेदभाव का प्रचार करने वाले ग्रंथों और प्रथाओं की आलोचनात्मक जांच का अभाव है। जातिवादी व्यक्तियों के कार्यों की जिम्मेदारी अक्सर जातिगत हिंसा से खुद को दूर रखने वालों द्वारा स्वीकार नहीं की जाती है। समकालीन चचाओं में, हिंदू धर्म के भीतर प्रगतिशील के रूप में पहचान रखने वालों के बीच बहस चल रही है और जो लोग खुद को अधिक रूढ़िवादी या रुढ़िवादी व्याख्या के साथ जोड़ते हैं। इस बहस के केंद्र में 'सनातन धर्म' शब्द रहा है। 'सनातन धर्म' शब्द अब हिंदू धर्म का पर्याय बन गया है, जिसमें इसके अनुष्ठान, दर्शन और प्राचीन आध्यात्मिक परंपराएं शामिल हैं। हालाँकि, यह व्यापक उपयोग अपेक्षाकृत हाल ही में हुआ है और इसे मुख्य रूप से समाज के वर्गों द्वारा बढ़ावा दिया गया है। शब्दों के अर्थ स्थान, संदर्भ और कारण से प्रभावित होकर समय के साथ विकसित होते हैं।

**स्वामी दयानंद सरस्वती ने सुधारों की वकालत करते हुए धर्म की शाश्वत और कालातीत प्रकृति पर जोर देते हुए 'वैदिक धर्म' को 'सनातन नित्यधर्म' कहा। महात्मा गांधी, एक गौरवान्वित 'सनातनी', ने महिलाओं को भारतीय समाज की मुख्यधारा में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, यह प्रदर्शित करते हुए कि सुधार 'सनातन धर्म' का एक हिस्सा हो सकता है।**

रूढ़िवादिता के आलोचकों का तर्क है कि उपसर्ग 'सनातन' का उपयोग कुछ गुटों द्वारा प्राचीन पाठ्य सिद्धांतों के स्थायित्व पर जोर देने के लिए किया गया है, इसलिए वो हिंदू धर्म के भीतर परिवर्तन और सुधार का विरोध करना चाहते है। वे इसे प्रगति और समावेशिता में बाधा के रूप में देखते हैं। पूरे इतिहास में, हिंदू धर्म के भीतर आर्य समाज और रामकृष्ण मिशन जैसे विभिन्न सुधार आंदोलनों ने अस्पृश्यता और मूर्ति पूजा सहित पारंपरिक प्रथाओं को चुनौती देने की कोशिश की है। इन सुधारकों ने 'सनातन धर्म' को अस्वीकार नहीं किया, बल्कि इसका लक्ष्य इसमें सुधार और विकास करना था। कई लोग जाति को व्यवसाय से जुड़ी एक प्राकृतिक सामाजिक व्यवस्था मानते हैं, जो हिंदू धर्म का अभिन्न अंग है। इन जातियों के प्रगतिशील व्यक्ति जाति से जुड़ी हिंसा को समाप्त करने का आह्वान करते हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि जाति व्यवस्था को ही। वे अक्सर ऐतिहासिक और वर्तमान वास्तविकताओं को दरकिनार करते हुए वर्ण, जाति और जाति के बीच भेद से जूझते हैं। उनके लिए, हिंदू धर्म की आलोचना, जब उनकी अन्य आलोचनाओं के साथ देखी जाती है, तो आक्रामक हो सकती है।

जानकारी

# मुहांसों का सबसे बड़ा कारण होता है तनाव

**विनीता झा**

कहते है चेहरा इंसान के मन की बात बता देता है। वही सुंदर त्वचा चेहरे के सौंदर्य को कई गुना बढ़ा देती है। चमकीली और मुलायम त्वचा तो हर कोई चाहता है, लेकिन अक्सर उम्र बढ़ने के साथ या खराब जीवनशैली के कारण यह अपना आकर्षण खो देती है। त्वचा की कई समस्याएं हैं, लेकिन मुहांसे सबसे ज्यादा लोगों को परेशान करते हैं। त्वचा को प्रभावित करने में मौसम के अलावा तनाव भी मुख्य भूमिका निभाता है। शोध में पाया गया कि आहार और साफ- सफाई के अलावा तनाव भी त्वचा को प्रभावित करता है। कई लोग जो तनावग्रस्त होते हैं उनके मुहांसे और गम्भीर हो जाते हैं। शोधकताओं ने पाया कि जिन किशोरों में परीक्षा का तनाव होता है, उनमें मुहांसे उभरने या उभरे हुए मुहांसे और गम्भीर होने की सम्भावना अधिक होती है। परीक्षा के वक्त किशोरों को चेहरे पर मुहांसे भी उभरने के साथ पक भी जाते है। तनाव से खाज और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं हो जाती हैं। देखा जाए तो त्वचा हमारे मन की स्थिति का आईना होता है। किशोरावस्था में मुंहासे होने का कारण शरीर में होने वाले हार्मोस से संबंधित बदलाव होते हैं। इसके अलावा इस उम्र में बच्चे तनाव का शिकार भी जल्दी होते हैं। पीयर प्रेशर और हमेशा सुंदर दिखने का दबाव उन पर रहता है।

यही वजह है कि टीनएजर मुंहासे होने पर गहरे तनाव में घिर जाते हैं। ऐसी स्थिति में माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों पर इससे होने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभावों को समझें और जानें। जो माता-पिता बच्चों की इस समस्या को उचित मार्गदर्शन से सही कर सकते हैं उनके बच्चे इस समस्या से उबर सकते हैं। मुंहासे जवानी में भी हो सकते हैं। लगभग 50 प्रतिशत जवान महिलाएं और 25 प्रतिशत पुरुषों को जवानी में यह समस्या निरंतर जकड़े रहती है।

# Vivo ने एक और बजट Smartphone किया लॉन्च





स्मार्टफोन निमार्ता कंपनी वीवो (Vivo) ने चीन में अपना एक और नया बजट फोन Vivo Y12 4G लॉन्च किया है। वीवो का यह फोन कम दाम में कई बेहतरीन फीचर्स से लैस है। कंपनी के इस लेटेस्ट स्मार्टफोन में यूजर को मीडियाटेक का हीलियो G85 प्रोसेसर मिलेगा। इसके साथ ही यह फोन 6 जीबी रैम और 128 जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ आ रहा है। तो आइए आपको इस नए फोन की कीमत से लेकर इसमें मिलने वाले फीचर्स तक के बारे में डिटेल्स जानते हैं। Vivo Y12 4G की कीमत जैसा कि हमने आपको पहले ही बताया है कि, यह एक बजट स्मार्टफोन है। जिसे केंपनी ने 999 युआन यानि कि, लगभग 11,665 रुपये तक की कीमत में उपलब्ध कराया है। इसे वाइल्ड ग्रीन और क्रिस्टल पर्पल दो कलर ऑप्शन के साथ लॉन्च किया गया है। इंतजार खत्मः Oppo Reno 11, Reno 11 Pro 5G स्मार्टफोन 32MP सेल्फी कैमरा के साथ लॉन्च, जानिए कीमत Vivo Y12 4G स्पेक्स Vivo Y12 4G स्मार्टफोन में 6.56 इंच का एलसीडी वॉटरड्रॉप-नॉच डिस्प्ले दिया गया है, जो 720 X 1612 पिक्सल का एचडी+ रिजॉल्यूशन ऑफर करेगा। इस फोन वीवो ने मीडियाटेक हेलियो G85 चिपसेट से लैस किया है, जो कि एक पावरफुल प्रोसेसर है। इसमें 6 जीबी तक रैम दिया गया है, जिसे एक्सटेंडेट फीचर की मदद से और 6 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। इसके साथ ही इसमें 128 जीबी तक इंटरनल स्टोरेज मिल रहा है, जिसे एसडी कार्ड की मदद से 1 टीबी तक एक्टेंड किया जा सकता है। फोटोग्राफी के लिए इसमें डुअल-कैमरा सेटअप मिलेगा। जिसका प्राइमरी कैमरा 13 मेगापिक्सल और सेकेंडरी 2 मेगापिक्सल का है। इसके साथ ही इसमें सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए 8 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है। इसके अलावा इसमें साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट स्कैनर भी मिल रहा है। अपने इस डिवाइस को पावर देने के लिए कंपनी ने वीवो 12 4ॠमें 5,000mAh की बैटरी दी है। यह USB-C पोर्ट के जरिए 15W चार्जिंग को भी सपोर्ट करती है। Samsung Galaxy Z Flip 5 का स्पेशल एडिशन लॉन्च स्मार्टफोन ब्रांड सैमसंग ने अपने ग्राहकों के लिए Galaxy Z Flip 5 का लिमिटेड एडिशन लॉन्च किया है।

टॉप ट्वीट

राजस्थान के चुनावी मैदान से सीधा मथुरा पहुंचकर भक्ति के सागर में डूबने का एक अलग अनुभव है। यहां वही आता है जो सौभाग्यशाली होता है।

**नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**





अगर आपने कांग्रेस को वोट नहीं किया तो आने वाली सरकार ओपीएस योजनाओं को बंद करवा देगी।

**अशोक गहलोत**
**नेता राजस्थान कांग्रेस**

संपादक के नाम पत्र

# मानवीय मूल्यों में सहिष्णुता की भूमिका

जिसके जीवन में सहिष्णुता का भाव है, वह कभी भी असफल नहीं होता। जो सहिष्णु है, वह स्वयं तो सफल होता ही है, उसके संसर्ग से वातावरण की अराजकता भी समाप्त हो जाती है। परिवार, समाज, संघ और राष्ट्र सर्वत्र सहिष्णुता अपेक्षित है। आप यह मानकर चलिए कि जीवन में अनुकूलता और प्रतिकूलता दोनों की अवस्थिति है। अनुकूलता में तो प्राय: हर एक सहिष्णु दिखाई देता है, पर प्रतिकूल परिस्थितियों में सहिष्णुता के भाव को बरकरार रखना बड़ी बात है। भगवान महावीर ने साधु और श्रावक को सबसे पहले सहिष्णु होने का संदेश दिया है। क्षमा, उपशम, समता आदि शब्द सहिष्णुता की ओर ही इंगित करते हैं। व्यक्ति जितना सहता है, उतना ही ऊपर उठता जाता है। क्रोध और अहंकार आत्म-विकास में अवरोधक एवं घातक दुर्गुण है। क्रोधी एवं अहंकारी व्यक्ति असहिष्णु होते हैं और ऐसे व्यक्ति न केवल अपना, अपितु अन्यों का अनिष्ट करने में भी कभी नहीं चूकते। जागरूक जन वे हैं. जो अपने मन में क्रोध और अहंकार को प्रविष्ट होने का अवसर ही नहीं देते। कई व्यक्ति प्राय: तर्क दिया करते हैं कि सहिष्णुता का अर्थ कायरता है। जो ऐसा सोचते हैं, उनकी इस तरह की सोच सम्यक सोच नहीं है। सहिष्णुता से जुड़ा व्यक्ति कायर नहीं, अपितु शूरवीर होता है। तीर्थकरों के लिए हमारे यहाँ पर 'खंतिसूरा अरिहंता' विशेषण का प्रयोग हुआ है। क्या तीर्थकरों में शक्ति का अभाव है ? अनंत शक्ति के धारक होते हैं तीर्थंकर। वे अपकार करने वाले की ओर आँख भी उठा लें तो क्या मजाल है कि वे अपकारी जन उनके सामने एक पल के लिए भी ठहर जाये, पर वे महान होते हैं। अपकारी के प्रति उपकार की भावना तो जीवन का उदात दृष्टिकोण है। **कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### कार्तिक एकादशी का हुआ उद्यापन

**इचाक :** इचाक प्रखंड के मंगुरा पंचायत में कार्तिक माह में एकादसी के अवसर पर कार्तिक एकादसी का उद्यापन हुआ। जिसमे बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार, सामाजसेवी रामलखन मेहता, मिथलेश मेहता, सरस्वती देवी, समेत सैकड़ो महिला पुरुष भाग लिए। युवा नेता गौतम कुमार ने कहा कि सनातन धर्म मे कार्तिक माह को सर्वश्रेष्ठ धार्मिक माह माना जाता।

## सिटी अपडेट्स >>

### नगवाँ में जरासंध भगवान की पूजा का आयोजन किया गया



**इचाक :** इचाक नगवॉ में चंद्रवंशी समाज के द्वारा जरासंध भगवान की पूजा का आयोजन किया गया। स्थानीय मुखिया विनय उर्फ विनोद मेहता ने बढ़-चढ़कर योगदान एवं भाग लिया। श्री मुखिया ने कहा कि जरासंध महाभारत कालीन मगध राज्य के नरेश थे । सम्राट जरासंध ने बहुत से राजाओं को अपने कारागार में बंदी बनाकर रखा था पर उसने किसी को भी मारा नहीं था। इसका कारण यह था कि वह चक्रवर्ती सम्राट बनने की लालसा हेतु ही वह इन राजाओं को बंदी बनाकर रख रहा था ताकि जिस दिन 101 राजा हों और वे महादेव को प्रसन्न करने के लिए उनकी बलि दे सके। पूजा में शामिल कृष्णा मेहता ,मनोज मेहता, गौतम मेहता, बबलू मेहता, अरुण मेहता, मोदी मेहता हुवे। कार्यक्रम को सफल बनाने में व आयोजन करताआयोजन करता रंजीत कुमार ,पप्पू कुमार, अभय कुमार, बजरंगी कुमार, अजीत कुमार, के अलावे कई चंद्रवंशी समाज के लोगों का भूमिका सराहनीय रहा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पुलिस अधीक्षक ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में हो रहे बालू और कोयले के अवैध परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग करने वाले लोगों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने को सघन चेकिंग अभियान चलाने के साथ साथ पुलिस और जिला प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एकल विभागीय कारवाई से अवैध खनन पर रोक लगाना संभव नहीं है। अत: अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफिया पर हर सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई करें। एसपी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने एवं नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले के बंद पड़े खदानों में अवैध माइनिंग पर सख्ती से कारवाई का निर्देश दिया। उन्होंने एनजीटी के गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करने तथा लगातार पुलिस अधिकारी को अपने क्षेत्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने अवैध बालू एवं कोयले के परिचालन में सख्ती से नियमित कारवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक के अलावा एसडीओ सदर विद्या भूषण कुमार, एसडीओ बरही पूनम कुजूर, जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार, डीएसपी राजीव कुमार, डीएसपी महेश प्रजापति, सभी अंचलाधिकारी, सभी पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## जनसभा

### भाजपा आदिवासी मोर्चा के नेताओं ने कहा

# मोदी सरकार ने आदिवासी समाज को पहुंचाया लाभ

- सांसद के प्रति जताया आभार
- सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज

राष्ट्रीय खबर




**हजारीबाग:** भाजपा कार्यालय अटल भवन के सभागार में भाजपा हजारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव सहित भाजपा आदिवासी मोर्चा के नेताओं ने गुरूवार को संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर जनजातीय समाज के उत्थान व हजारीबाग लोकसभा के समग्र विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने कहा की 20 नवंबर को सांसद जयंत सिन्हा ने रांची स्थित राजभवन में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की थी। उन्होंने राज्यपाल महोदय को हजारीबाग वासियों की ओर से सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया है। भाजपा नेताओं ने बताया कि हजारीबाग लोकसभा में आदिवासियों को मोदी सरकार अनेक लाभ पहुंचा रही है।

सांसद जयंत सिन्हा के प्रयास इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्ही के प्रयासों से विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 8 करोड़ से सेंटर फॉर ट्राइबल स्टडीज का निर्माण हो रहा है। इस भवन का डिजाइन झारखण्ड के पहाड़ों के स्वरूप से लिया गया है। यहां विशाल संग्रहालय समेत प्रशासनिक भवन इत्यादि भी होंगे। यहां क्षेत्रीय व लोक कलाओं पर रिसर्च कर उनका संरक्षण व प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आदिवासी संस्कृति के संरक्षण व विस्तार की दृष्टि से यह हजारीबाग लोकसभा समेत झारखण्ड के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण परियोजना है। अगले 1-2 माह में यह निर्माण पूरा हो जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जयंत सिन्हा हमारे आदिवासी एवं जनजाति भाई-बहनों और हजारीबाग लोकसभा के विकास के लिए अनेको सार्थक कदम उठा रहे हैं। अनुसूचित जन जाति और अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा की सांसद जयंत सिन्हा ने मोदी जी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा वासियों के लिए अनेको विकास की परियोजनाएं धरातल पर उतारी हैं। नरेंद्र मोदी सरकार की सभी परियोजनाओं का लाभ हमारे आदिवासियों एवं जनजातियों समेत क्षेत्र की आम जनता को मिल रही है।

सांसद जयंत सिन्हा जी के नेतृत्व ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र दिनोदिन प्रगति के पथ पर अग्रसर है। इसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और अपने लोकप्रिय सांसद जयंत सिन्हा का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। इस प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव,भाजपा अनूसूचित जन जाति जिला अध्यक्ष महेश तिग्गा,भाजपा अनुसूचित जाति जिला महामंत्री रमेश कुमार हेंब्रम,भाजपा अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद सांसद जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा, संसद के निजी सचिव हिमांशु कुमार, संसद के विशेष सचिव आशीष सिंह सहित दर्जनों वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## न्यूज फटाफट

### जीवन में हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए : हर्ष अजमेरा



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के सबसे प्रसिद्ध आरोग्यम अस्पताल के ब्लड बैंक के द्वारा लगातार लोगों को सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है, इसी के नियमित विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसी के क्रम मे गुरुवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज मे शार्परजी पल्लोनजी प्रशासक - आलोक सत्यवेरम पाठक के प्रयास से आरोग्यम ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदान शिविर एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे कॉलेज के कई लोगों ने अपना बहुमूल्य सहयोग दिया। शिविर का उद्घाटन शार्परजी पल्लोनजीप्रशासक आलोक सत्यवेरम पाठक, सुरक्षा प्रभारी रंजीत चौधरी, के चिवारंगीबब्लू सिंह, सपनपाले सहित कई लोगो के द्वारा किया गया।रक्तदान शिविर में 23 लोगों ने रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी मिसाल पेश की। रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं में मोनाजिर हुसैन,बैदनाथ कुमार,दीपक दास,राकेश रॉय,ऋषिकेश कुमार,शुभम,साकेत मजमुदार,श्यामा कुमार गुप्ता,ललन प्रजापति,इसारिल अली खान,उज्जवल किशोर एवं उज्जवल विकास ने रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी मिसाल पेश की।आरोग्यम अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने सभी रक्तदाताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा की जीवन में हर व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए, आप सभी का रक्त किसी के लिए अमूल्य हो सकता है।

### पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान



**पीरटांड़ :** वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश के बाद गुरुवार को पीरटांड़ थाना क्षेत्र के पालगंज मोड़ स्थित पीरटांड़ पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत वहां से गुजरने वाले हर मोटरसाइकिल सवारों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।पीरटांड़ थाना प्रभारी गौरव भगत ने वाहन चालको से अपील करते हुए कहा की सड़क सुरक्षा में कभी भी कोई कोताही बरतनी नहीं चाहिए। हर दोपहिया सवारों को अपनी सुरक्षा के लिए सबसे पहले हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा की आए दिन जितनी भी दुर्घटनाएं सड़कों पर होती है और जिससे लोगों की जान तक चली जाती है, उसका सबसे बड़ा कारण हेलमेट नहीं पहनना होता है। इस लिए आप अपनी लापरवाही के कारण जान से खिलवाड़ न करें। यहां यह बता दे कि पुलिस प्रशासन ने कई बार इसके लिए पहल की है पर लोग अपना तौहीन समझ कर हेलमेट धारण नहीं करते है। अभियान के दरम्यान कई दोपहिया सवारो ने पुलिस के समक्ष शपथ खाई की आइन्दा से वो ऐसी गलती कभी नहीं करेंगे। वही मौके पर थाना प्रभारी के अलावे कई जवान शामिल थे।

## खेत में कटे धान में आग पांच लोगों पर लगा आरोप



राष्ट्रीय खबर

**इचाक:** इचाक थाना क्षेत्र के डुमरौन गांव निवासी नरेश प्रसाद मेहता ने खेत में रखा धन को जमा कर आग लगने का आरोप पड़ोसी कैलाश और उसके परिजनों पर लगाया है। पीड़ित किसान ने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि बुधवार को एक बजे कैलाश साव का जानवर कटा हुआ धन जो खेत में रखा था उसे खा रहा था ।जानवर को धन खाता देख मेरा भतीजा हाकने गया इस पर कैलाश आग बाबुल हो गया और भतीजा के साथ मारपीट करने लगा। इसी बीच वह धमकी दे गया कि खेत में रखा धन को घर कैसे ले जाएगा देख लेंगे। इसी बीच गुरुवार की सुबह सीताराम प्रसाद मेहता ने फोन से बताया कि खेत में रखा हुआ धन में आग लगा हुआ है।मैं वहां पहुंचा तो देखा कि सीताराम की पत्नी आग को बुझा रही है। भुक्तभोगी ने आवेदन में कहा है कि कैलाश साव, मुकेश साव छोटू साव,संतोष साव, करू साव और देवलाल साव ने मिलकर मेरे धान में आग लगा दिया है।जिनके खिलाफ कानून कारवाई की मांग प्रशासन से किया गया है।

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर कांग्रेस ने की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेशानुसार कांग्रेस का हाथ आपके साथ गठबंधन सरकार की जन कल्याणी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है इसी सिलसिले में जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक आहुत की गई है जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव और मंच संचालन कृष्णदेव प्रसाद सिंह और धन्यवाद ज्ञापन बाबर अंसारी ने किया । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा की झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आदेशानुसार विगत वर्ष 2021 एंव 2022 में गठबंधन सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था । झारखंड सरकार द्वारा इस कार्यक्रम की सफलता तथा उपयोगिता को देखते हुए गठबंधन सरकार के चार वर्ष पुरा होने के उपलक्ष्य आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पुनः 24 नवंबर से 29 दिसम्बर तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है । इस योजना को अंतिम व्यक्ति जो जरूरतमंद है उन लोगो को लाभ पहुंचना ही इस कार्यक्रम की सफलता है इस कार्यक्रम को सफल करने में सारे प्रखंड अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष अपने स्तर पर लाभुक को सरकारी लाभ पहुंचे इस पर अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी पूर्वक करे । इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत महासचिव विनोद कुशवाहा, मिथलेश दुबे, जयप्रकाश यादव, असगरी अंजुम, राजीव कुमार मेहता, जिला महासचिव महेश प्रसाद साव, जिला महिला अध्यक्ष बेबी देवी, जावेद इकबाल आदि उपस्थित रहे ।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बीडीओ ने की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव:** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम शुरू करने को लेकर गुरुवार को शाम में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास अधिकारी जितेंद्र मंडल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से निर्णय लिया गया कि बड़कागांव प्रखंड में 24 नवंबर को बड़कागांव पश्चिम पंचायत से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू होगी जो, 26 दिसंबर को गरसुला में समापन होगी। सभी पदाधिकारी कर्मचारी, पंचायत सेवक रोजगार सेवक समय पर कार्यक्रम स्थल में पहुंचेंगे। बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में 24 नवंबर, सीकरी पंचायत में 25 नवंबर, सिरमा पंचायत में, 28 नवंबर को, बड़कागांव मध्य पंचायत में, 29 नवंबर, पूर्वी पंचायत में 30 नवंबर, कांड़तरी पंचायत में 1 दिसंबर, सांढ पंचायत में 2 दिसंबर, चंदोल पंचायत में 4 दिसंबर, सिंदवारी पंचायत में 5 दिसंबर, महुगाई कला पंचायत में 6 दिसंबर, डाड़ी कला पंचायत में 7 दिसंबर, गोंदलपुरा पंचायत में 8 दिसंबर, बादम पंचायत में 9 दिसंबर, हरली पंचायत में 11 दिसंबर, चेपाकला पंचायत में 12 दिसंबर, नयाटांड़ पंचायत में 13 दिसंबर, चोपदार बलिया में 14 दिसंबर, नापोखुर्द पंचायत में 15 दिसंबर, तलशवार पंचायत में 16 दिसंबर, आंगों पंचायत में 18 दिसंबर, पोटंगा पंचायत में 20 दिसंबर, उरीमारी पंचायत में 23 दिसंबर, गरसुला पंचायत में 26 दिसंबर को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम होगी। मौके पर बीपीओ हीरो महतो, अरुण पासवान, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, प्रखंड समन्वयक आशीष पासवान, प्रधानमंत्री आवास के कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, जयप्रकाश चौधरी, राहुल रजवार, पंचायत सचिव धनेश्वर प्रसाद, खुशनारायण मेहता, अशोक नारायण तिवारी, जयप्रकाश पांडेय, जगन्नाथ सिंह यादव, रंजू कुमारी, स्वाति कुमारी, रोजगार सेवक युगेश्वर राम, अशोक कुमार, अजय कुमार, संतोष कुमार, संदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार महेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## आपसी विवाद को लेकर चली गोली, एक घायल जांच में जुटी पुलिस

- दोनों नशीले पदार्थ का कारोबार में था, संलिप्त



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग लोहसिंघना थाना क्षेत्र के मंडई कला बुचर टोली में दो गुट में आपसी विवाद को लेकर गोली चलने से एक युवक घायल हो गया है। घायल युवक मो इंतेशार उर्फ बब्बन को पेट में लगी गोली लगा है। घायल को तुरंत आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चिकित्सकों ने फिलहाल बब्बन को खतरे से बाहर बताया गया है। घायल बब्बन ने बताया कि तन्नु ब्राउन शुगर और ड्रग्स का कारोबार करता है। इसको लेकर दोनो में आपस में बहस हो गई है। बहस में तन्नु ने बंदूक निकालकर बब्बन को मार दिया जिसमे वह घायल हो गया। इस संबंध में डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि आपसी विवाद में गोली चली है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी सह घायल दोनो ही नशीली दवाओं का कारोबार करने के आरोप में पूर्व में जेल जा चुके है। लोहसिंघना पुलिस ने इस बाबत मामला दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर उचित कानूनी कारवाई करते हुए जेल भेजने की बात कही गई है।

### बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में82 सूखे पेड़ कर रहा हैं दुर्घटना का आमंत्रण



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय, वन विश्रामागार एवं प्लस टू हाई स्कूल विद्यालय में सूखे पेड़ दुर्घटना का आमंत्रित कर रहा है। यहां हर दिन सैकड़ो लोग आचल एवं प्रखंड कार्यालय में विभिन्न योजनाओं को लेकर आते जाते रहते हैं। 500 से अधिक विद्यार्थी प्लस टू हाई स्कूल में पढ़ने आते हैं।सूखे पेड़ कभी भी किसी व्यक्ति के ऊपर गिर सकता है। जिससे बड़ा खतरा हो सकता है।बड़कागांव ब्लॉक अंचल कार्यालय एवं डीएसपी कार्यालय के पास एवं इसके इर्द-गिर्द में 57 पेड़, वन विश्राम आधार परिसर में 15 पेड़, प्लस टू हाई स्कूल विद्यालय में एक पेड़, अस्पताल परिसर में चार, गेस्ट हाउस में 5 पेड़ सूख गया है, जो कभी भी गिरकर लोगों को हानि पहुंचा सकता है। अंचलाधिकारी बालेश्वर राम का कहना है की सूखे पेड़ को कटवाने के लिए वन विभाग से आदेश लेना होगा। वही ग्रामीणों को कहना है कि आप आदेश लेते रहिए पेड़ किसी राहगीर पर गिर जाने के बाद इसकी जिम्मेवारी कौन लेगा वन विभाग या पदाधिकारी।

### सड़क दुर्घटना में घायल मोटर मैकेनिक की इलाज के दौरान हुई मौत



**इचाक :** इचाक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान हुई मौत। घटना बुधवार 12 बजे की बताया जा रहा है। मृतक गोरबंदा गांव का रहने वाला था। उबेद अंसारी उम्र लगभग 45 वर्ष पिता रियासत मियां । मृतक मोटर मैकेनिक था और वह छोटा दुकान इचाक मोर इचाक घुसने के टॉनिक पॉइंट पर चलता था। गाड़ी वास करने के लिए गोरबंद पेट्रोल पंप के समीप वाशिंग सेंटर में गया था। वॉशिंग के लिए पेट्रोल की जरूरत था और वह नजदीकी पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेकर पैदल लौट रहा था उसी क्रम में इचाक की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही दो पहिया वाहन होंडा शाइन ने जोरदार टक्कर मारा जिससे उबैद वहीं घायल हो गया। घायल का इलाज के लिए हजारीबाग आरोग्य अस्पताल भेजा गया। आरोग्यं अस्पताल डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया लेकिन रास्ते में जाते ही बुधवार के दिन ही दम तोड़ दिया। चालक बरकट्ठा का बताया जा रहा है।

### प्लस पोलियों अभियान के सफल संचालन के लिए बैठक का आयोजन

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की एक बैठक आयोजीत कि गई । बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शशिकांत प्रसाद बीपीएम सरिता कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रही । बैठक में आगामी 10.12.2023 से 12.12.2023 तक होने वालें प्लस पोलियों अभियान के सफल संचालन हेतु कई विषयों पर चर्चा कि गई । वहीं चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

## समारोह

### विभिन्न जिलों के लगभग 90 कलाकारों ने भाग लिया

# रैंकर अकादमी में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

- हजार प्रतिभाओं का शहर हजारीबाग
- रामलीला के कलाकारों को किया गया सम्मानित
- कलाकार देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर रहे हैं

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग:** हजारीबाग अयोध्या नगरी के बाद अगर रामभक्तो की नगरी किसी को कही जाती हैं तो वह अपना हजारीबाग है यह केवल हजारबागों का शहर नहीं बल्कि हजार प्रतिभाओं का भी शहर है। यहां के कलाकार विभिन्न विधाओं में लगातार देश-विदेश में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। कला के क्षेत्र में हजारीबाग की धरती का गौरवशाली इतिहास रहा है और इस इतिहास को पुनर्जीवित करने का कार्य 2016 से लगातार श्री रामलीला समिति हजारीबाग की ओर से किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में रामलीला मंचन की परंपरा सदियों से रही है और इस गौरवशाली परंपरा को जीवंत रखने में हजारीबाग के कलाकार भी पीछे नहीं है विगत दशहरा के शुभ अवसर पर स्थानीय गांधी मैदान मटवारी में हजारीबाग सांसद सह स्थाई वित्त समिति अध्यक्ष भारत सरकार श्री जयंत सिन्हा के सौजन्य से भव्य रामलीला एवं रावण दहन करवाया गया था जिसमें डिजिटल माध्यम से संपूर्ण रामलीला का मंचन श्री रामलीला समिति के कलाकारों के द्वारा किया गया। इसमें हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, कोडरमा गिरिडीह आदि विभिन्न जिलों के लगभग 90 कलाकारों ने भाग लिया। इन्हीं कलाकारों को सम्मानित करने के उद्देश्य से कल देर शाम स्थानीय वेल्स ग्राउंड समीप स्तिथ रैंकर अकादमी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें बतौर अतिथि वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश गौतम,सदर विधायक मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी,आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के अध्यक्ष आकाश सुबोध एवम के भाजयुमो जिला महामंत्री सह नेहरू युवा केंद्र के डीजी नॉमिनी राजकरण पांडे द्वारा संयुक्त रूप से रामलीला के कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर कर सम्मानित किया गया ।समिति के पदाधिकारीयों ने कलाकारों को यह बेहतरीन अवसर प्रदान करने के लिए प्रधान कैफेटेरिया के संचालक प्रभात प्रधान, दीपक नाथ सहाय, जितेंद्र सिन्हा के साथ विशेष सहयोग के लिए तरंग ग्रुप,सम्राट नाट्य संस्था, राहुल डांस एकेडमी,डांस पैराडाइज ,कर्णधार रामगढ़ एवं श्री मां संगीतयन के संचालकों को विशेष धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, सचिव विशाल कुमार, कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता के साथ सम्मानित होने वाले कलाकार बाबा पीयूष पांडे, मनोज पांडे, अमरकांत राय, दीपक घोष, संगीता कुमारी, सारा, निहारिका, बबीता, अगस्तय, संचित, चिन्मय, दीपक गुप्ता, अदिति, शैली ,शिवानी प्रिया पूजा, रीना, नील सोनी के साथ अन्य प्रमुख कलाकार शामिल थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### युवा भारत ने की छठ घाट की सफाई

**चंदवा** : छठ महापर्व समाप्त होने के बाद छठ घाट में फैली गंदगी को युवा भारत चंदवा ने साफ किया। मंगलवार को ही सफाई अभियान शुरू कर दी गयी। दो दिनों में घाट में फैली कचरे को साफ कराया गया। युवा भारत के सदस्यों ने बताया कि कार्तिक पूर्णिया के बाद घाट के दोनों छोर में बैरिकेडिंग कर दिया जाएगा ताकि बड़े वाहन नदी में न उतरे, गंदगी ना फैला पाये। नदी की सुंदरता और स्वच्छता चंदवा के लिए बैरिकेडिंग जरूरी है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### ईट भट्ठा में काम करने गए मजदूरों को नहीं मिल रहा है मजदूरी भुगतान

**गुमला** :गुमला जिला के घाघरा प्रखंड अंतर्गत कोतरी गांव के मजदूर बिनोद उरावं को काम करा कर सरदार वा ईट भट्ठा मालिक द्वारा मजदुरी भुगतान नहीं दिए जाने का मामला सामने आया है ।आज मजदूर ने पुरे घटनाक्रम कि जानकारी गुमला आ कर मजदूर संघ सीएफ टी यू आई झारखंड प्रदेश वा गुमला जिला कार्यालय अजाद बस्ती में लिखित आवेदन देकर अपने बकाया मजदूरी भुगतान दिलाने की गुहार लगाया है। और बताया कि गरीबी के कारण हम गांव के ही अभिषेक लोहरा के कहने पर बिहार के देवरिया जिला थाना सलेमपुर ग्राम बतरौली में ईट भट्ठा आर- एम- एम - में पांच महीने तक काम किया लेकिन अब जब अपना हिसाब किताब के लिए ईट भट्ठा मालिक को कहा तो मालिक ने कहा कि सरदार को सारा हिसाब किताब दे दिया है। मजदूर का बकाया मजदूरी राशि लगभग 53000हजार रुपया है जो नहीं मिलने से काफी परेशान है। इसलिए आज थक हार कर मजदूर संघ सीएफ टी० यू आई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान के पास आ कर लिखित आवेदन दिया है ताकि मजदूर का बकाया राशि जल्द मिल सके।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मजदूर से गाड़ी चलवा कर मालिक कर रहा था मारपीट

**गुमला** :मामला उड़ीसा के सुंदरगढ़ अंतर्गत कोईड़ा गांव का है। मजदूर अनुज कुमार सिंह से गाड़ी चलवा कर मालिक कर रहा था मारपीट वा अपशब्द बातों का प्रयोग।दो महीने का मजदुरी भुगतान नहीं मिलने से परेशान मजदूर आज पुरे मामले को लेकर गुमला पहुंचा और मजदूर संघ सीएफ टी यू आई झारखंड प्रदेश वा जिला कार्यालय में लिखित आवेदन दे कर अपने मजदुरी भुगतान दिलवाने का गुहार लगाया है। मालिक खगेश्वर साहु जो उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिला के कोइड़ा गांव का है इस संबंध में जब मजदूर संघ सीएफ टी यू आई के सदस्यों ने मामले को सुनने के बाद गाड़ी मालिक से फोन पर बात चीत करने की कोशिश किए लेकिन मालिक ने बिजी होने की बात कह कर फोन काट दिया है। वहीं प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने कहा कि अगर चालक मजदूर अनुज कुमार सिंह का 2महीने का मजदूरी32000 ?हजार भुगतान गाड़ी मालिक नहीं करेंगे तो हम इस पर झारखंड श्रम विभाग में लिखित आवेदन दे कर मजदूर का मजदूर भुगतान कराने की मांग करेंगे।

### देवपुर में मनाई गई जरासंध महाराज की जयंती

**देवघर** :देवघर प्रखंड के संकरी पंचायत स्थित देवपुर गांव मे मगध सम्राट जरासंध महाराज जी के 5226 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो युवा जिला अध्यक्ष सह मंत्री प्रतिनिधि राहुल प्रसाद चंद्रवंशी ने फोटो पर माल्यार्पण कर जरासंध भगवान को याद किया। वहां पर वैभव चंद्रवंशी, अभिषेक चंद्रवंशी, अनीश चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, नवल चंद्रवंशी, राजा राम चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, सुमित चंद्रवंशी, नंदन चंद्रवंशी, अनुज, रवि,रोहित, अमन, आलोक, मनीष, रिशु, साहिल के साथ दर्जनों लोग मौजूद थे।

विवश गजराज न केवल खेत खलिहानों को रौंद रहे हैं बल्कि घर द्वार भी तोड़ रहे हैं

# जंगली हाथियों के लगातार बढ़ रहे उत्पात से गांव से लेकर शहर तक लोग त्रस्तः चैतु उरॉव



▶▶जंगली हाथी किसानों के महीनों की मेहनत पर पानी फेर देते है

▶▶अब तो शहरी इलाके में भी हाथी बेधड़क घुस रहे हैं

राष्ट्रीय खबर

**गुमलाः**गजराज न केवल खेत खलिहानों को रौंद रहे हैं बल्कि घर द्वार भी तोड़ रहे हैं गजराज प्रभावित क्षेत्र सरिता,किसनी, गोहारोम,खिजरी,पिमपीं,कुदा,कोड़े केरा,बमनडीह,सउरउहआ आदि गांवों कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरॉव ने भ्रमण कर लोंगो से मुलाकात कि। चैतु उरॉव ने कहा कि कामडारा प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों के लगातार बढ़ रहे उत्पात से गांव से लेकर शहर तक लोग त्रस्त है। हाथी न केवल खेत खलिहानों को रौंद रहे हैं बल्कि घर द्वार भी तोड़ रहे हैं। लगभग प्रतिदिन किसी न किसी गांव या घर में घुसकर जंगली हाथी किसानों के महीनों की मेहनत पर पानी फेर देते हैं। अब तो शहरी इलाके में भी हाथी बेधड़क घुस रहे हैं तथा भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा बतलाया गया कि क्षेत्र में अलग-अलग झुंड में बंटे तकरीबन 17-18 हाथी घूम रहे हैं। इनमें नर, मादा एवं हाथी के बच्चे शामिल हैं। अधिकांशतः हाथी झुंड में ही रहते है, पर 2-3 ऐसे हैं जो अकेले घूमते हैं। गांवों के लोग मशाल जलाकर तथा पटाखे छोड़कर हाथियों को भगाते हैं। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में घूम रहे हाथियों को भगाने के लिए विवश है झुंड को भगाने के लिए एक तरफ जाता है तो दूसरी तरफ कोई दूसरा हाथी उत्पात मचाना शुरू कर देता है। सबसे अधिक उत्पात इन दिनों झुंड से अलग होकर अकेले घूम रहा हाथी उत्पात मचा रहा है। पिछले एक सप्ताह के दरमियान यह गजराज सभी क्षेत्र में घुस कर निशाना बना चुका हैं।

इस दौरान लाखों रुपये की संपत्ति को क्षति पहुंची है। ग्रामीण इलाके की हालत तो ऐसी है कि लोग किसी भी सूरत में अंधेरा होने के बाद घर से नहीं निकल पाते। महिलाएं अपने पतियों को कसम देकर घर से विदा करती हैं कि वे शाम होने से पहले घर लौट आएंगे। सबसे चिताजनक बात यह है कि इंसानों की बस्तियों में घुसकर भोजन जुटाना हाथियों की अब आदत बनती जा रही है। घने जंगलों में घूम कर भोजन जुटाने की बजाए रात में किसी घर अथवा खेत खलिहान में घुसकर पेट भर लेना उनके लिए आसान साबित हो रहा है। उनकी यही आदत अब लोगों के लिए मुसीबत



बनती जा रही है। चैतु उरॉव ने कहा कि हाथी से बचाव को मशाल जलाएं ग्रामीणों को चाहिए कि रात को सतर्क रहें तथा जंगल से गांव की तरफ जाने वाले रास्ते में मशाल जलाकर रखें। इससे हाथी गांव में नहीं घुसेंगे।और अभी तक जिनका भी नुकसान हुआ है वे मऔवजा के लिए आवेदन प्रसासन को दे भुगतान के लिए प्रसासन से बात कर अभिलम्ब इसमें करवाई करने हेतु बात की जाएगी।मौके पर कामडारा प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष अजित केरकेट्टा,जिला उपाध्यक्ष अजित गुड़िया, जिला सचिव तरुण गोप,पं अध्यक्ष जेम्स सुरीन,लधुलाल केरकेट्टा, उपमुखिया सनातन डांग,अनमोल कोनगाड़ी, अल्फोंस सुरीन,पतरस सुरीन,सोहराई सुरीन,निकोलस भुईयां, प्रमोद कोनगाड़ी, कल्याण डांग और काफी संख्या में लोग उपस्थित थे ।

## >>>> न्यूज फटाफट >>

### कांग्रेस पार्टी नए नेताओं की खोज कर लोकसभा और विधानसभा का उम्मीदवार खड़ा करें :हंदू भगत

**गुमला** :कांग्रेस पार्टी गुमला जिला कमेटी के सचिव हंदू भगत ने कहा है कि कांग्रेस हाई कमान नए नेताओं की खोज कर लोकसभा और विधानसभा का उम्मीदवार खड़ा करें जिससे की पार्टी संगठन की मजबूती के साथ जीत हो सके। भगत ने कहा है कि वर्तमान के सांसद विधायकों को पार्टी संगठन के कार्य विस्तार में लगा देना चाहिए और नए लोगों को चुनाव में मौका दिया जाना चाहिए जिससे की जनता का जुड़ाव पार्टी संगठन के प्रति बढ़ता ही जाए। भगत ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार झारखंड राज्य में चल रही है और गठबंधन में होने के कारण गुमला जिले में सभी सीटों पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक जीत हासिल किए हैं लेकिन कांग्रेस पार्टी संगठन और झारखंड मुक्ति मोर्चा में तालमेल का अभाव होने के कारण आने वाले विधानसभा के चुनाव में अप्रत्याशित परिणाम भी देखने को मिल सकते हैं। ऐसी स्थिति में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पार्टी को विचार करनी चाहिए और एक सूत्री कार्यक्रम दोनों पार्टी संगठन का होना चाहिए।

### एएनएम दीदियों अब 3000 रुपए प्रति माह वेतन के अतिरिक्त दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

**गुमला** : विशुनपुर प्रखंड के दूर दराज के इलाकों में कार्य करने वाली एएनएम दीदियों के मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से प्रखंड विशुनपुर में एक नई पहल की शुरूआत की गई है। जिसके तहत प्रत्येक माह वैसी एएनएम दीदी जो सुदूरवर्ती क्षेत्र में कार्य कर रहीं है या जिन क्षेत्रों में पहुंच पाना बेहद ही कठिन है को सीएसआर मद से प्रत्येक माह उनके वेतन के अतिरिक्त 3000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस संबंध में आज के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विशुनपुर अंचल अधिकारी धनंजय पाठक ने बताया कि बिशुनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र डुमरपाट,चौरापाठ, सखुआपनी,हारूप,जोभीपाठ एवं चंपाटोली स्वास्थ्य उपकेंद्र में कार्यरत एएनएम दीदियों को सीएचआर के तहत ज्ञानचंद्र अग्रवाल एवं महेन्द्रू बॉक्साइट माइंस के द्वारा प्रत्येक महीने 3000 रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की सहमति दी गयी है। उसी सहमति की पहली राशि माननीय राज्य सभा सांसद समीर उरांव, अपर समाहर्ता गुमला सुधीर गुप्ता एवं अंचल अधिकारी धनंजय पाठक के द्वारा संबंधित एएनम दीदियों को दिया गया।

### मजदूर संगठन के प्रदेश एवं जिला कमेटी की बैठक संपन्न

**गुमला** : मजदूर संघ सीएफ टी यू आई झारखंड प्रदेश व गुमला जिला कार्यालय में एक सामुहिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मजदुरों की बढ़ती समस्या को देखते हुए जिला भर में जन जागरूक अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही गुमला श्रम अधिक्षक वा गुमला उपायुक्त महोदय से मजदूर वर्ग की बढ़ती समस्या को दूर करने में जगह जगह पर कैंप लगा कर निबंधन कार्ड, प्रवासी श्रमिक कार्ड,श्रम कार्ड बनवाने में सहयोग करें।तथा हो रही परेशानी में दुर करने में सहयोग करें।ताकि मजदूर वर्ग को कोई परेशानी ना हो।। मजदूर संघ सीएफ टी यू आई झारखंड प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने अपने संगठन के सभी सदस्यों को जगह जगह पर जन जागरूक अभियान चलाने का निर्देश दिया है।

# भागवत कथा सुनने से अभीष्ट कामना की होती है पूर्ति : देवकीनंदन



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर** : श्रीमद् भागवत पुराण कथा सुनने से अभीष्ट कामना की पूर्ति होती है। मनुष्य को सद्गति मिलती है। जग के बंधन से मुक्ति मिलती है। उक्त बातें ख्याति प्राप्त श्रीमद् भागवत कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर ने कही। वे गुरुवार को स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी में परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित कथा कार्यक्रम में बोल रहे थे। इसके पूर्व उषा पांडेय व गुरु पांडेय ने श्रीमद्भागवत पुराण की आरती कर कथा शुरूआत कराई। देवकीनंदन ने भागवत कथा का श्रवण कराते हुए एक विषय की चर्चा की। कहा कि राधा रानी ने भगवान श्री कृष्ण से पूछा कि आप उदास क्यों रहते हैं। श्री कृष्ण ने कहा कि कलयुग में मनुष्य की गति व कर्म देखकर उदास हैं। राधा रानी के पुनः पूछने पर श्री कृष्ण ने कहा कि मनुष्य में वह शक्ति है कि भागवत महापुराण की कथा सुन ले तो वह उनके पास पहुंच सकता है। देवकीनंदन ने कहा कि कलयुग में लोग माया-मोह के चक्कर में पड़ जाते हैं। यही दुख का असली कारण है। पूछा कि कोई रिश्तेदार जन्म व मरण के समय की श्वासों का मोल दे सकता है क्या। कहा कि जन्म व मरण के समय श्वास देने वाले ईश्वर का भक्त बनें। कहा कि मानव वही है जो ईश्वर, माता-पिता व गुरुजनों के प्रति अपना समर्पण रखे।

साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का हुआ आयोजन

# 50 से अधिक नागरिकों ने की उपायुक्त से मुलाकात

राष्ट्रीय खबर

**गुमलाः** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया जहां दूर दराज से आए 50 से अधिक नागरिकों ने उपायुक्त से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को बताया। पालकोट निवासी सुदेखर केरकेट्टा ने उपायुक्त को अबुआ आवास योजना से जुड़ने हेतु अपना आवेदन समर्पित किया। उन्होंने अपने वर्तमान घर की जर्जर अवस्था से उपायुक्त को अवगत करवाया एवं अबूआ आवास योजना के लिए आवेदन समर्पित किया। जिसके तहत उपायुक्त ने उक्त आवेदन को प्रखंड विकास पदाधिकारी को भेजा एवं आवश्यक सहायता करने हेतु निर्देशित किया। चैनपुर निवासी विशाल आनंद ने अपने आवेदन में राशन कार्ड में अपना एवं अपने परिवार का नाम जोड़ने हेतु उपायुक्त से आग्रह किया जिसपर उपायुक्त ने प्राप्त आवेदन को जिला आपूर्ति पदाधिकारी को अग्रसारित कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। सिसई में रहने वाली सुरपति साहू ने अपने पारिवारिक विवाद के मामले से उपायुक्त को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि केवल के उनके 3 पुत्री होने के कारण उनके पति ने उन्हें छोड़ कर दूसरी शादी कर ली। उन्होंने पति को मिल रहे पेंशन से आधी राशि की मांग की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को पत्र अग्रसारित करते हुए अविलंब कार्रवाई कर महिला की सहायता करने का निर्देश दिया गया । इस दौरान पालकोट निवासी टोहन बड़ाइक ने अपने आवेदन में जमीन विवाद के मामले से उपायुक्त को अवगत कराया। करौंदी निवासी रानी देवी ने घरेलू हिंसा के मामले से उपायुक्त को अवगत कराया , वे बताती हैं कि उनके पति उन्हें मारपीट करते हैं जिस कारण उन्हें अपने माइके में रहना पड़ता है। नियमित खर्चा नहीं होने के कारण उन्होंने उपायुक्त से पति से रहने एवं नियमित खर्चे प्राप्त करने के लिए उपायुक्त से सहायता की मांग की।जिसपर उपायुक्त ने एसडीओ सदर को इसकी जिम्मेदारी सौंपते हुए आवश्यक कारवाई हेतु पत्र अग्रसारित किया।इसके अलावा जन शिकायत निवारण दिवस में जमीन विवाद, राशन ,पेंशन, आवास आदि के संबंध में भी कई आवेदन देखने को मिले।

# मन की बात कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगरः** भाजपा जिला कार्यालय पलामू मे भाजपा पलामू की बैठक गुरुवार आयोजित की गई।बैठक में आगामी 26 नवंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक एवं संचालन जिला मंत्री मनोज दुबे ने किया।आगामी 26 नवंबर को जिले के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर मन की बात कार्यक्रम को भव्य रूप से करने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता मंडल के सभी शक्ति केदो पर प्रत्येक बूथ के नागरिकों के साथ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन करेंगे।मां की बात कार्यक्रम के जिला प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भागीदारी करे एवं सभी कार्यकताओं को घरों से निकलकर बूथ तक ले जाने का कार्य करेंगे।जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम की रिपोर्टिंग सरल ऐप एवं नमो ऐप पर होगी कार्यक्रम के बाद इसकी रिपोर्टिंग करना अनिवार्य है तभी यह माना जाएगा कि उक्त शक्ति केंद्र पर कार्यक्रम हुआ है।इस बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता साधु मांझी जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी सूरज विश्वकर्मा नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी पोल पोल मंडल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक बिश्रामपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी पांडू मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह नया बाजार मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव पिपरा मंडल अध्यक्ष संजय मेहता हुसैनाबाद नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता तरहसी मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव एवं लेस्लीगंज मंडल पांडे श्रवण अग्रवाल एवं काफी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर 26 को



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगरः** पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में 26 नवंबर को जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा ।उक्त आशा की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी।झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे ले के बारे में बताया जाएगा ।उन्होंने कहा कि डा लसा का प्रयास है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सुलभ और सरल तरीके से न्याय कैसे मिले ।इसके लिए एंपावरमेंट कैंप का आयोजन किया जाता है।उन्होंने बताया कि आवास योजना,पेंशन योजना,स्वास्थ्य योजना,सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में विधिक सशक्तिकरण शिविर में एक पैनल अधिवक्ता, पीएलभी के अलावे प्रखंड प्रशासन के लोग हिस्सा लेंगे। सभी प्रखंडों को इसके लिए सूचित कर दिया गया है।

मांग उपकरण लगाने में सरकारी राशि गबान करने का मामला

# बच्चों के जिम पर लाखों का गबान, मुख्य सचिव से की जांच की मांग

▶▶सरकारी राशि का गबन किया गया है

राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु कांत झा ने देवघर में सरकारी स्कूलों में लगाए जा रहे जिम में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर मुख्य सचिव,झारखण्ड सरकार, रांची को पत्र लिखकर जिम के तौर पर स्कूलों में लगाए जा रहे उपकरणों के जांच की मांग किया है। उन्होने कहा है कि उपकरण लगाने में सरकारी राशि गबन करने का मामला है। उन्होने कहा



कि देवघर जिले के कुछ ग्राम पंचायतों द्वारा पंद्रहवें वित्त आयोग के मद से जिम की योजना ली गई है। एक लाख पचासहजार रुपए की इस योजना में एक चार फीट ऊँची लोहे की स्लाईड, एक लोहे का छोटा झूला, एक दो बच्चों का झूला, बच्चों के लिए पैररखकर झूलनेवाला एक लोहे की छोटी सामग्री लगायी गयी है, जिसकी लागत मुश्किल से पंद्रह से बीस हजार रुपए ही हो सकती है। जो लगभग लगाए जाने के चार माह के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो गया है एवं इस्तेमाल के योग्य नहीं है। इससे स्पष्ट है कि इस योजना के नाम पर सिर्फ सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है एवं सरकारी राशि का गबन किया गया है, जिसकी उच्च स्तरीय जाँच की आवश्यकता है। उनका आरोप है कि इस योजना में करोड़ों का बंदरबांट देवघर जिला में विभिन्न अधिकारियों द्वारा किया गया है।

संताल परगना चैंबर ऑफ कॉमर्स ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र, कहा

# जियाडा संताल परगना क्षेत्रीय निदेशक का हो पदस्थापन

राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** संताल परगना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज देवघर के अध्यक्ष आलोक मल्लिक और महासचिव रितेश टिबड़ेवाल ने संताल क्षेत्र के उद्यमियों को हो रहे परेशानियों के मद्देनजर झारखण्ड के मुख्य सचिव को पत्र लिख झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण, संताल परगना क्षेत्र में क्षेत्रीय निदेशक के पद पर अविलंब किसी सक्षम पदाधिकारी को पदस्थापित किए जाने की मांग की है।पत्र में चैंबर ने कहा है कि 19 अक्टूबर को क्षेत्रीय निदेशक एस के लाल का स्थानांतरण होने के बाद से अभी तक उस पद पर किसी नए पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं हुआ है। जीयाडा में क्षेत्रीय निदेशक का पद रिक्त रहने के कारण संताल परगना के औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यमियों के सभी तरह के कार्य रूक गए हैं तथा विकास के कार्य भी लंबित हैं जिसके कारण उद्यमियों की परेशानी बढ़ गई है, औद्योगिक क्षेत्र में प्लॉट आवंटन के कार्य रुक गए हैं। 29 अगस्त को हुए पीसीसी मीटिंग के बाद कई उद्यमियों को प्लॉट आवंटन हुआ था जिनके पैसे भी सितंबर-अक्टूबर माह में ही जमा हो चुके हैं। लेकिन उन्हें फाइनल एलॉटमेंट ऑर्डर नहीं मिल पाया है। 3 अक्टूबर को भी नए प्लॉट आवंटन के लिए कई उद्यमियों ने आवेदन किया हुआ है, जिनके निष्पादन की कारवाई तथा पीसीसी की मीटिंग नहीं हो पा रही है। इस स्थिति में संताल परगना के औद्योगिक ईकाईयों तथा उद्यमियों की परेशानियां बढ़ गई है और उनके कार्य बाधित हो रहे हैं तथा समय की बबार्दी हो रही है।

## शहर >> अपडेट

### अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें: लक्ष्मण

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना अंतर्गत गणेशपुर पंचायत के आरा ग्राम के ओजा टोला में बीते रात हुए बरतू गांझु का मर्डर हो गया । इस घटना से पूरे छेत्र में दहशत का मौहोल बना हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलू सर थाना प्रभारी धर्मेंद्र महतो भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा पिकेट प्रभारी कुबेर साव उप प्रमुख कामेश्वर राम मुखिया परमेश्वर राम घटना स्थल पर पहुंच घटना का जायजा लिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने पुलिस प्रशासन से दोषियों की जल्द गिरफ्तारी एवम छेत्र को भय मुक्त बनाए का बात कहे। डीएसपी के द्वारा अपराधियों को जल्द पकड़ लेने की बात कही गए। मौके पर बिनोद गांझु,रवि प्रकाश, तुलसी साव, महेंद्र साव, जितेंद्र साव, बसंत कुशवाहा समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

सम्मेलन

## सभी पंचायतों में बजरंग दल से 5 लोगो को जोड़ा जाएगा

# विहिप का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित

- श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा
- नवयुवक को जोड़ना बहुत जरूरी
- कहने के बजाय करने का कोशिश

राष्ट्रीय खबर



**जयनगर:** प्रखंड के दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय विश्व हिंदू परिषद का सम्मेलन आयोजित किया गया। अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार वर्णवाल ने की। संचालन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष महेश पांडेय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री पंकज दुबे व जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद मोदी शामिल हुए। इस दौरान श्री दुबे ने कहा अयोध्या से पूजित अक्षत को पंचायत एवं गांव स्तर पर सनातन परंपरा के अनुसार पीला अक्षत से सभी घरों के परिवार को आमंत्रण दिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के द्वारा 22 जनवरी 2024 को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान पंचायत के लोगों से समय लेकर वहां जाकर संगठन बनाना, संगठन तैयार होने के बाद मंदिर या देवी स्थान पर दीपक जलाने के साथ साथ भजन कीर्तन करना, अपने अपने घरों में दीपावली के जैसा 22 जनवरी 24 को दीपक जला कर खुशियां मनाना। आगे कहा कि हम सबको कहने के बजाय करने का कोशिश करना चाहिए या संकल्प होना चाहिए। इस कार्य में नवयुवक को जोड़ना बहुत जरूरी है। आगे उन्होंने कहा जयनगर दुर्गा मंदिर में राम मंदिर के उद्घाटन के दिन वहां हो रहे उद्घाटन का दृश्य बड़ा पर्दा पर सामूहिक रूप से एक जगह बैठ कर देख सके। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री सदानंद सिंह, उपाध्यक्ष सतीश पांडेय, बजरंग दल प्रखंड संयोजक अजय यादव, रामदेव मोदी, सकलदेव यादव, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजक कृति सुमन मोदी, नीलकंठ सिंह कैलाश लाल बर्णवाल, बजरंग दल प्रखंड सहसंयोजक महादेव शर्मा, खंड कार्यवाह सुनील कुमार यादव, राजेंद्र सिंह, महाराज सिंह, सरोज सोनी, सूरज सोनी, टेकनारायण राम आदि मौजूद है।

### श्रीराम से युवा पीढ़ी को लेनी चाहिए सीख :किरण चौबे

**मरकच्चो :** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो के उत्तरी पंचायत स्थित कन्हैया नगर में प्रखण्ड प्रमुख बिजय कुमार सिंह के आवास पर चल रहे संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को वृंदावन से आयी कथा प्रवाचिका मानस मंदाकिनी सुश्री किरण चौबे ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री राम मयार्दा पुरूषोत्तम है। त्याग और निष्ठा के प्रतीक है। उनमें गुरुओं की सेवा करने, माता पिता की आज्ञा का पालन करने तथा सेवा की भावना कूट कूटकर भरी हुई थी। उन्होंने कहा कि आज के युवा पीढ़ी को उनसे सिख लेनी चाहिए। रामायण के श्री राम की तरह अपने माता पिता, अपने गुरुओं का आदर करना चाहिए। सम्मान करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि लंका के राजा रावण के पास धन, संपत्ति, यश, वैभव कीर्ति प्रतिष्ठा सब कुछ था परंतु उसके पास मनुष्यता नहीं थी।

## न्यूज फटाफट

### वार्ड सदस्यों के संघ का किया गया गठन



**पेटरवार :** पेटरवार प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में गुरुवार को प्रखंड स्तरीय संघ गठन को लेकर वार्ड सदस्यों की एक बैठक नागेश्वर कुमार उर्फ पिंटू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंच का संचालन मनोज कुमार सिंह एवं मुमताज अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।बैठक में पेटरवार प्रखंड स्तर पर सभी पंचायतों के वार्ड सदस्यों के संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष विजय कुमार महतो, उपाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह व सोनमती देवी, कार्यकारी अध्यक्ष मुमताज आलम, सचिव नागेश्वर कुमार, उप सचिव पिंकी कुमारी व शिव कुमार चटर्जी, कोषाध्यक्ष सेवा गंझु, उप कोषाध्यक्ष बबीता देवी एवं मिडिया प्रभारी बुधन किस्कू को बनाया गया। इसके अतिरिक्त कार्य कारिणी के ग्यारह सदस्यों का चयन किया गया। सभी चयनित किये गए पदा धिकारी व सदस्यों को फूल माला पहना कर अभिनन्दन किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष विजय कुमार महतो ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड स्तरीय कमिटी की ओर से समय -समय पर बैठक आयोजित कर सभी वार्ड सदस्यों को आवश्यक जानकारी एवं कार्य करने के विषय पर प्रशिक्षण देने की व्यवस्था कमिटी की ओर से किया जायगा ताकि सभी सदस्य अपने अपने क्षेत्रों में समय पर सही कार्यो का निष्पादन कर सरकार व जनहित पर काम कर सकेंगे। बैठक में विभिन्न पंचायतों के वार्ड सदस्य उपस्थित थे ।धन्यवाद ज्ञापन सेवा गंझु ने किया।

## सिटी अपडेट्स >>

### ट्रेड यूनियन और किसान नेताओं की बैठक कल

**जयनगर :** ऐक्टू जिला सचिव विजय पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी- किसान विरोधी एवं राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ राज भवन झारखंड रांची के समक्ष मजदूर किसानों का देशव्यापी महापड़ाव दिनांक 26, 27 एवं 28 नवंबर 2023 को होना है। जिसकी तैयारी को लेकर दिनांक 25 नवंबर 2023 को ऐक्टू जिला कार्यालय झुमरी तिलैया में ट्रेड यूनियन और किसान नेताओं की एक बैठक 2:00 बजे से की जाएगी।

## मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में लाए तेजी :अशोक राम



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में गुरुवार को गोमिया विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक ओर कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान गोमिया विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 के सहायक निर्वाचक निबंधन सह अंचल अधिकारी अशोक राम ने मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बता दे कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 के अंतर्गत पड़ने वाले पेटरवार प्रखंड के 13 पंचायतों के 65 मतदान केंद्र के बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक व कर्मी को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में नए मतदाता का नाम नही छूटना चाहिए और इसके लिए फॉर्म 6 भरने का काम तेजी के साथ करे तथा इसके अलावे फॉर्म 7 ओर 8 भी भरने का कार्य करें। जिस मतदाता की मृत्यु हो गई है या जिस मतदाता का नाम डबल चढ़ा हुआ है उसे अविलंब विलोपित करें। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अरविंद कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर संजय कुमार, आंगनबाड़ी केंद्र की पर्यवेक्षिका कुंतल रानी, पंचायत सचिव, बी एल ओ पर्यवेक्षक और बी एल ओ काफी संख्या में मौजूद रहें।

## मनोज सहाय किए गए सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा झारखंड प्रदेश के हीनू स्थित कैंप कार्यालय में बुधवार को महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम कुमार सिन्हा ने राष्ट्रीय स्तर पर नवगठित अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के झारखंड प्रदेश से चयनित पदाधिकारीगण को सम्मानित किया। उपस्थित चित्रांशों ने सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त का माल्यार्पण कर स्तुति गान किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रेम कुमार सिन्हा ने सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी का बारी-बारी से माल्यार्पण कर स्वागत किया। कहा कि आप सभी राष्ट्रीय पदाधिकारीयों के मार्गदर्शन से महासभा को एक नई ऊर्जा मिलेगी। सम्मान समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व आईजी एवं महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक दीपक कुमार वर्मा ने कहा कि समाज का हर व्यक्ति सम्मानित है। कोई बड़ा या छोटा नहीं है। हम सब मिलकर समाज हित में काम करें। राष्ट्रीय संगठन मंत्री चंदन सिंन्हा ने कहा कि संगठन की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि समाज के प्रति आपका क्या योगदान है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव ने कहा समाज के हर व्यक्ति विशेष कर कमजोर तबके पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। सम्मान समारोह में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की राष्ट्रीय महिला कार्यकारी अध्यक्ष शोभा सहाय, राष्ट्रीय संगठन सहमंत्री मनोज सहाय पिंकू, राष्ट्रीय संगठन सचिव विजय कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री शंभू प्रसाद सम्मानित किए गए। सम्मान समारोह का संचालन महासभा के प्रदेश प्रवक्ता सह रांची जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा ने किया जबकि मौके पर अमरेंद्र किशोर सिन्हा ,प्रवीण श्रीवास्तव श्रीमती रश्मि सिन्हा, किशोर कुमार सिन्हा अनिल कुमार उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन के के सिन्हा ने किया।

### फिर एक बाइक की हुई चोरी

**कुडू :**कुडू इलाके से बाइक चोरी की घटना रुकने का नाम ही नही ले रहा है। अबकी बार साप्ताहिक गुरुवार बाजार के दिन कुडू बाजार गली बिड़ला स्ट्रीट स्थित मधुर सेवा सदन के सामने खडी डा कल्याण कुमार मधुर की हीरो होंडा बाइक को चोरों ने गायब कर दिया।सेवा सदन संचालक डा कल्याण कुमार मधुर ने बताया कि वे अपने हीरो होंडा बाइक नंबर जेएच 08बी 1603 को गुरुवार को दोपहर सेवा सदन के बाहर हेंडिल लॉक कर खड़ा कर मरीजो को देख रहे थे। कुछ देर बाद बाहर निकले तो बाइक गायब था। काफी खोजबीन किया लेकिन बाइक नही मिला तो इसकी सूचना पुलिस को दिया। ज्ञात हो कि कुडू में प्राय: हर सप्ताह खास कर गुरुवार के दिन बाइक चोरी की घटना हो रही है। पहले तो साप्ताहिक बाजार के अंदर चोरी होती थी, लेकिन कुछ महीनों से कुडू टाउन के दुकान के बाहर से भी बाइक चोरी की बढ़ती घटना से आम लोग काफी परेशान है।

### शोकाकुल परिवार से मिले सुशील उरांव



**लोहरदगा :** दिनांक 22नवंबर 2023 बुधवार को आदिवासी छात्र संघ लोहरदगा जिला पूर्व अध्यक्ष सह केंद्रीय सदस्य चंद्रदेव उरांव के माता का उनके पैतृक आवास भटखिजरी में सोमी उरांव का अकाशमिक निधन हो गया,सूचना मिलने के बाद उनके अंतिम यात्रा में केंद्रीय आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष सुशील उरांव और केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव लोहरदगा आदिवासी छात्र संघ जिला अध्यक्ष अवधेश उरांव,जिला महासचिव फूलचंद उरांव उनके आवास पहुंचे तथा शौक संवेदना व्यक्त किया,मौके पर सुशील उरांव ने कहा कि सोमी उरांव का निधन समाज के लिए लिए अपुरणीय क्षति है ,दु:ख के इस घड़ी में आदिवासी समाज इस परिवार के साथ है, स्वर्गीय सोमी उरांव के अंतिम संस्कार यात्रा में आदिवासी छात्र संघ लोहरदगा जिला अध्यक्ष अवधेश उरांव, जिला महासचिव फूलचंद उरांव आदिवासी छात्र संघ प्रखंड कुडू अध्यक्ष अमित उरांव, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा उपाध्यक्ष सुकेंद्र उरांव,मीडिया प्रभारी बिन्देश उरांव,पहान सुनींल मुंडा,तथा अन्य शामिल थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 17 दिसंबर लीजेंड क्रिकेट प्रीमियर लीग का उद्धघाटन

**पेटरवार :** पेटरवार लीजेंड क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन टू का उद्धघाटन आगामी 17 दिसंबर 2023 को पेटरवार स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में किया जाएगा। उक्त जानकारी खेल प्रभारी अनुज सिंह व सत्या प्रताप सिंह गुड्डू ने दी। बताया कि आगामी दिसंबर महीने से पेटरवार में प्रारंभ होने वाले पी पी एल सीजन टू का रंगारंग कार्यक्रम के बीच किया जायेगा। यह भी बताया कि 17 दिसंबर से आयोजित होने वाले इस लीजेंड क्रिकेट टूनार्मेंट में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया है। इस टूनार्मेंट का फाइनल मैच 31 दिसंबर 2023 को रंगारंग कार्यक्रम के बीच कराया जाएगा। यह भी बताया कि लीजेंड क्रिकेट टूनार्मेंट की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## पंचायतों में होगी शिविर का आयोजन

- 24 नवम्बर से 26 दिसम्बर तक आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** कोडरमा उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में तैयारियों की समीक्षा हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों संग बैठक किया। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 24 नवम्बर से 26 दिसम्बर 2023 तक आयोजित करने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। जिला के सभी पंचायत स्तर पर कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आमजनों को उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया। शिविर में आवेदनों की प्राप्ति, आमजनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने, शिविरों में आमजनों से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं समस्याओं से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त करने एवं आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने, आवेदनों की प्राप्ति तथा ऑन-द-स्पॉट लाभों के वितरण की जानकारी पोर्टल में अपडेट अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत विभिन्न विभागों के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## पंचखेरो जलाशय योजना में मत्स्य बीज का संचयन

राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** प्रखंड स्थित पंचखेरो जलाशय योजना में झारखंड मत्स्य विभाग के निर्देश पर गुरुवार को जलाशय में 9 लाख 30 हजार अंगुलिक आईएमसी मत्स्य बीज का संचयन किया गया। बीज संचयन में जिला मत्स्य पदाधिकारी विजय कुमार सिंह एवं मरकच्चो उत्तरी पंचायत मुखिया रंजीत कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। मालूम हो कि पंचखेरो जलाशय योजना में 12 लाख मत्स्य अंगुलिका बीज संचयन किया जाना था। जिसमें पूर्व में 9 नवम्बर 2023 को तीन लाख 89 हजार बीज का संचयन किया गया था। शेष बचे मत्स्य बीज को जिला मत्स्य विभाग से तिथि निर्धारित कर 23 नवंबर 2023 को 9 लाख तीस हजार मत्स्य बीज का संचयन किया गया। बीज संचयन में माहेश्वरी कुशवाहा, सिकंदर कुमार वर्मा, सुभाष कुमार, निरंजन कुमार, मनोहर प्रसाद कुशवाहा, अजीत कुमार, मुंशी कुमार, रंजीत कुमार वर्मा, कामदेव प्रसाद वर्मा, संजय कुमार वर्मा समेत सभी बीज पालक व बीज उत्पादक मौजूद थे।

### युवक की गला दबाकर हत्या



**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के चामातु ग्राम के हररुवा टोला में बुधवार के रात्रि अज्ञात अपराधियों द्वारा बरतु गंझू 45 वर्ष पिता स्वर्गीय दिवाली दीवाली गंझू ग्राम हहरूवा थानां बालूमाथ का गला दबाकर हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है ।बरतु गंझू की पत्नी राजो देवी ने बताया कि हम लोगों का किसी से कोई दुश्मनी नहीं है हम लोग बाजार में मुर्गा काटकर बेचने का कार्य करते हैं कुछ जमीन विवाद गोतिया के साथ चल रहा है ।इधर घटना के संबंध में मृतक की पुत्री पूजा कुमारी 17 वर्ष ने बताया कि हम लोग रात्रि में खाना खाकर सोए हुए थे। इसी बीच 1:00 बजे उठे तो देखा की मेन दरवाजा खुला है हम दरवाजा बंद कर दिए 3:00 बजे मेरी मां उठकर बोली कि पापा घर में नहीं है रात्रि में काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला ।सुबह उठकर घर से लगभग 300 मीटर दूरी पर हडही जामून के समीप उनका शव पड़ा हुआ था। शारीर के ऊपर का कपड़ा नहीं था एवं मुंह में कपड़ा डाला हुआ था। परिजनों ने गला दवा कर हत्या की आशंका जाताई है ।घटना की सूचना पाकर बालूमाथ अरवा डीह पिकेट प्रभारी कुबेर साब दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी एवं शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया है। मृतक के दो पुत्र मनीष कुमार 14 वर्ष व सागर कुमार 12 वर्ष एवं दो पुत्री पूजा कुमारी 17 वर्ष एवं पूनम कुमारी 10 वर्ष है घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है इस संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने कहा कि प्रथम दृष्टि से यह हत्या का मामला प्रतीत होता है परिजन की स्थिति पूछताछ करने की नहीं थी । इसलिए अभी इस संबंध में किसी भी तरह का खुलासा नहीं हो पाया है शीघ्र ही मामले की जांच कर इसका उद्वेदन कर लिया जाएगा।

अधिवेशन

## देश के सभी भागों से अधिवेशन में भाग लेंगे युवा

# राष्ट्रीय अधिवेशन का पोस्टर विमोचन

- 75 वर्षों का संगठनात्मक प्रयास
- अमृत महोत्सव 7से10तक
- अधिवेशन डीडीए ग्राउंड बुराडी दिल्ली में

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 'अमृत महोत्सव वर्ष' के दिल्ली में 7 से 10 दिसंबर तक आयोजित हो रहे 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन का गुरुवार को झुमरीतिलैया में पोस्टर विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन पर धनबाद विभाग संगठन मंत्री बबन बैठा, जिला संयोजक मिथलेश कुमार विश्वकर्मा, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुनील रजक, नगर एसएफएस आकाश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वही उपस्थित विभाग संगठन मंत्री बबन बैठा ने अभाविप एवं राष्ट्रीय अधिवेशन के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के चार दिवसीय आयोजन के दौरान देश के हर कोने से विद्यार्थी भाग लेने दिल्ली पहुंचेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 75 वर्षों की संगठनात्में में विभिन्न प्रयास करने की योजना बनाई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन डीडीए ग्राउंड बुराड़ी (दिल्ली) में होगा, जहां एक पूरा अस्थायी नगर बसाया जाएगा। इस पूरे नगर का नाम पांडवकालीन राजधानी रही इंद्रप्रस्थ नगर नाम रखा गया है। इस नगर के मुख्य सभागार का नाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह रहे स्व. मदनदास देवी के नाम पर रखा गया है। साथ ही इस इंद्रप्रस्थ नगर के आवासीय परिसरों के द्वारों के नाम महाराज सूरजमल तथा सम्राट मिहिर भोज के नाम पर रखा जाएगा। डीडीए ग्राउंड पर टेंट सिटी का निर्माण शुरू हो। राष्ट्रीय अधिवेशन में दस हजार से भी अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षक भाग लेंगे। मौके पर झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुनील रजक, जिला संयोजक मिथलेश कुमार विश्वकर्मा, नगर एसएफएस आकाश कुमार एवं सुनीति कुमारी, पूनम, निशा, विद्या, सुप्रिया, रौशन, कुंदन, सचिन, कासीव आलम, रंजित, शेफ इत्यादी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जयंती धूमधाम से मनाई



**सतगावां :** प्रखंड के ईटाय स्थित मठ में गुरुवार को अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की ओर से सम्राट जरासंध की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान चंद्रवंशी समाज के दर्जनों लोगों ने शिरकत कर सम्राट जरासंध के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

## न्यूज फटाफट

### गुजरात जाएंट्स को मिली रोमांचक जीत



**रांची :** लेंडल सिमंस की 99 सहासिक पारी के बावजूद भी गुजरात जाएंट्स ने जेएससीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के चौथे मैच में भीलवाड़ा किंग्स पर तीन रनों की रोमांचक जीत दर्ज की। पहली पारी में क्रिस गेल के ताबड़तोड़ अर्धशतक की जवाबी कार्यवाही में उन्हीं के पूर्व कैरिबियाई टीममेट लेंडल सिमंस ने भी तूफानी पारी खेली जोकि अंत में नाकाम साबित हुई। लीग में गुजरात जाएंट्स की यह दूसरी जीत है।इससे पूर्व भीलवाड़ा किंग्स ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग का फैसला किया ।33 के स्कोर पर चौथे ओवर में जैक कालिस (14) रनो की रफ्तार बढ़ाने की एवज में राहुल शर्मा द्वारा रन आउट हुये ।आठवें ओवर तक 91 रन बना चुकी टीम को दूसरा झटका क्रिस गेल (27 गेंदों पर 52) के आउट होने पर मिला जो कि राहुल शर्मा द्वारा एलबीडब्ल्यू आउट हुये। अगले ही ओवर में जेसल करिया ने रिचर्ड लेवी को आउट कर गुजरात जाएंट्स को बैकफुट पर धकेल दिया जिससे स्कोर 97/3 हुआ। 119 के टीम स्कोर पर आईरिश बल्लेबाज केविन ओ ब्रायन (11) इस बार भी बडा स्कोर बनाने में नाकाम रहे जब शर्मा ने उन्हें अपना शिकार बनाया। इसके बाद पार्थिव पटेल (8) के आउट होने के साथ ही आधी टीम 121 रनों पर पॅव्हिलियन लौट चुकी थी। अभिषेक झुनझुनवाला और नाबाद चिराग खुराना की 29 रनों की साझेदारी ने टीम का स्कोर 150 तक लगाया। अभिषेक ने 24 रन बनाये। नाबाद चिराग खुराना (24) और रजत भाटिया (7) के साथ गुजरात जाएंट्स ने निर्धारित बीस ओवर्स में 172/6 रन बनाये। जेसल करिया (2/16) और राहुल शर्मा (2/25) ने दो दो विकेट लिये।लक्ष्य का पीछा करते हुये भीलवाड़ा किंग्स के दोनो सलामी बल्लेबाज – सोलोमन मायेर (8) और तिलकरत्ने दिलशान (1), रायद इमरिट की भेंट चढ़े जिससे स्कोर 14/2 हुआ। दोनो नये बल्लेबाज – लेंडल सिमंस और रोबिन बिस्ट ने दूसरे विकेट के लिये 45 रनों की साझेदारी करते हुये नुकसान की भरपाई की। आठवे ओवर में सर्बजीत लड्डा ने जाएंट्स को तीसरी सफलता रोबिन बिष्ट (18) के रुप में दिलाई जिससे स्कोर 59/3 हुआ। इसी बीच सिमंस ने 34 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया परन्तु दूसरे छोर पर विकेटकीपर बल्लेबाज पिनल शाह (16) सेट बल्लेबाज का साथ ज्यादा साथ नहीं निभा पाये और स्कोर 93/4 हुआ। अगले ही ओवर में अपने फार्म से जूझ रहे युसुफ पठान (5) इस बार भी निराश लौटे जिन्हें श्रीसंथ ने अपना शिकार बनाया।

### सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में झारखंड टीम की दूसरी जीत



**रांची :** 17 से 28 नवंबर तक चेन्नई तमिलनाडु में आयोजित 13वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 में झारखंड पुरुष हॉकी टीम ने आज अपना दूसरे मैच में हॉकी चंडीगढ़ को 2=0से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की,इससे पूर्व अपने पहले मैच में हॉकी झारखंड ने हॉकी आंध्रप्रदेश को 10=03से पराजित किया था।झारखंड टीम और से आज के मैच में प्रेम केरकेट्टा और अनुरोध भेंगरा एक एक गोल किए।झारखंड टीम की लगातार दूसरी विजय पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

### सांसद ने खिलाड़ियों को दी बधाई



**रांची :**22 व एशिया मास्टर एथलेटिक्स मीट में भाग लेकर लौटे हमारे झारखंड के खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करते हुए रांची के राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी एवं आदित्य साहू जी के घर जाकर उनसे मुलाकात करते हुए हमारे राज्यसभा सांसद जी के द्वारा सभी खिलाड़ियों को साल गुलदस्ता देकर बधाई दिया ।और हमारे सांसद सभी खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में जो भी दिक्कत हो वह आप लोग को पूरा किया जाएगा झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के तरफ से सचिव लक्ष्मण राम विपिन सिंह वीरेंद्र साहू संजय चक्रवर्ती और पदक विजेता राजकुमार वाल्मीकि जी रजत पदक 60+ गोला फेक मैं जीते हैं और प्रभा लाकड़ा ल्ली हाई जंप में रजत पदक जीता है और हमारे अशोक महतो सर जी पॉल बोल्ट में थर्ड पोजिश किए हैं हमारे झारखंड मास्टर एथलेटिक्स के अधिकारियों की तरफ से उनको बहुत-बहुत बधाई।

**टेनिस**

### दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक ने कहा

# डेविस कप जीतकर सत्र का समापन करना चाहता हूं: जोकोविच

एजेंसियां



**मैड्रिड :** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा कि वह स्पेन के मलागा में सर्बिया को डेविस कप दिलाकर सत्र का समापन करना चाहते हैं। ट्यूरिन में एटीपी फाइनल जीतने के बाद जोकोविच ने मलागा के लिए उड़ान भरी और बुधवार को कहा कि वह अच्छे आराम से पहले 'एक आखिरी धक्के' की तलाश में है। ब्रिटेन के साथ सर्बिया के क्वार्टर फाइनल की पूर्व संध्या पर उन्होंने कहा, ''यह सत्र का आखिरी सप्ताह है। मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रहा हूं क्योंकि मैं अच्छा टेनिस खेल रहा हूं।'' उन्होंने कहा, ''ट्यूरिन में 'एटीपी फाइनल में' अपने प्रदर्शन से मैं ज्यादा खुश नहीं हो सकता। मैं एक बार फिर यहां आकर आभारी हूं। यह सत्र के मेरे बड़े लक्ष्यों में से एक था और जाहिर तौर पर मैं यहां जीतने के लिए हूं।'' जोकोविच ने कहा कि ब्रिटिश टीम का नेतृत्व करने वाले ' कैमरून नोरी' जैसे बाएं हाथ के साथी को ढूंढना मुश्किल था और उन्होंने इस ओर ध्यान दिलाया कि एंडी मरे के बिना भी ब्रिटेन 'एक महान टीम' है, क्योंकि युगल में 'उनके पास एक चुनने के लिए बहुत कुछ' है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास कोई युगल विशेषज्ञ नहीं है, इसलिए हम एकल पर निर्भर हैं, लेकिन अगर हम युगल तक पहुंचते हैं तो हमारे पास कई संयोजन होंगे और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।'' इस साल तीन ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच गुरुवार को डेविस कप फाइनल के आखिरी क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के खिलाफ मुकाबले में सर्बिया का नेतृत्व करेंगे।

## पीठ की चोट के कारण बीबीएल में हिस्सा नहीं लेंगे राशिद खान



एजेंसियां

**एडिलेड :** एडिलेड स्ट्राइकर्स खेलने वाले अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान पीठ की चोट के कारण आगामी बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन 13 नहीं खेल पायेंगे। स्ट्राइकर्स ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा, ''राशिद ने पीठ की चोट के कारण आगामी केएफसी बीबीएल 13 से नाम वापस ले लिया है। उन्हें एक छोटी सर्जरी की आवश्यकता है।'' स्ट्राइकर्स के क्रिकेट महाप्रबंधक टिम नीलसन ने कहा, ''राशिद स्ट्राइकर्स के एक प्रिय सदस्य हैं, साथ ही प्रशंसक भी उन्हें काफी पसंद करते हैं। सात साल से वह हमारी टीम के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। इसी कारण से इस सीजन उनकी बहुत कमी खलेगी। राशिद को भी एडिलेड और स्ट्राइकर्स से प्यार है और हम जानते हैं कि वह बीबीएल में खेलना कितना पसंद करते हैं। हमें पता है कि दीर्घकालिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उनके इस चोट का इलाज होना काफी जरूरी है।'' उन्होंने बार इस महीने की शुरुआत में एकदिवसीय विश्व कप में अफगानिस्तान के लिए खेला था। इस टूर्नामेंट में उन्होंने ने 11 विकेट लिये थे। स्ट्राइकर्स ने अभी तक राशिद के स्थान पर किसी और खिलाड़ी की घोषणा नहीं की है लेकिन नीलसन ने कहा कि प्रबंधन विकल्पों पर विचार करेगी और फैसला करेगी। वह 2017 से बीबीएल में खेल रहे हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 69 मैचों में 17.51 की औसत और 6.44 की इकॉनमी से 98 विकेट लिए हैं। राशिद आगामी बीबीएल सत्र से हटने वाले दूसरे विदेशी खिलाड़ी है। मेलबर्न स्टार्स के इंग्लिश खिलाड़ी हैरी ब्रूक ने इस महीने की शुरुआत में टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया था।

## नामीबिया के हाथों जिम्बाब्वे की हार 'शर्मनाक':हॉटन

एजेंसियां

**विंडहोक :** जिम्बाब्वे के मुख्य कोच डेव हॉटन ने पुरुष टी-20 विश्वकप अफ्रीका क्वालीफायर के शुरुआती मैच में नामीबिया के खिलाफ अपनी टीम की हार को 'शर्मनाक और 'सबसे खराब खेलों में से एक' करार दिया हैं। हॉटन ने कहा, ''जब आप पूछते हैं कि क्या गलत हुआ, जहां तक मेरा सवाल है, हमने सब कुछ गलत पाया।'' उन्होंने कहा, ''हम आज यह भयानक था, शर्मनाक रूप से खराब। यह शायद सबसे खराब खेलों में से एक है जिसके साथ मैं जिम्बाब्वे की जर्सी में जुड़ा हूं। उन्होंने कहा, ''ऐसा क्यों होता है मुझे बिल्कुल पता नहीं है। हम कड़ा अभ्यास करते हैं, हम विशिष्टताओं के साथ अभ्यास करते हैं। हम लोगों ने वास्तव में कड़ी मेहनत की, टीम के पास इस खेल में आने के लिए पर्याप्त ऊर्जा थी, लेकिन हमने खराब बल्लेबाजी, उसके बाद खराब गेंदबाजी की और हमारी फील्डिंग औसत खराब रही। उन्होंने कहा, ''यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन मेरा सबसे अच्छा दिन नहीं है और निश्चित रूप से मेरा सबसे खुशी का दिन नहीं है। वास्तव में, मुझे लगता है कि हमें यहां अपने प्रशंसकों से माफी मांगनी चाहिए।'' उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत खराब है, लेकिन हम जानते हैं कि हमें क्वालीफाई के लिए अगले पांच मैच जीतने होंगे। नामीबिया को विस्फोटक शुरुआत से मदद मिली, जिसमें सलामी बल्लेबाज माइकल वैन लिंगेन और निकोलास डेविन ने सिर्फ 48 गेंदों में 88 रन जोड़े। विंडहोक के वांडरर्स क्रिकेट ग्राउंड में जिम्बाब्वे को आठ विकेट पर 132 रन पर रोकने के बाद नामीबिया ने 32 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से जीत हासिल की।

## आईसीसी ने मार्लन सैमुअल्स को किया छह साल के लिए प्रतिबंधित

एजेंसियां

**दुबई :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज मार्लन सैमुअल्स को 2019 में अबू धाबी टी-10 के मुकाबले दौरान भ्रष्ट आचरण का दोषी पाए जाने के बाद क्रिकेट के सभी प्रारूप से छह साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। आईसीसी ने कहा कि एक स्वतंत्र न्यायाधिकरण ने सैमुअल्स को चार मामलों में दोषी पाया गया। उन्हें 15 वर्ष पहले भी इसी तरह के अपराध के लिए सजा दी गई थी। आईसीसी के एचआर और इंटीग्रिटी यूनिट के प्रमुख एलेक्स मार्शल ने कहा, ''सैमुअल्स ने करीब दो दशकों तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला, इस दौरान उन्होंने कई भ्रष्टाचार विरोधी सत्रों में भाग लिया और जानते थे कि भ्रष्टाचार विरोधी संहिता के तहत उनके दायित्व क्या थे। यद्यपि वह अब रिटायर हो चुके हैं, लेकिन जब अपराध किए गए थे तब सैमुअल्स एक प्रतिभागी थे। यह छह साल का प्रतिबंध नियमों को तोड़ने का इरादा रखने वाले किसी भी खिलाड़ी के लिए एक मजबूत निवारक के रूप में काम करेगा।'' इस वर्ष अगस्त में सैमुअल्स को इन अपराधों का दोषी पाया गया।

### सिन्हा ने पैरा तीरंदाजों को दी बधाई

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में शानदार प्रदर्शन करने वाले केंद्र शासित प्रदेश के पैरा तीरंदाजों को बधाई दी है। सिन्हा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा,''क्या अविश्वसनीय उपलब्धि है! पैरा तीरंदाजों ने इतिहास रचा और थाईलैंड में तीरंदाजी चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित छह पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया।

## खेल जगत अपडेट्स »

### मोदी ने भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को दी बधाई

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी ने एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन पर गुरुवार को भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''बैंकॉक में पैरा एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक जीत! भारतीय पैरा तीरंदाजी टीम को उनके शानदार प्रदर्शन और इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने के लिए बधाई! तीरंदाजी टीम ने चैम्पियनशिप में अब तक के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कुल नौ पदक जीते, जिसमें चार स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। प्रत्येक एथलीट को उनके योगदान के लिए बधाई। वे हमें सदैव गौरवान्वित करते रहें।'' मोदी ने अपनी पोस्ट के साथ पदक विजेता भारतीय टीम की फोटो भी साझा की।

### भारतीय टीम ने एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में चार स्वर्ण सहित नौ पदक जीते

**बैंकाक :** एशियाई पैरा तीरंदाजी चैम्पियनशिप में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक के साथ कुल नौ पदक हासिल किये है। थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में बुधवार को हुई चैंपियनशिप में दुनिया में पांचवीं वरीयता वाले भारत के राकेश कुमार ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। राकेश और सूरज सिंह ने पुरूषों के कंपाउंड वर्ग में चीनी ताइपै के पुंग हुंग वू और चिह चियांग चांग को 147.144 से हराकर टीम स्पर्धा का स्वर्ण जीता। राकेश ने शीतल देवी के साथ इंडोनेशिया के टी आडी आयुडिया फेरेली और केन एस को 154.149 से हराकर मिश्रित टीम वर्ग में भी स्वर्ण हासिल किया। वहीं महिला कंपाउंड ओपन टीम में शीतल और ज्योति ने कोरिया की जिन यंग जियोंग और ना मि चोइ को 148.137 से हराकर स्वर्ण हासिल किया। भारत ने महिला रिकर्व टीम फाइनल, पुरूष रिकर्व युगल, पुरूष रिकर्व डब्ल्यूवन युगल में रजत पदक जीता। सरिता ने महिला कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में कांस्य जीता। चैम्पियनशिप में भारत नौ पदकों साथ शीर्ष पर रहा वहीं दक्षिण कोरिया की टीम तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य जीतकर दूसरे स्थान पर रही।

## आज डिज़्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी 'द वैक्सीन वार'




एजेंसियां

**मुंबई :** विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी फिल्म द वैक्सीन वार 24 नवंबर, 2023 को डिज़्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। डिज़्नी + हॉटस्टार भारत के कोविड-19 टीकाकरण की प्रेरणादायक कहानी 'द वैक्सीन वार' लेकर आ रहा है। इसका निर्देशन विवेक अग्निहोत्री ने किया है और निर्माता पल्लवी जोशी एवं आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस हैं ।यह फिल्म 24 नवंबर, 2023 को डिज़्नी + हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है।इस फिल्म में नाना पाटेकर, पल्लवी जोशी, राइमा सेन, अनुपम खेर, गिरिजा ओक, निवेदिता भट्टाचार्य, सप्तमी गौड़ा और मोहन कपूर जैसे कलाकार है। विवेक अग्निहोत्री ने कहा, 'कोविड-19 महामारी दुनियाभर में हर किसी के लिये एक मुश्किल वक्त लेकर आई थी और किसी को पता नहीं था कि आखिर हम पर किसने हमला किया है। इससे भी ज्यादा मुश्किल बात थी इलाज ढूंढना, एक टीका जो सुनिश्चित करे कि हममें से किसी को भी यह बीमारी दोबारा न हो। समय के साथ हुई इस लड़ाई में हमारे देश के मेडिकल विशेषज्ञों ने मानवजाति की रक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी। ये गुमनाम नायक सचमुच लड़ाई के विजेता है, जो उस वायरस के खिलाफ थी, जिसे समझना ही बड़ा मुश्किल था। मेरे लिये यह फिल्म उन सभी नायकों को दिया गया एक सम्मान है। मुझे बहुत खुशी है कि 'द वैक्सीन वार' डिज़्नी+ हॉटस्टार पर आ रही है, क्योंकि इससे दुनियाभर में दर्शकों को पता चलेगा कि टीका खोजने के लिये हमारे डॉक्टरों ने किस हद तक काम किया। अनुपम खेर ने कहा, 'द वैक्सीन वार' दुनिया के सामने भारत की ताकत दिखाती है, जब हर कोई अपने रोजमर्रा के काम भी नहीं कर पा रहा था। भारतीय बायोटेक इंजीरियरों की शानदार टीम हमें कोविड-19 से सुरक्षित रखने वाला टीका खोजने में व्यस्त थी। विवेक अग्निहोत्री और उनकी टीम ने बेहतरीन तरीके से उनके संघर्ष, लड़ाई और उपलब्धि पाने की प्रेरणा को पेश किया है। मुझे बहुत खुशी है कि यह फिल्म डिज़्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है और गुमनाम नायकों की यह कहानी कई भारतीयों तक पहुँच सकेगी। नाना पाटेकर ने कहा, 'द वैक्सीन वार' ऐसी कहानी है, जिसे बताना यकीनन जरूरी था- क्योंकि यह उनकी कहानी है, जिन्होंने एक जानलेवा महामारी का समाधान तलाशने के लिये अपनी जान को जोखिम में डाला। जब विवेक इस फिल्म की पटकथा लेकर मेरे पास आये, तब इनकार करने का कोई सवाल ही नहीं उठता था और मैंने पलक झपकते ही 'हां' कह दिया! इन डॉक्टरों की कहानी बताना मेरे लिये महत्वपूर्ण था, क्योंकि कोई नहीं जानता कि लगभग दो साल तक वह कैसे-कैसे हालातों से गुजरे।

हम नागरिकों के पास अपने घर में रहने का विकल्प था, लेकिन उनके पास नहीं। उन्हें बाहर निकलना था और अपनी जान जोखिम में डालनी थी, जिससे महामारी को रोका जा सके। इस फिल्म के डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने से दुनिया में कई लोगों को मेडिकल के क्षेत्र में भारत की कुशलता का पता चलेगा और वो ये भी देखेंगे कि डॉक्टरों ने महामारी के लिये टीका खोजने में आखिर कितनी मेहनत की।

## मुनव्वर फारुकी और रश्मीत कौर का गाना 'प्यार की बहार' रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** संगीतकार-कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी और गायिका-गीतकार रश्मीत कौर का रोमांटिक पंजाबी डांस नंबर 'प्यार की बहार' रिलीज हो गया है। प्यार की बहार रश्मीत कौर द्वारा गाया और संगीतबद्ध किया गया है, और मुनव्वर फारुकी, रश्मीत कौर और आईपी सिंह द्वारा लिखा गया है। यह गाना सौरभ लोखंडे द्वारा निर्मित, अभिषेक घटक द्वारा मिक्स और व्हिटफील्ड मास्टरींग द्वारा मास्टर किया गया है। गाने पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए रश्मीत कौर ने कहा, प्यार की बहार बनाना एक खूबसूरत यात्रा रही है। जब मैंने इस ट्रैक के एक विस्तारित संस्करण की कल्पना की, जो मूल रूप से मेटा के 1-मिनट के संगीत अभियान का एक हिस्सा था, तो मुनव्वर वह तत्काल नाम था जो मेरे दिमाग में उछला। उनकी रैप शैली मेरे साथ मेल खाती है लेकिन इस सहयोग में, उन्हें इस तरह से प्रस्तुत किया गया है जो पहले कभी नहीं देखा गया है। मुनव्वर का आनंददायक, जोशीला संगीत पक्ष जो ताज़ा है। हमने जो गाना बनाया है वह मस्ती, रोमांस और डान्स का एक आनंदमय मिश्रण है।

## टाइगर 3 ने 250 करोड़ की कमाई

एजेंसियां



**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 ने 250 करोड़ की कमाई कर ली है। सलमान खान ,कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म टाइगर 3 दीवाली के अवसर पर 12 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है।'टाइगर 3' दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। टाइगर 3 ने अपने पहले सप्ताह में 220 करोड़ की कमाई की थी। यशराज बैनर तले बनी 'टाइगर 3', टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है, जो 2012 में 'एक था टाइगर' से शुरू हुई थी। यह 2017 में 'टाइगर जिदा है' के साथ जारी रही।

## टाइगर 3 की सफलता से खुश हैं सलमान खान



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान 'टाइगर 3' की सफलता से खुश हैं। सलमान खान ,कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म टाइगर 3 दीवाली के अवसर पर 12 नवंबर को हिंदी, तमिल और तेलुगु में सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है।टाइगर 3 ने 250 करोड़ की कमाई कर ली है। सलमान खान टाइगर 3 की सफलता से खुश हैं।सलमान के पास अब दीवाली पर रिलीज़ होने वाली बड़ी कमाई वाली फिल्मों में टाइगर 3 और प्रेम रतन धन पायो शामिल है। सलमान खान ने कहा, यह काफी उत्साहजनक है कि मेरे दो सबसे पसंदीदा किरदार प्रेम और टाइगर ने दीवाली पर लोगों का इतना मनोरंजन किया है! एक अभिनेता के रूप में, मैंने केवल अपने ब्रांड के सिनेमा के माध्यम से लोगों के लिए यादें बनाने पर ध्यान दिया है और मैं भाग्यशाली हूं कि उन्होंने मुझे वापस प्यार किया है।मील के पत्थर हमेशा खास होते हैं लेकिन इससे भी अधिक आश्चर्यजनक बात ऐसे किरदार बनाना है जो दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए रहते हैं। मुझे उम्मीद है कि लोग प्रेम और टाइगर को हमेशा समान रूप से पसंद करेंगे क्योंकि मेरे लिए इन दोनों किरदारों ने मुझे सर्वसम्मति से सराहना दी है। इसलिए, मैं एक को दूसरे के ऊपर नहीं चुन सकता। मुझे खुशी है कि प्रेम और टाइगर ने सभी आयु वर्ग के परिवारों और दर्शकों के लिए दिवाली को खास बना दिया है। उल्लेखनीय है कि टाइगर 3 से पहले इस फ्रेंचाइजी के दो पार्ट एक था टाइगर (2012) और टाइगर जिंदा है (2017) रिलीज हो चुके हैं। यशराज बैनर तले बनी फिल्म टाइगर 3 का निर्देशन मनीष शर्मा ने किया है।

## प्रदेश >> अपडेट

### प्रेशर बम की चपेट में आने से ग्रामीण घायल

जगदलपुर: छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में आज सुबह माओवादियों द्वारा लगाये गये प्रेशर बम की चपेट में आने से एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीण को जवानों ने बेहतर इलाज के लिए आंध्रप्रदेश के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस के अनुसार आंध्रप्रदेश सीमा से लगे धरमाराम गांव निवासी चन्द्रैया सुबह चितावागु नदी में मछली पकड़ने गया था।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कश्मीर सरकार के चार कर्मचारी बर्खास्त

श्रीनगर: केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने आतंकवादियों के साथ संबंधों के आरोप में एक डॉक्टर सहित चार कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। सरकारी कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कर्मचारियों को संविधान के अनुच्छेद के तहत बर्खास्त किया गया था, जो सरकार को कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगे बिना या उनके आचरण की जांच का आदेश दिए बिना उन्हें बर्खास्त करने की अनुमति देता है। अधिकारियों ने बताया कि श्री महाराजा हरि सिंह (एसएमएचएस) अस्पताल के सहायक प्रोफेसर डॉ. निसार-उल-हसन, पुलिस कांस्टेबल अब्दुल मजीद भट, शिक्षक फारूक अहमद मीर और उच्च शिक्षा विभाग में प्रयोगशाला के प्रभारी अब्दुल सलाम राथर को बर्खास्त करने का आदेश सोमवार को दिया गया, जो बारामूला जिले के सोपोर निवासी डॉ. निसार डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर (डीएके) के अध्यक्ष भी थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### राजशरण शाही दोबारा बने एबीवीपी के अध्यक्ष

लखनऊ : बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय(बीबीएयू),लखनऊ में प्रोफेसर डॉ राजशरण शाही को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पुनर्निर्वाचित किया गया है। एबीवीपी के मीडिया संयोजक आशुतोष सिंह ने गुरुवार को यहां बताया कि विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री के पद पर याज्ञवल्क्य शुक्ल निर्वाचित हुए है। एबीवीपी के मुंबई कार्यालय से चुनाव परिणामों की घोषणा की गयी है।

### अगरतला में 23 नवंबर से शुरू होगा विरासत उत्सव

अगरतला: गांधीवादी दर्शन में विश्वास रखने त्रिपुरा के युवा विकास केंद्र ने युवा पीढ़ी के बीच राष्ट्रीय एकता और विरासत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यहां गुरुवार से एक सप्ताह तक चलने वाले विरासत उत्सव का आयोजन करेगा। आयोजकों के अध्यक्ष तपन लोध ने कहा कि देश के 25 राज्य महोत्सव में भाग लेंगे और अपनी संस्कृति तथा पारंपरिक विरासत का प्रदर्शन करेंगे। यह उत्सव भाग लेने वाले संगठनों को अन्य राज्यों के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान-प्रदान करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, भारतीय राज्यों के अलावा पड़ोसी देश भूटान, नेपाल, बंगलादेश और इंडोनेशिया के प्रतिनिधियों के इस उत्सव में शामिल होने की संभावना है। लोग विभिन्न उद्देश्यों से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा रहे हैं, लेकिन उन्हें संस्कृति और परंपरा के मुद्दे पर एक-दूसरे से बातचीत करने की गुंजाइश नहीं मिल रही है। यह उत्सव युवाओं के लिए एक मंच प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री डॉ माणिक साहा युवा मामलों के मंत्री के साथ स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में एक सप्ताह तक चलने वाले महोत्सव का उद्घाटन करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पड़ोसी देशों के सैकड़ों उद्यम अपने पारंपरिक व्यंजनों, हथकरघा, हस्तशिल्प और उत्पादों के साथ उत्सव में शामिल होंगे।

**तकनीक** ड्रोन जैसे रूसी हथियारों से अब बचाव करने की तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं

# यूक्रेन के पास रूसी हमला रोकने का बेहतर विकल्प

- रूस के ड्रोन यूक्रेन के किसी भी हिस्से को निशाना बना रहे हैं
- ड्रोन तकनीक तेजी से विकसित हो रही है



एजेंसियां

**कियेब:** रूसी सेना ने पहले की रणनीति को बदलते हुए अब अपेक्षाकृत सस्ते हथियारों से नुकसान पहुंचाना जारी रखा है। इसके तहत टैंक, हेलीकॉप्टर या विमान का हमला कम हो रहा है। रूस के ड्रोन यूक्रेन के किसी भी हिस्से को निशाना बना रहे हैं। इन हमलों को रोकने की दिशा में अब यूक्रेन के पास अच्छी तकनीक मौजूद है। यूक्रेन इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में रूस से पीछे है, जिससे रक्षा उद्योग को यूएएस के उपयोग में वृद्धि के जवाब में नवीन नई प्रणालियों का परीक्षण और विकास करने का अवसर मिला है।

यूक्रेनी सैनिक मुख्य रूप से ड्रोन जैसे रूसी हथियारों से अब बचाव करने की तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिन्होंने इमारतों, बख्तरबंद वाहनों और जमीन पर सैनिकों को निशाना बनाया है। नाटो के सदस्य देशों ने, रक्षा कंपनियों के सहयोग से, युद्ध के मैदान में बढ़त प्रदान करने और सैनिकों और नागरिकों के जीवन की रक्षा करने की उम्मीद में यूक्रेन को नवीनतम सी-यूएएस तकनीक की आपूर्ति की है। सी-यूएएस सिस्टम की कई श्रेणियां हैं, और ड्रोन तकनीक तेजी से विकसित हो रही है। अमेरिका ने यूक्रेन को 14 व्हीकल एग्नोस्टिक मॉड्यूलर पैलेटाइज्ड आईएसआर रॉकेट इक्विपमेंट (वैम्पायर) सिस्टम हस्तांतरित किए।

इस अपेक्षाकृत कम लागत वाली प्रणाली को कुछ घंटों के भीतर एक वाहन पर स्थापित किया जा सकता है, इसे चार 70 मिमी रॉकेट या समान लेजर-निर्देशित युद्ध सामग्री से लैस किया जा सकता है। ये सफल होते हुए भी तीन प्रणालियाँ और उनके कई समकक्ष केवल उनकी पहचान और लक्ष्यीकरण तकनीक के समान ही प्रभावी हैं, और जैसे-जैसे यूएएस तकनीक में सुधार जारी है, ड्रोन अधिक गुप्त और ट्रैक करने में अधिक कठिन होते जा रहे हैं। अधिकांश प्रणालियाँ ड्रोन झुंड से बचाव करने में लगातार विफल रहती हैं और ये हथियार प्रणालियाँ अपेक्षाकृत कम दूरी में केवल सीमित संख्या में लक्ष्यों को ही निशाना बना सकती हैं। इस प्रकार के सी-यूएएस सिस्टम या तो रेडियो फ्रीक्वेंसी जैमिंग या जीएनएसएस जैमिंग का उपयोग करते हैं, जो ड्रोन के जीपीएस उपग्रह लिंक से कनेक्शन को बाधित करता है।

ये हथियार अक्सर हाथ में रखे जाते हैं, और सैकड़ों विभिन्न मॉडल बनाए गए हैं। लिथुआनिया ने हाल ही में हजारों स्काईवाइपर इलेक्ट्रॉनिक ड्रोन मिटिगेशन 4 सिस्टम (ईडीएम4एस) और स्काईवाइपर ओमनी वितरित किए। एनटी सर्विस ने ड्रोन में आरएफ नियंत्रण और नेविगेशन सिस्टम को बाधित करने के लिए इन उपकरणों को विकसित किया, जिससे वे नियंत्रण खो बैठे। इन जैमिंग उपकरणों का यूक्रेन में व्यापक उपयोग देखा गया है। 3-5 किलोमीटर (1.7-3.1 मील) की रेंज और केवल 6.5 किलोग्राम (14.3 पाउंड) वजन के साथ इनका उपयोग करना आसान साबित हुआ है और इसे व्यापक रूप से तैनात किया जा सकता है।

## इजरायलियों, फिलिस्तीनियों को ऑस्ट्रेलियाई वीजा



एजेंसियां

**कैनबरा:** इजरायल और हमास के बीच संघर्ष बढ़ने के बाद से दो हजार से अधिक फिलिस्तीनियों और इजरायलियों को अस्थायी ऑस्ट्रेलिया का वीजा दिया गया है। आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। गृह विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार गत सात अक्टूबर से 20 नवंबर के बीच ऑस्ट्रेलिया से संबंध रखने वाले 2,500 से अधिक फिलिस्तीनियों और इजरायलियों को वीजा दिए गए। इनमें से 860 फिलिस्तीनियों के लिए और 1,793 इजरायलियों के लिए थे। वांग ने कहा कि जाहिर तौर पर इस क्षेत्र में पात्र लोगों के लिए ऑस्ट्रेलियाई वीजा की बहुत मांग है। सरकारी मीडिया ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) के अनुसार इन लोगों को ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल और अधिकारियों द्वारा उसी सुरक्षा जांच के अधीन किया गया है जैसा कि किसी भी वीजा आवेदक को इसकी आवश्यकता होगी। समूह को उपवर्ग 600 आगंतुक वीजा जारी किए गए हैं, जो उन्हें तीन से 12 महीने के बीच ऑस्ट्रेलिया में रहने की अनुमति देते हैं। वोंग ने इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम की खबरों को एक 'महत्वपूर्ण और आवश्यक' कदम बताया लेकिन कहा कि अंतिम लक्ष्य क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति ही है।

## भाजपा गुर्जर समाज को भड़काने अब राजेश पायलट को बीच में ले आई: गहलोत



एजेंसियां

**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राजेश पायलट को लेकर दिए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हमेशा लोगों को भड़काने एवं गुमराह करने का काम किया है और अब गुर्जर समाज को भड़काने के लिए राजेश पायलट को बीच में ले आई हैं। गहलोत ने गुरुवार को यहां प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गुर्जर समाज को भडकाया जा रहा है लेकिन यकीन है कि जनता समझदार है और वह सब समझ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अंदर क्या हुआ, उस पर भी बयान दिए जा रहे हैं। गुर्जर समाज को भड़काने के लिए स्वर्गीय राजेश पायलट को बीच में लेकर आ गए। चुनाव के समय जनता को भड़काया जा रहा है और भड़काने को तो कई कारणों से भड़का देंगे। लेकिन भाजपा के शासन के समय प्रदेश में गुर्जर आरक्षण के दौरान 72 गुर्जर मारे गए तभी आरक्षण नहीं मिला और कांग्रेस सरकार के समय भी गुर्जर आंदोलन हुआ लेकिन हमने लाठीचार्ज भी नहीं होने दिया और प्यार से समझाकर आरक्षण भी दे दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के समय 22 बार फायरिंग हुई और 72 गुर्जर मारे गए और 12 दिन तक शव पड़े रहे थे। उसके बाद उनकी सरकार बदल गई हैं और मैं मुख्यमंत्री बना, उस दौरान भी धरना दिया गया और पटरी पर आंदोलन किया गया लेकिन प्यार से मामले को निपटाया गया और आरक्षण भी दिया गया। फिर भी भड़काया जा रहा है लेकिन अब जनता समझ चुकी है और इस बार भाजपा को इस चुनाव में सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा कि हम मिशन 156 लेकर चल रहे हैं और पूरा यकीन हैं कि इस बार कांग्रेस सरकार रिपीट करेगी। उन्होंने कहा कि जब केरल में रिपीट हो सकती है तो उसकी तरह यहां भी सरकार अवश्य रिपीट होगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अभिनेता भी बताते हुए कहा उन्होंने गुजरात में कहा था कि मारवाड़ी की बात मत मानो। मैं जब गुजरात का प्रभारी था तो उन चुनावों में कहा गया कि राजस्थानी घूम रहा है, मैं कहां जाउंगा।

# ईडी ने हैदराबाद में तलाश अभियान शुरू किया



एजेंसियां

**हैदराबाद:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सैयद बुरहानुद्दीन और अन्य से जुड़े धन शोधन के मामले यहां तलाश अभियान शुरू किया है। जांच एजेंसी की ओर से जारी बयान के मुताबिक जांच धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले से जुड़ी है। ईडी ने एक शिकायत के जवाब में हैदराबाद पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी (एफआईआर) के आधार पर जांच शुरू की है। शिकायत में कहा गया है कि सैयद बुरहानुद्दीन ने अपने सहयोगी वेंकटरमण यादव के माध्यम से नयी दिल्ली स्थित प्रवर्तन निदेशालय को एक झूठी शिकायत सौंपी थी जिसमें एक व्यक्ति पर धन शोधन , हवाला लेनदेन और अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि सैयद बुरहानुद्दीन ने नकली ईडी स्टांप का उपयोग करके फर्जी दस्तावेज तैयार किए, जिसमें ईडी द्वारा शिकायत की कथित पावती भी शामिल थी। कथित तौर पर, बुरहानुद्दीन ने शिकायतकर्ता को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी और 10 करोड़ रुपये में मामले को निपटाने की पेशकश की। उसने ईडी अधिकारियों और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के साथ अपने संबंध का झूठा दावा किया। ईडी की जांच में सैयद बुरहानुद्दीन के खिलाफ इसी तरह के आरोपों के साथ दर्ज कई एफआईआर का खुलासा हुआ, जिसमें विभिन्न संगठनों के उच्च:रैंकिंग अधिकारियों के साथ अपने संबंधों का गलत दावा करके मामलों को सुलझाने के लिए धोखाधड़ी वाले प्रस्तावों के साथ व्यक्तियों से संपर्क करने की लगातार कोशिश का खुलासा हुआ है। तलाशी अभियान के दौरान डिजिटल उपकरणों और आपत्तिजनक दस्तावेजों की बरामदगी और जब्ती हुई, जिसमें संपत्ति से संबंधित दस्तावेज, घरेलू और विदेशी दोनों संस्थाओं के साथ बुरहानुद्दीन के संबंधों के सबूत शामिल है।

## सिफर मामले में इमरान की पेशी के आदेश

एजेंसियां

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान में गुप्त राजनयिक केबल (सिफर) मामले की सुनवाई कर रहे विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने गुरुवार को पाकिस्तान तहरीक ए:इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को 28 नवंबर को इस्लामाबाद में संघीय न्यायिक परिसर (एफजेसी) में पेश करने का निर्देश। उल्लेखनीय है कि सिफर मामला राजनयिक दस्तावेज़ से संबंधित है। इसके बारे में संघीय जांच एजेंसी के आरोप पत्र में खान पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने इसे कभी वापस नहीं किया। पीटीआई लंबे समय से इस पर कायम है कि खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी



गई थी। पूर्व प्रधानमंत्री और उनके सहयोगी कुरेशी मौजूदा समय में सलाखों के पीछे बंद हैं और दोनों को 23 अक्टूबर को इस मामले में दोषी ठहराया गया था, लेकिन उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है। अदियाला जेल में मुकदमे पर सुनवाई चल रही है और चार गवाहों ने पहले ही अपने बयान दर्ज कर लिए हैं। पांचवें की जिरह तब की गई जब इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने जेल मुकदमे के लिए सरकार की अधिसूचना को 'गलत' करार दिया और पूरी कार्यवाही को रद्द कर दिया।

**प्रतिरोध** सात बख्तरबंद लड़ाकू वाहन नष्ट कर दिए - दुश्मन पीछे हट गया

# अवदीवका के पास रूसी हमलों में तीस फीसद वृद्धि

- यूक्रेनी सेना ने 13 हमलों को नाकाम कर दिया
- मैरींका और नोवोमीखाइलिव्का के पास, 18 रूसी हमले हुए
- अवदीवका के आसपास हर जगह स्थिति कठिन है



एजेंसियां

**कियेब:** यूक्रेन के तावरिया ऑपरेशनल कमांड के प्रवक्ता ऑलेक्जेडर श्टुपुन ने 22 नवंबर को रेडियो स्वोबोडा पर कहा कि रूस ने 22 नवंबर से पहले डोनेट्स्क ओब्लास्ट के अवदीवका के पास हमले की संख्या में तेजी से वृद्धि की है, जैसे-जैसे लड़ाई बढ़ती जा रही है, दोनों पक्षों को नुकसान हो रहा है और स्थिति बढ़ रही है। रूसी आक्रमण बलों ने 20 नवंबर को इस क्षेत्र में अपनी गतिविधि कम कर दी। हालांकि, 21 नवंबर को उन्होंने हमलों की संख्या लगभग 30 प्रतिशत बढ़ा दी। दिन के दौरान उनतीस हवाई हमले दर्ज किए गए। आक्रमणकारियों ने नोवोबाखमुतिव्का के पूर्व में, साथ ही अवदीवका, सेवरने और पेरवोमैस्के के क्षेत्रों पर असफल हमला किया। वहां, यूक्रेनी सेना ने 13 हमलों को नाकाम कर दिया। मैरींका और नोवोमीखाइलिव्का के पास, 18 रूसी हमले हुए। और आज कब्जेदारों ने हमले में लगभग एक दर्जन बख्तरबंद वाहनों को लगाया; वे स्तंभों में आगे बढ़ रहे थे, श्टुपुन ने कहा। हमारे सैनिकों ने दो टैंक, सात बख्तरबंद लड़ाकू वाहन नष्ट कर दिए - दुश्मन पीछे हट गया।

श्टुपुन ने कहा, अवदीवका के आसपास हर जगह स्थिति कठिन है, लेकिन नियंत्रण में है। अवदीवका कोक संयंत्र रूसियों के लिए एक लक्ष्य बना हुआ है, लेकिन यूक्रेन ने इस पर नियंत्रण जारी रखा है। रूसियों का यह भी दावा है कि अवदीवका सेक्टर में पहल उनके द्वारा की गई है। जब पिछले हफ्ते यूक्रेनी सेना या रूसी सेना द्वारा पदों या क्षेत्रों के किसी भी नुकसान के बारे में पूछा गया, तो श्टुपुन ने जवाब दिया, यदि कोई है, तो वे अस्थायी हैं ।

सक्रिय लड़ाई जारी है, और संपर्क की रेखा आगे-पीछे घट-बढ़ सकती है। इसलिए, न तो दुश्मन और न ही हम इस समय किसी स्थायी सफलता के बारे में बात करेंगे। जैसा कि 22 नवंबर को टेलीग्राम पर रिपोर्ट किया गया था, तवरिया ऑपरेशनल ग्रुप के कमांडर ऑलेक्जेडर टार्नवस्की के अनुसार, रूस ने एक दिन में अपनी ज़िम्मेदारी के क्षेत्र में 491 सैनिकों को खो दिया और सात ने आत्मसमर्पण कर दिया।

## न्यूज फटाफट

### फिलीपींस में आवासीय क्षेत्र में आग लगने से चार शिशुओं की मौत

मनीला: फिलीपींस के मध्य शहर सेबू में गुरुवार तड़के आवासीय क्षेत्र में आग लगने से चार शिशुओं की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सेबू सिटी कमांड सेंटर के अनुसार आग स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 05:51 बजे लगी। अग्निशमन कर्मियों ने सुबह लगभग 6:15 बजे आग पर काबू पाया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आग में करीब सात घर जलकर खाक हो गए। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### अमेरिका-कनाडा सीमा पर बफेलो हवाई अड्डा बंद नहीं: होचुल

वाशिंगटन: अमेरिका में न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने कहा है कि कनाडा और अमेरिका की सीमा पर कार विस्फोट के बाद बफेलो हवाई अड्डे ने सेवा बंद नहीं की है और सामान्य रूप से काम कर रही है। सु होचुल ने अपने बयान में कहा, पहले की रिपोर्टों के बावजूद बफेलो हवाई अड्डा बंद नहीं किया गया और सब कुछ सामान्य है। घरेलू उड़ानें अभी भी संचालित है और सेवा में कोई रुकावट नहीं आई है। उन्होंने कहा कि न्यूयॉर्क और कनाडा के बीच एमट्रैक की सेवाएं अस्थायी रूप से बंद है। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) अमेरिका और कनाडा के बीच रेनबो ब्रिज सीमा पर वाहन विस्फोट की जांच कर रही है। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गयी है।

### बाइडन ने माइली से द्विपक्षीय संबंधों की निरंतरता पर चर्चा की

वाशिंगटन: अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अर्जेंटीना के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली से टेलीफोन पर बात की और दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को जारी रखने के महत्व पर चर्चा की। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान के मुताबिक बाइडेन और माइली ने आर्थिक मुद्दों, क्षेत्रीय एवं बहुपक्षीय सहयोग और साझा प्राथमिकताओं पर अमेरिका और अर्जेंटीना के बीच मजबूत संबंधों को जारी रखने के महत्व पर चर्चा की। बयान में कहा गया है कि बाइडेन ने माइली को उनके चुनाव के लिए बधाई दी और अर्जेंटीना के लोकतांत्रिक संस्थानों की ताकत के प्रमाण के रूप में चुनावी प्रक्रिया की सराहना की। गौरतलब है कि दक्षिणपंथी उदारवादी नेता माइली ने अर्जेंटीना में राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की है। उनका आधिकारिक तौर पर 10 दिसंबर को पदभार ग्रहण करने का कार्यक्रम है। वह अमेरिकी डॉलर के लिए राष्ट्रीय मुद्रा को त्यागने तथा इज़राइल और अमेरिका के साथ उन्मुख विदेश नीति की वकालत करते हैं। वह ब्रिक्स में शामिल होने के भी खिलाफ हैं।

### स्पेन में ट्रेड यूनियनों की हड़ताल, हजारों ट्रेनें रद्द

मेड्रिड: स्पेन में ट्रेड यूनियनों के हड़ताल के आान के मद्देनजर राष्ट्रीय रेल नेटवर्क रेनफे ने 1,548 मध्यम और लंबी दूरी की ट्रेनों को रद्द कर दिया है। श्रमिकों के अधिकारों की गारंटी की मांग को लेकर स्थानीय ट्रेड यूनियनों ने 24 और 30 नवबंर तथा 01, 04 और 05 दिसंबर को हड़ताल का आान किया है। हड़ताल में 15,000 श्रमिकों के शामिल होने की उम्मीद है। रेनफे ने ट्रेनों के रद्द किये जाने से प्रभावित यात्रियों को यथासंभव शेड्यूल पर रहने वाली अन्य ट्रेनों के लिए अपने टिकटों का आदान:प्रदान करने की पेशकश की है। यात्री अपना टिकट नि:शुल्क रद्द या दूसरी तारीख के लिए बदल भी सकेंगे। स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते ने मंगलवार को अपना पदभार संभाला है। उन्होंने कहा है कि विवाद के समाधान के लिए यूनियनों के साथ फिर से संपर्क शुरू करेंगे। इससे पहले पूर्व मंत्री की टीम के साथ बैठकें विफल रही थी।

### जिनपिंग ने दी अर्जेंटीना के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर मिलाई को बधाई

बीजिंग : चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हाल ही में निर्वाचित अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलाई को बधाई दी और दोनों देशों के मिलकर काम करने की उम्मीद जतायी। जिनपिंग ने अपने बधाई संदेश में कहा चीन और अर्जेंटीना, दोनों प्रमुख विकासशील देश और उभरती अर्थव्यवस्थाएं, आपसी सम्मान, समानता और पारस्परिक लाभ के लिए प्रतिबद्ध हैं और एक:दूसरे के मूल हितों से संबंधित मुद्दों पर एक:दूसरे का दृढ़ता से समर्थन करते हैं। यह देखते हुए कि विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग से दोनों लोगों को ठोस लाभ हुआ है, जिनपिंग ने कहा कि चीन-अर्जेंटीना मित्रता ने दोनों लोगों के दिलों में गहरी जड़ें जमा ली हैं और यह जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के बीच आम सहमति बन गई है। दोनों देश चीन:अर्जेंटीना संबंधों के विकास को आगे बढ़ाएंगे। चीन के राष्ट्रपति ने कहा मैं चीन:अर्जेंटीना संबंधों के विकास की बहुत सराहना करता हूं और हमारी दोस्ती को आगे बढ़ाने, दोनों देशों में जीत:जीत सहयोग के माध्यम से विकास तथा कायाकल्प को बढ़ावा देने एवं चीन:अर्जेंटीना संबंधों के मजबूत व निरंतर विकास को बढ़ावा देने साथ ही दोनों लोगों को बेहतर लाभ पहुंचाने के लिए माइली के साथ काम करने को तैयार हूं।

## आज का इतिहास

- 1675 : सिक्खों के नौवें गुरु गुरु तेग़ बहादुर का निधन हुआ।
- 1759 : इटली में विसूवियस पर्वत शिखर पर ज्वालामुखी विस्फोट हुआ।
- 1831 : ब्रिटेन के भौतिकशास्त्री माइकल फेरेडे ने बिजली की खोज की।
- 1832 : दक्षिण कैरोलिना ने अधिसूचना का अध्यादेश पारित किया।
- 1859 : चार्ल्स डार्विन की 'ऑन द ओरिजिन आफ स्पेशीज' का प्रकाशन।
- 1871 : राष्ट्रीय राइफल एसोसिएशन का आयोजन किया गया।
- 1874 : अमेरिका के खोजकर्ता जोसेफ फरवेल ग्लिडन ने वाणिज्यिक रूप से सफल कांटेदार तार का पेटेंट हासिल किया।
- 1877 : डिप्टी कमिश्नर बनने वाले पहले हिंदुस्तानी कवासाजी जमाशेदजी पेटिगरा का जन्म।
- 1899 : प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एवं राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री हीरा लाल शास्त्री का जन्म हुआ।
- 1903 : क्लाइड कोलमैन ने ऑटोमोबाइल इलेक्ट्रिक स्टार्टर का पेटेंट कराया।
- 1904 : पहला सफल कैटरपिलर ट्रैक का निर्माण किया गया।
- 1914 : बेनिटो मुसोलिनी को इटालियन समाजवादी पार्टी से बाहर निकाला गया।
- 1926 : प्रख्यात दार्शनिक अरविंदो को पूर्ण सिद्धि की प्राप्ति हुई।
- 1929 : प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा बिहार, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे मोहम्मद शफ़ी क़ुरैशी का जन्म हुआ।
- 1944 : प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं फिल्म निर्देशक अमोल पालेकर का जन्म हुआ।
- 1955 : इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और अब कमेंटेटर इयान बॉथम का जन्म हुआ।
- 1961 : विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूएफपी) को संयुक्त राष्ट्र के अस्थायी कार्यक्रम में शामिल किया गया।
- 1966 : कांगो की राजधानी किंसासा में पहला टीवी स्टेशन खुला।
- 1976 : पूर्वी तुर्की में ओलादिरन:मुरादी के भूकंप ने कम से कम 4,000 लोगों की जान ली।
- 1988 : एंटी डिफेक्शन कानून के तहत पहली बार लोकसभा सांसद लालदूहोमा को अयोग्य करार दिया गया।
- 1992 : चीन का घरेलू विमान दुर्घटनाग्रस्त, 141 लोगों की मौत।
- 2001 : तुर्की (अब तुर्किये) की ग्रैंड नेशनल एसेम्बली ने देश के कानून में बदलाव करके महिलाओं को कानूनी तौर पर पुरुषों के बराबर ला खड़ा किया।

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची शुक्रवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

24.11.2023


## ग्रामीण एसपी का फर्जी एकाउंट बनाया

रांचीः साइबर अपराधियों द्वारा रांची के ग्रामीण एसपी के नाम से फर्जी फेसबुक अकांउट बना कर ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है।साइबर अपराधियों ने रांची के ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो के नाम से फेसबुक आईडी बना कर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे थे। उस अकांउट से ठगों ने कई लोगों को मैसेज भेजा। मैसेंजर के जरिए ठगी का प्रयास किया जा रहा है। मामला संज्ञान में आ चुका है।

सफलता

### स्वास्थ्य विभाग और वूमेन डाक्टर्स विंग को मिली बहुत बड़ी सफलता

# सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन में बनाया कीर्तिमान

- पूरे देश में लगातार जांच और ईलाज
- पहला राज्य जहां ऐसा अभियान चलाया
- करीब पौने तीन लाख महिलाओं की जांच



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड में महिलाओं के लिए खास तौर पर प्रारंभ किया गया सर्वाइकल उन्मूलन अभियान पूरे देश में उल्लेखनीय रहा है। इस उपलब्धि के आंकड़ों को देखते हुए अपर मुख्य सचिव ने सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन अभियान में वूमेन डॉक्टर्स विंग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के साथ आधिकारिक पार्टनर बनाने का निर्देश दिया वर्ष 2021 में बने झारखंड मॉडल के अनुसार लक्ष्य था 2,70684 प्रजनन क्षमता वाली ऐसी महिलाओं की स्क्रीनिंग का जिन्हें सर्वाइकल कैंसर के लक्षण है या जो हाई रिस्क कैटेगरी की है।

आज अपर मुख्य सचिव एवं स्वास्थ्य सचिव अरुण सिंह की अध्यक्षता में वूमेन डॉक्टर विंग झारखंड के उपस्थिति में कार्सिनोमा सर्विक्स की स्क्रीनिंग से संबंधित समीक्षा बैठक आहूत की गई। इस बैठक में राज्य के सभी सिविल सर्जन सरकारी स्त्री रोग विशेषज्ञों सभी जिले के अस्पताल प्रबंधन और उपाधीक्षकों को ऑनलाइन जोड़ा गया। पूरे राज्य की हर जिले की सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग और राज्य में पाए गए संदिग्ध मरीज और उनके इलाज की 7 महीने की रिपोर्ट जो हर जिले से भेजी गई थी उनकी समीक्षा की गई। अप्रैल 2023 से अक्टूबर 2023 तक सबसे ज्यादा सर्वाइकल कैंसर के संदिग्ध मरीज लोहरदगा 63, देवघर 46, खूंटी 44,रांची 39, हजारीबाग 32, बोकारो 25, पूर्वी सिंहभूम 25, धनबाद 22, पाकुड़ 17, और गोड्डा 16 मिले है।

ज्ञातव्य हो कि राज्य के भारत सरकारी अस्पतालों में सर्वाइकल कैंसर की जांच और इलाज की मशीन भी लगाई गई है। पिछले 7 महीना में रिम्स द्वारा टाटा ट्रस्ट आउटरीच और टाटा ट्रस्ट कियोस्क की सहायता से 10274 स्क्रीनिंग की गई है।

पिछले 2 साल 7 महीने में पूरे राज्य में सर्वाइकल प्री कैंसर के कुल 1009 संदिग्ध मरीज मिले। पिछले 7 महीने में राज्य में सर्वाइकल प्री कैंसर के कुल 441 संदिग्ध मरीज मिले हैं। इस अभियान को प्रारंभ करने के पहले ही देश के शीर्ष कैंसर स्त्री रोग विशेषज्ञों के साथ लंबे विचार विमर्श के बाद यह निष्कर्ष निकला कि विश्व स्वास्थ्य संगठन सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन नीति के तीसरे भाग को लेकर हम चले और इसे झारखंड में लागू करें तो झारखंड जैसे कम संसाधन वाले राज्य में सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन में काफी सफलता मिल सकती है । यह तीसरा भाग यह है कि 90 प्रतिशत गर्भाशय ग्रीवा की सूजन वाली महिलाओं की स्क्रीनिंग एवं इलाज कर दिया जाए तो सर्वाइकल कैंसर पर रोकथाम लग सकती है।

शीर्ष केंसर स्त्री रोग विषेशज्ञों से विचार विमर्श कर यह निष्कर्ष निकला कि राज्य के हर जिले में प्रजनन क्षमता वाली 6% महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग अनिवार्य करने से जिन्हें जननांग संबंधी सूजन के लक्षण है या जो हाई रिस्क कैटेगरी में आती है ऐसा करके हम गर्भाशय ग्रीवा की सूजन के 100% मरीजों की स्क्रीनिंग कर सकते हैं।

माननीय अपर मुख्य सचिव ने कहा कि विमेन डॉक्टर्स विंग इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के साथ स्वास्थ्य विभाग ने झारखंड मॉडल बनायाऔर लक्ष्य की प्राप्ति भी की इसलिए उन्होंने एक हफ्ते के अंदर वूमेन डॉक्टर विंग को सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन अभियान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का आधिकारिक पार्टनर बनाने का निर्देश दिया । उन्होंने डॉ भारती कश्यप द्वारा प्रस्तुत 2 साल 7 महीने के सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनीग की काफी सराहना की। उन्होंने राज्य में सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग के लिए चलाए जा रहे महीने के 48 महिला स्वास्थ्य शिविरों के अलावा 264 ब्लॉक के लिए हर महीना 264 महिला स्वास्थ्य शिविर लगाने का भी आदेश दिया जिसमें सदर अस्पताल से एक स्त्री रोग विशेषज्ञ को कैंप में भेजे जाने का प्रस्ताव दिया गया है। कैंप में सर्वाइकल कैंसर की संदिग्ध महिला को लाने के लिए सहित को प्रति मरीज 50 रुपये के मानदेय को भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

## ईडी ने हाईकोर्ट में सौंपी रिपोर्ट



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** बिरसा मुंडा जेल में बंद मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों द्वारा अफसरों को फंसाने की साजिश और गवाहों को धमकाने के मामले में ईडी ने गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट को सीलबंद रिपोर्ट सौंप दी। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की बेंच ने रिपोर्ट देखने के बाद ईडी से पूछा कि क्या वह इसे राज्य सरकार के साथ शेयर कर सकती है।

कोर्ट ने इस संबंध में ईडी को अगली सुनवाई की तारीख को प्रति-शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 15 दिसंबर को होगी। इससे पहले हाईकोर्ट ने 7 नवंबर को एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी से इस प्रकरण में सीलबंद रिपोर्ट मांगी थी। ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में दिए गए आवेदन में कहा था कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद कुछ अभियुक्त ईडी के अफसरों को झूठे मुकदमे में फंसाने और उन्हें नुकसान पहुंचाने की साजिश रच रहे हैं।

ईडी का कहना है कि मनी लॉन्ड्रिंग के अभियुक्त उनके अफसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों और अपराधियों के भी संपर्क में हैं। इसकी पूरी रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी थी। कोर्ट में दिए गए इसी आवेदन के मद्देनजर ईडी को तीन नवंबर को जेल में छापेमारी की इजाजत दी गई थी। इस दौरान एजेंसी ने जेल के कुछ सीसीटीवी फुटेज और जेल के हेड क्लर्क दानिश का मोबाइल जब्त किया था। जांच में जानकारी मिली कि दानिश मोबाइल से मनी लॉन्ड्रिंग के गवाहों को धमकी दे रहा था। उसके मोबाइल में कई गवाहों के नंबर और बातचीत की रिकॉर्डिंग मिली है।

## नक्सलियों के स्पाइक होल से सब इंस्पेक्टर घायल

**रांची :** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित हेसाबंद में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान नक्सलियों के बनाये स्पाइक होल की चपेट में आने से सीआरपीएफ-60 बटालियन के सब इंस्पेक्टर परविंदर सिंह घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने आज बताया कि घायल जवान को बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया और उसे मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है । उनके पांव में लोहे का रॉड आर-पार हो गया था। सीआरपीएफ अधिकारियों के अनुसार घायल जवान की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बीते 17 नवम्बर को गोइलकेरा में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में शामिल सीआरपीएफ के तीन जवान आईईडी की चपेट में आकर घायल हो गये थे।

## युवराज पासवान की हत्या हो उच्च स्तरीय जांच: अमर

राष्ट्रीय खबर



**मांडर:** मांडर के संत जॉन्स हाईस्कूल के हॉस्टल में चतरा जिला के हंटरगंज निवासी दलित छात्र युवराज पासवान की संदिग्ध मौत के संवेदनशील मामले को पुलिस प्रशासन एवं सत्ता पक्ष के दबंग नेता हर कीमत पर दबाने का प्रयास कर रहे है। आनन फानन में पुलिस प्रशासन और स्कूल प्रबंधन ने बिना किसी मजिस्ट्रेट की मौजुदगी में मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम कर शव की अत्येष्टी का दबाब परिजनों पर कर पूरे मामले को रफा दफा करने का प्रयास किया है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा इस पूरे मामले की जांच मोर्चा स्तर पर गंभीरता से कर रही है। उक्त बातें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कही। उन्होंने 19 नवंबर 2023 को हुए संत जॉन्स हाईस्कूल के हॉस्टल परिसर में युवराज पासवान की संदिग्ध मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि मृतक के परिजनों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाया है कि युवराज के पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट में छेड़ छाड़ किया गया है। युवराज पासवान ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उसकी हत्या कर उसे कुँआ में डाल दिया गया था। परिजनों ने यहां तक बताया कि सत्ता पक्ष के एक दबंग नेता बार बार फोन कर स्थानीय पुलिस प्रशासन पर दबाब बना कर मानले को रफा दफा करने का प्रयास कर रहे है। परिजनों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन ने अभी तक किसी तरह का कोई भी साक्ष्य आत्महत्या का प्रस्तुत नहीं किया है।

अमर कुमार बाउरी ने बताया कि जिस कुंआ से युवराज का शव बरामद किया गया है उस कुंआ के उपर जाली लगा हुआ है, वहीं स्कूल प्रबंधन भी किसी तरह का कोई साक्ष्य युवराज के आत्महत्या का प्रस्तुत नहीं किया है। जिससे साफ लग रहा है कि इस पूरे मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ही सत्ता पक्ष के दबंग नेता इस पुरे मामले को दबाने का प्रयास और दबाब पुलिस प्रशासन एवं रिम्स प्रबंधन पर बना रहे है, जिसे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बरदास्त नहीं करेगी और युवराज पासवान को न्याय दिलवाने के लिए सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेगी। अमर कुमार बाउरी ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच, मृतक के परिजन को 25 लाख रुपये का मुआवजा एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग राज्य सरकार से की। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऐसे मामले को गंभीरता से लें ताकि भविष्य में किसी भी छात्र के साथ ऐसी लापरवाही न हो और उनके जीवन के साथ खिलवाड़ न हो सके। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश की जांच कमिटी में प्रदेश महामंत्री रंजय भारती, प्रदेश मंत्री कमलेश राम, प्रदेश मंत्री विशाल वाल्मीकि शामिल थे।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में चोरी

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय धुर्वा में चोरी हुई है। दीपावली के दौरान जब स्कूल की छुट्टी थी, तब चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया। चोरों ने स्कूल में लगे ताले को तोड़कर मध्याह्न भोजन की सामग्री सहित भोजन बनाने का सारा सामान उड़ा ले गये। इस संबंध में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एस तिग्गा ने जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि स्कूल में 13 से 15 नवंबर तक दीपावली का अवकाश था। 16 नवंबर को जब स्कूल खुला तो जानकारी मिली कि स्कूल से मध्याह्न भोजन बनाने के लिए रखा गया दो सिलिडेंर, एक गैस चुल्हा, 50 किलो चावल, तीन पीस डेग, एक बड़ा गमला, दो छोटा डेंग व अन्य खाद्यान्न सामग्री गायब हैं। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। लेकिन फिलहाल चोरों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

## होमगार्ड के कंपनी कमांडर सम्मानित

**रांची :** विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने के लिए झारखंड होमगार्ड के कंपनी कमांडर सम्मानित किये गये। संजीव कुमार को मध्य प्रदेश के सिवनी जिला के एसपी राकेश कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि संजीव कुमार ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान प्रतिनियुक्त किये गये झारखंड होमगार्ड के जवानों को अनुशासन बनाये रखने में और उनके रहने-खाने का प्रबंध प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर अच्छी तरह से किया।

# पूजा सिंघल मामले में तीन लोगों की गवाही दर्ज

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में ईडी की ओर से तीन गवाहों को प्रस्तुत किया गया। अदालत ने तीनों गवाहों की गवाही दर्ज की। ईडी ने मामले में गौतम राय, सुजीत कुमार और पंचवटी बिल्डर्स के प्रमोटर आलोक सरावगी की गवाही करायी। तीनों गवाहों को अदालत ने गवाही के लिए पिछले दिनों समन भेजा था। उसी समन पर तीनों अदालत गवाही देने पहुंचे। जांच में यह बात सामने आई थी कि सरावगी बिल्डर्स ने ही पल्स अस्पताल के लिए जमीन को खरीदा था। पहले यह जमीन रूंगटा परिवार के कब्जे में था। गवाहों ने पूजा सिंघल से हुई लेन-देने के बारे में अदालत को बताया। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष के वकील ने गवाहों का प्रति-परीक्षण किया। जिरह पूरी होने के बाद अदालत ने तीनों गवाहों को डिस्चार्ज किया। साथ ही मामले में अगली सुनवाई की तारीख पांच दिसंबर निर्धारित की है। मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है। ईडी ने मामले में इससे पूर्व श्रीराम ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजर एवं पल्स बिल्डिंग बनाने वाला ठेकेदार की गवाही दर्ज करा चुकी है।

## हत्या के मामले में एक गिरफ्तार

**रांची :** झारखंड के सरायकेला खरसावां जिले में आरआईटी थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी में हाल ही में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस आज एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार ने गुरुवार को यहां बताया कि इस वर्ष 17 नवंबर को आरआईटी थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी में झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद किया गया था। मृतक की पहचान सूरज महानन्द उर्फ गोलू के रूप में की गई थी। उन्होंने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हुआ। डॉ. कुमार ने बताया कि इसके मद्देनजर कांड के त्वरित उद्भेदन के लिए उन्होंने छापेमारी दल का गठन किया।

### जिले के मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा गांव में

# धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ के आरोपी की मौत



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** जिले के मांडर थाना क्षेत्र के मुड़मा गांव में धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ के आरोपी की मौत हो गई। इसकी जानकारी रांची पुलिस ने बुधवार को पीसी कर दी। पुलिस ने बताया कि बीते 16-17 नवंबर की रात्रि को मांडर के मुड़मा बस्ती में अज्ञात असामाजिक व्यक्तियों ने कई धार्मिक स्थलों पर तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया था। इस संबंध में मनोहर साहु अध्यक्ष महाबीर मण्डली की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।मुख्य आरोपी की हो गई मौत इस घटना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए रांची ग्रामीण एसपी के निर्देश पर खलारी डीएसपी अंकिता राय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम को ग्रामीणों के द्वारा गुप्त सूचना मिली कि अप्राथमिकी अभियुक्त सुखदेव उरांव उर्फ जटू कि मौत हो गई है। प्राप्त सूचना के आधार पर मृतक के भाई सोमा उरांव और 2 एतवा उरांव को पुछताछ के लिए थाना पर लाया गया। पूछताछ के क्रम में इनदोनों के द्वारा बताया गया कि मुड़मा मेला के समय कुछ लोगों से दुकान लगाने की जगह को लेकर विवाद हुआ था। इसी प्रतिशोध में शराब के नशे में सुखदेव उरांव उर्फ जटू (मृत) जो मेरा भाई है, वह काफी अंदर ही अंदर आक्रोशित रह रहा था और इस संबंध में हमदोनों से भी बातचीत की थी। इस घटना को अंजाम सुखदेव उरांव उर्फ जटू के द्वारा दिया गया। इसकी जानकारी हमदोनों भाई को थी। लेकिन हम लोगों के डर से किसी को नहीं बताए और जल्दीबाजी में दाह संस्कार कर दिया। इस मामले में पुलिस ने सुखदेव उरांव के दोनों भाई सोमा उरांव और एतवा उरांव को गिरफ्तार कर लिया।

## सिंहभूम में फिर आईईडी विस्फोट में सीआरपी का जवान घायल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड पुलिस ने कहा कि गुरुवार को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के जंगल में माओवादी विरोधी अभियान के दौरान इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) फटने से सीआरपीएफ का एक कांस्टेबल घायल हो गया। पुलिस के एक बयान में कहा गया है कि प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादियों) द्वारा लगाए गए आईईडी में मुफस्सिल के हेसाबंध गांव के पास जंगल में विस्फोट हो गया, जब सीआरपीएफ, कोबरा, झारखंड जगुआर और जिला सशस्त्र पुलिस के सुरक्षाकर्मियों की एक टीम लाल विद्रोहियों के खिलाफ अभियान चला रही थी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (174 बटालियन) का एक कांस्टेबल, जिसकी पहचान हफीजुर रहमान के रूप में हुई है, विस्फोट में घायल हो गया और उसे इलाज के लिए रांची के एक अस्पताल में ले जाया गया। इसमें कहा गया है कि कांस्टेबल की हालत स्थिर बताई गई है और माओवाद प्रभावित इलाकों में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। इससे पहले पिछले हफ्ते गोइलकेरा के एक जंगल में आईईडी विस्फोट में एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे।

दूसरी तरफ उग्रवाद से लड़ने के लिए आंतरिक गांवों से भर्ती किए गए एक नए बल, बस्तर फाइटर का एक 21 वर्षीय कांस्टेबल, बुधवार दोपहर को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक क्षेत्र-वर्चस्व अभ्यास के दौरान एक तात्कालिक विस्फोटक उपकरण विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना दोपहर करीब 2.15 बजे की है, जब दंतेवाड़ा जिले से जिला रिजर्व गार्ड और बस्तर फाइटर के जवानों की एक टीम उर्सगल गांव की ओर बढ़ रही थी।


